CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C


नई दिल्ली, बुधवार 20 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 138 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 25 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई पेज 3


एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान खेल टाइम्स


मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण सम्पादकीय


25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर संकट पेज 12

## भारत को फर्टिलाइजर व रेयर अर्थ मेटल देगा चीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **जुलाई में इनका निर्यात बैन किया था**
- **दिल्ली पहुंचे चीनी विदेश मंत्री ने सहयोग का भरोसा दिया**

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत को उर्वरक, दुर्लभ खनिजों और सुरंग बनाने वाली मशीनों की आपूर्ति को लेकर उसकी चिंताओं के समाधान करने का भरोसा दिया है।

सूत्रों के अनुसार चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर को यह आश्वासन दिया है। श्री वांग ई सोमवार शाम दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे। उन्होंने श्री जयशंकर के साथ बातचीत में यह आश्वासन दिया। गौरतलब है कि दोनों मंत्रियों की पिछली मुलाकात गत महीने बीजिंग में हुई थी। तब उन्होंने एससीओके विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर द्विपक्षीय बैठक की थी। अपने उद्घाटन भाषण में डा. जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन अपने संबंधों में एक कठिन दौर से गुज़रे हैं, अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं, और इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि संबंधों को तीन परस्पर मूल्यों पारस्परिक सम्मान, पारस्परिक संवेदनशीलता और पारस्परिक हित द्वारा निर्देशित होना चाहिए। इसको मतभेद, विवाद या प्रतिस्पर्धा में नहीं बदलना चाहिए। डा. जयशंकर ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारी चर्चाएं भारत और चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देंगी।

## राहुल गांधी का भाजपा-चुनाव आयोग पर सीधा हमला

- **वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बिहार में वोट चुराने के लिए मिलीभगत करने का लगाया आरोप**
- **कहा : दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर कर रहे हैं काम**



**नवादा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर हमला बोला है और कहा है कि बिहार में वोट चुराने के लिए दोनों मिलीभगत कर रहे हैं।

श्री गांधी वोटर अधिकार यात्रा का नेतृत्व करते हुए तीसरे दिन नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने भगत सिंह चौक पर एक जनसभा को संबोधित किया और भाजपा तथा चुनाव आयोग के ऊपर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वे दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बिहार में लाखों लोग जिनके नाम पहले मतदाता सूची में थे, अब खुद का नाम गायब पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयुक्त मतदान का अधिकार छीनने की साजिश रच रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव और अन्य सहयोगी दलों के नेताओं सहित विपक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि बिहार का एक भी वोट चोरी न हो। उन्होंने भाजपा पर महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश में पहले भी चुनावों में चोरी करने का आरोप लगाया और कहा कि बिहार में भी मतदाता सूची के एसआईआर में हेराफेरी के जरिये इसी तरह की कोशिश चल रही है। इस सभा में एक स्थानीय किसान, सुबोध कुमार ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान करने और पोलिंग एजेंट के रूप में काम करने के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था।

### ताइवान पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि ताइवान को लेकर उसके पहले के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। चीन के विदेश मंत्रालय के हवाले से कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने सोमवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान यह माना कि ताइवान चीन का हिस्सा है। सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि इन मीडिया रिपोर्ट में किया गया दावा गलत है। उन्होंने कहा कि भारत के ताइवान के साथ रिश्ते आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित है। सूत्रों ने कहा कि ताइवान पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। हमने इस बात पर ज़ोर दिया कि दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह, भारत का ताइवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित रिश्ता है। हम इसे जारी रखने का इरादा रखते हैं।

### पैसेंजर का आरोप इंडिगो फ्लाइट में को-पायलट टॉयलेट में जबरदस्ती घुसा

**मुंबई।** मुंबई की एक महिला पैसेंजर ने इंडिगो फ्लाइट में अपने साथ गलत व्यवहार का आरोप लगाया है। सेफगोल्ड (जिटल गोल्ड प्लेटफॉर्म) की को-फाउंडर रिया चटर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर लिखा कि फ्लाइट के दौरान वे टॉयलेट गई थी, इसी दौरान को-पायलट ने टॉयलेट का गेट खोला और उन्हें देखने लगा। रिया ने लिखा कि इस घटना से वह बहुत डर गईं और खुद को असुरक्षित व अपमानित महसूस किया। उनका कहना है कि महिला क्रू ने इस मामले को हल्के में लिया और इसे सिर्फ असुविधा बताया। रिया ने कहा कि क्रू ने समझाने की कोशिश की कि को-पायलट ने शायद कुछ नहीं देखा होगा। बाद में मुझसे कहा गया कि वह कैप्टन और फर्स्ट ऑफिसर से कॉकपिट में जाकर मिलें, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई।

### अठावले लंदन में कोहिनूर ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित

**मुंबई।** केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख रामदास अठावले को लंदन में एक समारोह में 'भारत का कोहिनूर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। श्री अठावले को यह सम्मान दलितों, वंचितों और बहुजन समाज के सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए उनके पांच दशक लंबे प्रयासों का प्रतिफल है।

# राष्ट्रपति का अदालत से सलाह मांगना गलत नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## SC का मत: हम राय बदल सकते हैं, पुराना फैसला नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- **राष्ट्रपति-गवर्नर के फैसले लेने की डेडलाइन का मामला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों पर बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आर्टिकल 143 के तहत कोर्ट से राय मांगना गलत नहीं है।

मुर्मू ने मई में सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी कि क्या राष्ट्रपति या राज्यपाल विधेयकों पर फैसला लेने में अनिश्चितकाल तक देरी कर सकते हैं या कोई डेडलाइन तय की जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई समेत 5 जजों की बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति सलाहकारी अधिकारिता (एडवाइजरी ज्यूरिडिक्शन) में बैठी हैं, न कि अपील अधिकारिता (अपीलेट ज्यूरिस्डिक्शन) में। कोर्ट यह राय दे सकता है कि कोई फैसला सही नहीं है, लेकिन इससे पुराना फैसला अपने आप खत्म नहीं हो जाएगा।

### नाबालिग मुस्लिम जोड़े पर हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें 16 साल की मुस्लिम लड़की के अपने ही धर्म के पुरुष से विवाह को वैध करार देते हुए उन्हें मिल रही धमकियों से सुरक्षा प्रदान की गई थी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 2022 के एक आदेश के खिलाफ दायर विशेष अनुमति याचिका खारिज करते हुए एनसीपीसीआर से कहा कि उसे चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने एनसीपीसीआर से सवाल किया कि उसे धमकियों का सामना कर रहे जोड़े के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती क्यों देनी चाहिए? शीर्ष अदालत ने कहा कि एनसीपीसीआर के पास ऐसे आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। अगर दो नाबालिग बच्चों को उच्च न्यायालय द्वारा संरक्षण दिया जाता है, तो वह ऐसे आदेश को कैसे चुनौती दे सकता है। यह अजीब है कि जिसका काम बच्चों की सुरक्षा करना है।

## रिटायर्ड जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- **सुप्रीम कोर्ट में जज रह चुके, एनडीए के सीपी राधाकृष्णन से मुकाबला**
- **राहुल गांधी ने सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाए जाने का स्वागत किया**

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के उम्मीदवार के रूप में श्री रेड्डी के नाम का ऐलान किया। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी तथा तिरुचि शिवा, शिव सेना (उद्धव) के अरविंद सावंत तथा संजय राउत, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पी. संदोष कुमार, कांग्रेस के के.सुरेश, के सी वेणुगोपाल तथा प्रमोद तिवारी, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव सहित कई नेता मौजूद थे। बिहार में 1300 किमी की वोटर अधिकार यात्रा कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्री रेड्डी को उम्मीदवार बनाए जाने का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मैं श्री बी. सुदर्शन रेड्डी गारू को भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में नामित किए जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं। वह एक प्रतिष्ठित विधिवेत्ता और न्याय के प्रणेता हैं और लोगों के अधिकारों, समानता और हमारे लोकतंत्र की रक्षा की संविधान की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### मोदी की विपक्ष से राधाकृष्णन को समर्थन देने की अपील

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने विपक्षी दलों से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में राजग के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन का समर्थन करने की अपील की है। श्री मोदी ने यहां संसद भवन के सभागार में राजग सांसदों की बैठक में सभी सांसदों विशेष रूप से विपक्षी दलों से श्री राधाकृष्णन को समर्थन देने की अपील की, ताकि उन्हें सर्वसम्मति से उपराष्ट्रपति चुना जाए। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाग लिया। उपराष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के पक्ष में उत्साह देखकर प्रसन्नता हुई।

## वाराणसी में 25 को होगी राहुल गांधी के मामले में सुनवाई

- **अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय को लेकर दिया था बयान**

**वाराणसी।** वाराणसी के एमपी/एमएलए कोर्ट में बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय के बारे में दिए गए बयान को लेकर सुनवाई हुई।

कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 25 अगस्त निर्धारित की है। अधिवक्ता विवेक शंकर तिवारी ने बताया कि राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव ने स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसका विरोध करते हुए वादी पक्ष ने तर्क दिया कि धारा 173(4) के तहत विपक्षी को सुनने का कोई औचित्य नहीं है। इस पर न्यायालय ने कहा कि अगली तारीख, 25 अगस्त को इस मुद्दे पर पुनः बहस होगी।

## कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **1507 करोड़ रुपये का बजट दिया**
- **ओडिशा में कटक-भुवनेश्वर 6 लेन रिंग रोड बनेगा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बैठक में 2 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई।

इसमें राजस्थान के कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और ओडिशा में कटक-भुवनेश्वर 6 लेन रिंग रोड शामिल है। वैष्णव ने बताया कि पहला प्रोजेक्ट राजस्थान के कोटा-बूंदी में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का है, जिसकी अनुमानित लागत 1507 करोड़ रुपये होगी। दूसरा प्रोजेक्ट ओडिशा में 110.875 किमी लंबी और 6-लेन वाली कटक-भुवनेश्वर कैपिटल रीजन रिंग रोड का है। इसके निर्माण पर करीब 8307.74 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 6 प्रोजेक्ट्स पहले से ही स्वीकृत हैं और आज 4 नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है। इसके तहत ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पंजाब में प्लांट्स लगाए जाएंगे, जिसके लिए 4,594 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इससे घरेलू चिप उत्पादन, पैकेजिंग और एडवांस्ड मटेरियल को बढ़ावा मिलेगा, जिससे दो हजार लोगों को नौकरी मिलेगी।

## मुंबई में लगातार बारिश से सड़कें डूबी, घर-दुकानों में पानी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **लोकल ट्रेन सर्विस डाउन, 250 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट, दो दिन में 14 लोगों की हो चुकी मौत**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के कई जिलों में मंगलवार को तेज बारिश जारी है। पिछले दो दिनों में बारिश से जुड़े हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। अगले 48 घंटे मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में रेड अलर्ट है।

बीते दो दिन में 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 8 नांदेड़ से थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने बताया कि सेना रेस्क्यू में जुटी है। करीब 500 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। मुंबई में करीब 300 एमएम बारिश हुई है। मीठी नदी का जलस्तर घट रहा है। हालांकि अभी भी कई इलाकों में अलर्ट है। सुबह मीठी नदी का जलस्तर 3.9 मीटर बढ़ने के कारण कुर्ला क्रांति नगर एरिया से 350 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। शहर में मंगलवार को भी स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट देरी से उड़ रही हैं। अंधेरी सब-वे भी पानी भरने से मंगलवार को भी बंद है। कई अंडर ब्रिज में 4 फीट तक पानी भरा है। लोकल ट्रेन सर्विस भी प्रभावित है। हार्बर लाइन का ट्रैक पानी में डूबा हुआ है। कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें लोग रेलवे ट्रैक पर चलते नजर आ रहे हैं।

## भारत 40 मंजिला इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रहा

**हैदराबाद, वार्ता**

- **इसरो चीफ बोले: रॉकेट 75,000 किलो वजन ले जाने में सक्षम, दुनिया के सबसे बड़े रॉकेट्स में शुमार होगा**



**इसरो दुनिया** के सबसे बड़े रॉकेट्स में से एक बनाने की तैयारी कर रहा है। इसरो चीफ वी. नारायणन ने मंगलवार को हैदराबाद स्थित उस्मानिया यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बताया कि स्पेस एजेंसी 40 मंजिला इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रही है। यह रॉकेट लो अर्थ ऑर्बिट में 75,000 किलो यानी 75 टन वजन ले जाने में सक्षम होगा।

नारायणन ने कहा कि भारत का पहला रॉकेट, जिसे डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने बनाया था, 17 टन का था और वह सिर्फ 35 किलो भार ले जा सकता था। आज इसरो इतनी बड़ी छलांग लगा चुका है। उन्होंने बताया कि इस साल इसरो कई अहम प्रोजेक्ट पूरे करेगा, जिनमें अमेरिका का 6,500 किलो वजनी संचार उपग्रह भारतीय रॉकेट से लॉन्च करना, एन1 रॉकेट, नेविगेशन विद इंडियन कान्स्टेलेशन (एनएवीआईसी) सैटेलाइट और जीसैट-7आर शामिल हैं। जीसैट-7आर नौसेना के लिए खास सैन्य उपग्रह होगा, जो मौजूदा जीसैट-7 (रुक्मिणी) को बदलेगा। नारायणन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर भारत जल्द 40-50 अंतरिक्ष यात्रियों की टीम तैयार करेगा, जो भविष्य के मिशनों का नेतृत्व करेंगे। समारोह में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने उन्हें मानद डॉक्टरेट ऑफ साइंस की उपाधि दी। नारायणन ने शुभांशु शुक्ला की हाल की अंतरिक्ष यात्रा का भी जिक्र किया। शुक्ला 20 दिन के मिशन के बाद सुरक्षित लौटे हैं। यह अनुभव स्पेस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। नारायणन ने बताया कि इस स्पेस मिशन के लॉन्च से पहले एक लीकेज पकड़ा गया था, नहीं तो मिशन असफल हो सकता था। नारायणन ने कहा कि आज भारत दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष ताकतों में शामिल है। अब तक 4,000 से ज्यादा रॉकेट लॉन्च किए जा चुके हैं। 1975 में आर्यभट्ट से शुरुआत हुई थी और अब 133 से ज्यादा सैटेलाइट्स भेजे जा चुके हैं, जिनमें 6,000 किलो वजनी जीसैट-11 भी शामिल है। नारायणन ने बताया कि भारत पहला देश है जिसने मंगल ग्रह पर पहली कोशिश में पहुंचने में सफलता पाई।

# प्राकृतिक खेती के क्लस्टरों की निगरानी होगी सख्त, लापरवाही पर होगी कार्रवाईः कृषि मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अब प्राकृतिक खेती मिशन की प्रगति पर सख्त निगरानी करेगी। मंगलवार को विधानभवन में हुई समीक्षा बैठक में ख्रषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्लस्टरों का नियमित निरीक्षण किया जाए और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि प्राख्रतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता और जल संरक्षण सुनिश्चित करती है, बल्कि जैविक उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत भी दिलाती है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे प्रशिक्षण और संसाधन केंद्रों का लाभ उठाकर अपने खेतों में इन तकनीकों को अपनाएं। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने बैठक में कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है, इसलिए इसे मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाना चाहिए।



बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 75 जिलों और 318 विकासखंडों में 1886 क्लस्टर गठित किए जा चुके हैं। अब तक 2.20 लाख किसान प्रशिक्षित किए गए हैं, 3772 कृषि सखी/सीआरपी तैयार किए गए हैं और 82 हजार से अधिक मृदा नमूने लिए गए हैं। इसके अलावा 38 स्थानीय प्राकृतिक खेती संस्थानों के जरिए 38 मॉडल फार्म विकसित किए गए हैं। प्राकृतिक खेती मिशन की समीक्षा के बाद कृषि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की निर्माण परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसमें टीश्यू कल्चर लैब, ऑर्गेनिक लैब, इनक्यूबेशन सेंटर और ऑडिटोरियम जैसी परियोजनाओं की प्रगति पर रिपोर्ट पेश की गई।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय केवल इमारतें खड़ी करने तक सीमित न रहें, बल्कि रिसर्च आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय को अपना विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना होगा, जिसमें किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने वाली शोध दिशा तय हो। राज्य मंत्री औलख ने भी कुलपतियों और अधिकारियों से कहा कि शोध योजनाएं व्यवहारिक हों और उनके परिणाम किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा लागत घटाने में मददगार साबित हों। बैठक में प्रमुख सचिव ख्रषि रविंद्र, सचिव इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव टी.के. शीबू, निदेशक ख्रषि पंकज त्रिपाठी समेत विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।

## बिजली संकट पर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**सीतापुर।** मंगलवार को अधिवक्ता बार एसोसिएशन सीतापुर के अध्यक्ष विजय अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता बिजली व्यवस्था को लेकर आक्रोशित हो गए। कचहरी परिसर में एकत्र होकर उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि लगातार घंटों की बिजली कटौती से आम जनता ही नहीं, अधिवक्ता वर्ग भी त्रस्त है। कचहरी में पेशियों के दौरान फाइलों का कार्य भीषण गर्मी में जनरेटर पर निर्भर होकर करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने हबिजली विभाग मुर्दाबाद, 'बिजली कटौती बंद करो', 'जनता की समस्या का समाधान करो' जैसे नारे लगाए।

# लखनऊ में अग्निसचेतक प्रशिक्षण की शुरुआत

## 90 हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से प्रदेश में एक नई पहल की शुरुआत हुई है, जिसके तहत नब्बे हजार से अधिक चयनित युवाओं को आधुनिक अग्निशमन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अपर पुलिस महानिदेशक पद्मजा चौहान के निर्देशन में शुरू हुआ है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आग बुझाने के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ाकर अत्याधुनिक तकनीकों से लैस करना है।

राज्य सरकार ने इसे एक बड़े अभियान का हिस्सा बनाया है, जिसके अंतर्गत दो लाख युवाओं को फायर सेफ्टी अधिकारी या अग्नि सुरक्षा कर्मी के रूप में तैयार कर रोजगार से जोड़े जाने का लक्ष्य है। युवाओं को एक से चार सप्ताह तक का विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें शॉपिंग मॉल, अस्पताल, विद्यालय, ऊंची इमारतों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से नियुक्त किया जा सकेगा। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश को देश का पहला राज्य बना रही है, जहां निजी भवनों में भी प्रशिक्षित अग्निशामक कर्मियों की नियुक्ति कानूनी रूप से सुनिश्चित की जा रही है। अत्यधिक व्यावसायिक संस्थानों, बहुमंजिला इमारतों और शहरीकरण की तीव्र रफ्तार को देखते हुए इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित मानवबल तैयार हो। इस अभियान से जहां युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा, वहीं नागरिक जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस कदम भी उठेगा। इस प्रकार यह प्रशिक्षण केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि समाज और व्यापारिक तंत्र को सुरक्षित भविष्य की गारंटी देने वाला प्रयास है।

# बैराजों से छोड़ा गया पानी बढ़ा रहा मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिले की लहरपुर तहसील क्षेत्र से शारदा और घाघरा नदियां गुजरती हैं।

तंबौर इलाके में शारदा नदी का घाघरा नदी में विलय होता है, जिसके बाद घाघरा नदी आगे बढ़ते हुए लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसीलों के सैकड़ों गांवों को प्रभावित करती है। इस समय दोनों नदियां उफान पर हैं और कई स्थानों पर कटान भी कर रही हैं।



मंगलवार को शारदा बैराज से एक लाख बहत्तर हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, जबकि गिरजा बैराज और कैलाशपुरी बैराज से एक लाख पचपन हजार क्यूसेक पानी घाघरा नदी में छोड़ा गया। कुल मिलाकर तीन लाख सत्ताईस हजार क्यूसेक से अधिक पानी सीतापुर की ओर बढ़ रहा है। यह पानी जब जिले में पहुंचेगा तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुसीबत और बढ़ाएगा।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा और रक्तदान शिविर

## सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं पर कांग्रेस का हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की इक्यासीवीं जयंती (सद्भावना दिवस) पर राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की है।

इस अवसर पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा और नवनियुक्त प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ. आजाद बेग ने मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

डॉ. जियाराम वर्मा ने बताया कि बुधवार को होने वाले इस शिविर में बीस से पच्चीस विशेषज्ञ चिकित्सक गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और बच्चों को निरूशुल्क परामर्श देंगे और दवाइयां भी उपलब्ध कराएंगे। इसमें एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी सभी प)तियों की दवाएं दी जाएंगी। साथ ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी सहयोग भी देंगे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. आजाद बेग ने कहा कि राजीव गांधी की जयंती पर लखनऊ से शुरुआत होगी और आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन सुनिश्चित कराया जाएगा। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से मंत्री और विधायक तक जान गंवा बैठे थे, जबकि असंख्य आम नागरिकों की मौतें चिकित्सा अव्यवस्थाओं के कारण हुईं। हाल ही में बिजनौर जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने और जनरेटर में डीजल न होने से एक मरीज की मौत इसका ताजा उदाहरण है। डॉ. बेग ने आरोप लगाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं खोखले वादों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ दूर.दराज गांवों और बस्तियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा।

साथ ही चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए सुरक्षित कार्यस्थल, उचित वेतन और प्रशिक्षण की मांग उठाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों के हित सर्वोपरि हैं और कांग्रेस का चिकित्सा प्रकोष्ठ सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित कराने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ का पुनर्गठन और संगठनात्मक ढांचा स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। जरूरत पड़ने पर सरकार से संवाद के साथ.साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता में जागरूकता के लिए चिकित्सा शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और जनजागरूकता अभियानों को भी लगातार चलाया जाएगा। प्रेसवार्ता में कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुधा मिश्रा भी मौजूद रहीं।

## नाबालिग से दुष्कर्म पर आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अंदौली निवासी अनुराग उर्फ वर्दी उर्फ अनुज पुत्र भगवानदीन को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। वर्ष 2020 में दर्ज इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट कोर्ट संख्या 14 में हुई। सबूत और गवाहों को परखने तथा दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

# अतीक अहमद के करीबी का अवैध कब्जा ध्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के करेली क्षेत्र में सोमवार को देर शाम जिला प्रशासन ने भू.माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिल रही थी। जांच की गई तो यह जमीन ग्राम समाज के खाते में दर्ज मिली। जिस पर अतीक अहमद का करीबी और उसके साथियों ने बाउंड्री वाल बना कर कब्जा कर लिया था। प्रशासन ने मौके पर बुलडोजर चलवाकर कब्जा ध्वस्त कर जमीन को मुक्त करा लिया। सूत्रों के मुताबिक, करेंधा गांव में कुल 17 बीघा सरकारी भूमि थी जिस पर माफिया अतीक अहमद के करीबियों ने कब्जे में ले रखा था।

इसी क्रम में कल देर शाम अवैध कब्जा हटाते हुए जमीन को मुक्त कराया गया। ग्रामीणों ने लगातार इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर अभिषेक सिंह ने तहसीलदार, राजस्व विभाग और पुलिस बल के साथ मौके का निरीक्षण किया। दस्तावेज़ों की जांच और मौके पर कब्जे की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। एसडीएम अभिषेक सिंह ने स्पष्ट किया कि भू. माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी या ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम जिले में चल रहे भू.माफिया मुक्त अभियान का हिस्सा है और आगे भी इस तरह के अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बस परिचालक की गुंडई, मान्यता प्राप्त पत्रकार का अपमान, प्रेस की गरिमा पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में परिवहन निगम बस परिचालक की दबंगई ने लोकतंत्र की आत्मा को झकझोर दिया।

मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा के साथ परिचालक ने न केवल अभद्रता की बल्कि सूचना विभाग द्वारा जारी वैध प्रेस मान्यता पत्र को ठुकराते हुए सार्वजनिक रूप से पत्रकार को अपमानित करने का दुस्साहस किया। इस घटना ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता और प्रेस की गरिमा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस संख्या यूद्रपीद्र 34 टी 9163 का है। जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा आवश्यक कार्य से लखनऊ आ रहे थे। परिचालक ने उनके मान्यता पत्र को मानने से इंकार कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें धक्का देकर बस से उतारने का प्रयास किया। अपनी इज्जत बचाते हुए पत्रकार को सड़सठ रुपए का टिकट खरीदकर यात्रा पूरी करनी पड़ी। यह व्यवहार न केवल व्यक्तिगत सम्मान का अपमान था बल्कि सूचना विभाग की मान्यता प्रणाली की धज्जियां उड़ाने जैसा था। पत्रकार ने इस आचरण को भारतीय दंड संहिता की धारा 504 (जानबूझकर अपमान), धारा 506 (आपराधिक धमकी) और धारा 352 (मारपीट व आपराधिक बल प्रयोग) के अंतर्गत दंडनीय अपराध बताया है। उन्होंने निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश को विधिक नोटिस भेजते हुए संबंधित परिचालक के विरु) कठोर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो यह मुद्दा न्यायालय, प्रेस परिषद, प्रेस क्लब और मीडिया मंचों तक उठाया जाएगा। इस प्रकरण की प्रतिलिपि जिलाधिकारी लखनऊ, जिलाधिकारी सीतापुर, जिला सूचना अधिकारी तथा परिवहन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को भी भेजी गई है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन (भारत) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वीरेश टरार ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह नौकरशाही की निरंकुशता का उदाहरण है। सरकारी कर्मचारियों का अहंकार इस स्तर तक बढ़ गया है कि वे न तो जनप्रतिनिधियों की परवाह करते हैं।

# आधुनिक तकनीक से गड़बड़ियों पर लगेगी लगाम, लाभार्थियों तक सीधे पहुंचेगा फायदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार समाज कल्याण योजनाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लेने जा रही है।

समाज कल्याण विभाग वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ, छात्रवृत्ति और सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं की निगरानी को तकनीकी पहरे में लाने की तैयारी में है। इस पहल से गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा और लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से योजनाओं का फायदा पहुंचेगा। पिछले दिनों समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की मौजूदगी में ष्समाज कल्याण की योजनाओं में एआई का उपयोगष विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। विभाग का मानना है कि एआई. आधारित निगरानी तंत्र से डाटा सत्यापन और लाभार्थियों की पहचान सटीक रूप से की जा सकेगी। इससे फर्जी आवेदनों पर रोक लगेगी और वास्तविक पात्रों को बिना देरी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

सरकार पहले ही छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ और वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं को ऑनलाइन निगरानी से जोड़ चुकी है। छात्रवृत्ति योजना में विद्यार्थियों को अब बार.बार पंजीकरण की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा, क्योंकि वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर की व्यवस्था लागू कर दी गई है। एआई तकनीक इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाएगी। डेटा विश्लेषण और स्वतः सत्यापन प्रणाली के जरिए फर्जी आवेदन तुरंत चिन्हित होंगे और लाभ पात्रों तक निर्बाध पहुंचेगा। सरकार का मानना है कि एआई के उपयोग से प्रशासनिक प्रक्रियाएं पेपरलेस होंगी और कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। कागजी कार्रवाई कम होने से योजनाओं के संचालन में न केवल दक्षता बढ़ेगी बल्कि जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# प्रोफेसर निशीथ राय के निधन पर अखिलेश ने जताया दुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉ. निशीथ राय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रोफेसर निशीथ राय और उनका परिवार सदैव समाजवादी विचारधारा से जुड़ा रहा है।



उनके निधन से शिक्षा जगत के साथ ही समाजवादी परिवार को भी अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

# लम्पी रोग से गोवंश की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लम्पी रोग के संक्रमण से गोवंश को बचाने के लिए सरकार ने सघन अभियान शुरू कर दिया है।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश की सभी गोशालाओं का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और किसी भी स्थिति में गोवंश की हानि न होने पाए। मंत्री ने कहा कि एफएमडी और एलएसडी से पशुधन की सुरक्षा के लिए पर्याप्त टीकाकरण कराया जाए तथा जिन जिलों में लम्पी संक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है, वहां दस किलोमीटर चौड़ी बेल्ट बनाकर वैक्सीनेशन कार्य अभियान के रूप में चलाया जाए। महराजगंज, सोनभद्र, कुशीनगर, भदोही, बलिया, गाजीपुर, चंदौली और वाराणसी जैसे जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। संक्रमण प्रभावित क्षेत्रों की सीमाओं को सील करके गोवंश के आवागमन पर रोक लगाने पर भी जोर दिया गया है। पशुपालन निदेशालय में स्थापित कंट्रोल रूम के टोल फी नंबर 1800.1805.141 पर आने वाली शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। धर्मपाल सिंह ने स्पष्ट किया कि टीकाकरण और उपचार कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनपदों को पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और गोआश्रय स्थलों पर स्वच्छता, सैनेटाइजेशन तथा चारा, भूसा, पानी और औषधि की व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। बैठक में विभागीय प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने बताया कि प्रभावित जिलों को वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और लगातार निगरानी की जा रही है।

# राजस्व वसूली और विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कर एवं करेत्तर राजस्व प्राप्तियों तथा जुलाई 2025 तक की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य प्राप्त न करने वाले विभागीय अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय, वन विभाग आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और आरसी वसूली में सुधार पर जोर दिया। लंबित वादों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने जन शिकायतों के समाधान में शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने और उसे निस्तारण की सूचना




देने की अनिवार्यता बताई। एमओयू की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को बर्ड फ्लू नियंत्रण हेतु व्यापक स्तर पर सैंपलिंग कराने और अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के आदेश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अयोध्या में उर्वरक की किल्लत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए अयोध्या के किसान परेशान है। जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अमला भी किसानों के सामायिक दर्द को नहीं कम कर पा रहा है।

आज सुबह से ही मिल्कीपुर तहसील के कुरावन सहकारी समिति पर किसान यूरिया खाद लेने के लिए पंक्तिब( खड़े हो, धीरे धीरे समय बीतने लगा, किसान अपना विरोध दर्ज कराने लगे, खाद वितरण में सहकारी समिति के कर्मचारियों के सहयोग के लिए तैनात खंडासा पुलिस ने लाठी लेकर किसानों को दौड़ा लिया और विरोध दर्ज कराने पर लाठियां भांजनी शुरू कर दिए जिससे कई किसान जमीन पर गिर पड़े।

बिना खाद लिए किसानों को वापस लौटना पड़ा, सहकारी समिति कर्मचारियों पर यह भी आरोप लगा कि वे अपने चहेतों को यूरिया चुपके चुपके दे रहे हैं। धान की रोपाई के बाद इस समय किसानों को फसल में डालने के यूरिया खाद चाहिए जो समय से नहीं मिल पा रही है।

काफी दौड़ धूप के बाद सोर्स सिफारिश लगा कर एकाध बोरी खाद मिल भी जा रही है, उससे कुछ होने वाला नहीं है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पूर्व सैनिकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने अयोध्या पहुंचे तो भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और किसान अरलवद सिंह ने यूरिया खाद की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया।

मंत्री ने आश्वासन भी दिया लेकिन खाद की अनुपलब्धता यथावत है। तहसील सदर के कादीपुर निवासी किसान राम प्रीति वर्मा बताते हैं कि यूरिया खाद की किल्लत पिछले वर्षों में नहीं हुई, पता नहीं इस बार कैसे नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि इस समय किसानों को फसल के लिए खाद की बहुत जरूरत है।

समय से खेतों में यूरिया खाद नहीं पड़ी तो फसल का उत्पादन कम हो जाएगा।

## वाराणसी में मां कूष्मांडा का श्रृंगार महोत्सव कल से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी में माता कूष्मांडा देवी का सप्त दिवसीय श्रृंगार महोत्सव बुधवार से शुरू होकर 26 अगस्त तक चलेगा। इस आयोजन में संगीत के क्षेत्र के कई दिग्गज कलाकार अलग.अलग दिनों में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम संयोजक पं. विश्वजीत दुबे ने बताया कि तीन दिन शास्त्रीय संगीत और तीन दिन लोक संगीत के आयोजन होंगे। अंतिम दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा का गायन, प्रो. राजेश साह का सितार वादन, देवाशीष डे का गायन और कमला शंकर का गिटार वादन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अटल बिहारी वाजपेयी छात्रवृत्ति को लेकर एमओयू

**लखनऊ।** गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और यूके की एफसीडीओ (द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट आफिस) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। हाल ही में सम्पन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में छात्रवृत्ति शुरू किए जाने को लेकर प्रस्ताव पास किया था। जिसके क्रम में आज यह एमओयू किया गया है। यह योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से आरंभ होगी और प्रारंभिक तीन वर्षों के लिए लागू रहेगी।

### रेलवे में तय मानक से ज्यादा लगेज पर लगेगा भारी जुर्माना

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे अब यात्रियों के लिए नया कदम उठाने जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो हवाई यात्रा में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की तरह ही अब रेल यात्रियों के लिए सख्त 'लगेज नियम' लागू करने जा रहा है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार यात्रियों को प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों से अपना सामान तौलना होगा और वजन सीमा का सख्ती से पालन करना होगा। सीमा से अधिक सामान या कम वजन के बावजूद बहुत भारी सामान ले जाने वालों पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि परिधान, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा सामग्री आदि बेचने वाले इन आउटलेट्स से यात्रियों की सुविधा और रेलवे राजस्व दोनों में वृद्धि होने की उम्मीद है, साथ ही स्टेशनों को एक आधुनिक, हवाई अड्डे जैसा अनुभव मिलेगा।

# लावा बनकर फूटा 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का आक्रोश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ प्रदर्शनकारियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया**

**लखनऊ।** एक दिन पूर्व प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के आवास का घेराव किए जाने के बाद 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई है। इससे आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके पक्ष में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से फैसला आने के बाद भी सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हो सका और अब यह मामला उच्चतम न्यायालय में है। अभ्यर्थियों का कहना था कि उनकी मजबूत पैरवी की मांग के बावजूद सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी पक्ष रखने से पीछे हट रही है। अभ्यर्थियों ने बताया कि कोर्ट में 20 से अधिक तारीख लगी, लेकिन सुनवाई नहभ हो सकी। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि वर्ष 2018 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। अभ्यर्थियों की याचिका पर 13 अगस्त 2024 को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए तीन महीने के अंदर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया।

# यूपी में खाद की कालाबाजारी चरम पर किसान बेहाल: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है, जबकि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में खाद का भारी संकट है। जब से भाजपा सत्ता में आई है किसान यूरिया खाद से लेकर डीएपी खाद के लिए परेशान है। भ्रष्टाचार, लूट, बेईमानी चरम पर है। धान और अन्य फसलों के लिए पहले किसानों को डीएपी और यूरिया नहभ मिली, अब भी फसलों में छिड़काव के लिए यूरिया नहीं मिल पा रही है। खाद को लेकर किसान जगह-जगह धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार किसानों के लिए बोझ बन गई है। उन्होंने कहा कि कई जिलों में सहकारी समितियों पर महीनों खाद की कमी की खबरें सामने आ रही है। खाद के लिए किसान लाइनों में लग रहे हैं, उन्हें खाद के बजाय लाठियां मिल रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, पानी की सुविधा देने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र सहित तमाम जिलों में किसान अभी भी खाद के लिए भटक रहे है। प्रदर्शन कर रहे है। खाद के लिए घंटों लम्बी-लम्बी लाइनों में लग रहे है, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही है।

# कानून का लंबा अनुभव है सदुर्शन को

नई दिल्ली, वार्ता



**■ कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे**


इंडिया गठबंधन की ओर से घोषित उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश बालकृष्ण सुदर्शन रेड्डी का संबंध तेलंगाना के एक किसान परिवार से है और वह कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे।

रेड्डी का जन्म आठ जुलाई 1946 को तत्कालीन आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के रंगारेड्डी जिले में हुआ। उस्मानिया विश्व. विद्यालय में विधि के छात्र रहे रेड्डी ने 27 दिसंबर, 1971 को आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में अपना पंजीकरण कराया। उन्होंने हैदराबाद में बने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में रिट और दीवानी मामलों की प्रैक्टिस की। रेड्डी ने 1988-90 के दौरान उच्च न्यायालय में सरकारी वकील के रूप में भी काम किया। उन्होंने सन 1990 में छह महीने के लिए केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थाई अधिवक्ता के रूप में भी काम किया। वह उस्मानिया विश्वविद्यालय के लिए कानूनी सलाहकार और स्थाई वकील भी रहे। उन्हें दो मई, 1995 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह पांच दिसंबर 2005 को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए। वर्ष 2007 से 2011 तक उन्होंने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवायें दी और आठ जुलाई, 2011 को सेवानिवृत्त हुए। गौरतलब है कि उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है और मतदान नौ सितंबर को कराया जाएगा। मतगणना उसी दिन कराई जाएगी।

## लखनऊ में साइबर विशेषज्ञों ने सेमिनार में मंथन किया

# साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गतिविधियों व क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की**

**लखनऊ।** विशेषज्ञों का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आने वाले समय में साइबर अपराधों को रो. कने में मददगार साबित होगा।

उप्र इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से तीन दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए मंथन किया। इस दौरान डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गति. विधियों और क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की गई। इसका इस्तेमाल कर साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें अपना का शिकार बना रहे हैं। सेमिनार में विशेषज्ञों ने साइबर अपराध, क्रिप्टोकरेंसी और नए तकनीकी खतरों पर चर्चा की। सेमिनार का संचालन कर्नल नीतीश भटनागर ने किया। सेमिनार में बताया गया कि किस तरह क्रिप्टोकरेंसी, जो पहले एक तकनीकी नवाचार था, अब डार्क वेब पर अवैध गतिविधियों का अहम हिस्सा बन चुका है। पैनेलिस्ट आमिर ने डार्क वेब पर होने वाले अपराधों को लेकर चिंताएं जताई। डार्क वेब पर लोग न केवल हैक किए गए डेटा बेचते हैं, बल्कि मानव तस्करी और ड्रग ट्रैफिकिंग जैसे अपराध को भी अंजाम दे रहे हैं। भारत का नया डिजिटल डाटा संरक्षण कानून इन अपराधों पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभाएगा। पैनेलिस्ट विष्णु नारायण शर्मा ने बताया कि डार्क वेब पर अपराधों का पता लगाना बेहद मुश्किल है, क्योंकि यह पूरी तरह से गुमनाम और विकेंद्रीकृत है। हालांकि कुछ हाईटेक टेक्नोलॉजी मदद से अपराधियों का पता लगाने में सफलता मिल सकती है। साइबर सेल के डीआईजी पवन कुमार ने बताया कि देश में कानून प्रवर्तन संस्थाएं साइबर अपराध के खिलाफ प्रभावी रूप से काम नहीं कर पा रही हैं।

## न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका अहम: विशेषज्ञ

**लखनऊ।** विधि विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका बहुत अहम होती है। यह भूमिका तब और बढ़ जाती है, जब डिजिटल साक्ष्य के आलावा कोई विटनेस नहभ होता है। यूपीएसआईएफएस के डिजिटल साक्ष्य का न्यायिक मामलों में महत्व विषय पर आयोजित सेमिनार में सेवानिवृत्त जस्टिस तलवंत सिंह ने मंगलवार को कहा कि 26/11 मुंबई हमले के आरोपी कसाब के मामले में इंटरनेट ट्रांस्क्रिप्ट्स का उपयोग दोषसिद्धि में काफी महत्वपूर्ण था। वर्तमान डिजिटल साक्ष्य न केवल न्यायिक मामलों में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता को भी सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न्यायिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में न्यायपालिका को तकनीकी दृष्टिकोण से मजबूत किया जा रहा है और डिजिटल साक्ष्य को मान्यता देने के लिए प्रदेश में आवश्यक ढांचा तैयार किया किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति लाने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधाओं का विस्तार किया।

# तमिलनाडु सरकार खर्च नहीं कर रही पीएम आवास योजना की राशि



**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में तमिलनाडु सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि खर्च नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह गरीबों के साथ धोखा है।

चौहान ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केंद्र से 608 करोड़ रुपए मिलने के बावजूद तमिलनाडु सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास उपलब्ध नहीं करा पा रही है। आवास नहीं मिलने से गरीब लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में आवंटन के बावजूद दो लाख 15 हज़ार घरों का निर्माण नहीं किया गया है। राज्य सरकार ने 2024 में उचित घरों की ज़रूरत वाले लोगों की पहचान के लिए आवश्यक सर्वेक्षण नहीं कराया। आंध्र प्रदेश से तेलुगू देशम पार्टी सांसद लवू कृष्ण देवरायलु द्वारा तमिलनाडु में प्रधानमंत्री आवास योजना पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए चौहान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने तमिलनाडु में गरीब लोगों के लिए घर बनाने के लिए बजट आवंटित किया है। यह अन्याय की पराकाष्ठा है कि एक साल से भी ज्यादा समय से दो लाख 15 हज़ार से ज्यादा लोगों को घर नहीं दिए गए हैं।



**सेंसेक्स** 80597.66
**निफ्टी** 24631.30



**सोना रु.** 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 115100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तेजी जारी

मुंबई, वार्ता



नए सुधारों की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचक. ांक करीब चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 370.64 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त में 81,644.39 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 14 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है। लाल किले से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई पीढ़ी के सुधारों के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक के बाद आज सुबह से ही प्रमुख सूचक. ांकों में तेजी रही। एशियाई बाजारों में गिरावट के दबाव में मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली रही, लेकिन बाद में यूरोपीय बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद निवेशकों ने उन पर विश्वास दिखाया। सेंसेक्स 45.36 अंक की बढ़त में 81,319.11 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिन का निचला स्तर 81,315.44 अंक और उच्चतम स्तर 81,755.88 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में 19 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही, जबकि शेष 11 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 3.50 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 3.16, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.82 और इटरनल का 2.15 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, आईटीसी, इंफोसिस, एसबीआई में भी तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.09 प्रतिशत लुढ़क गया। पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेकनोलॉजी, बीईएल और एचडीएफसी बैंक में भी गिरावट रही। निफ्टी-50 सूचकांक भी 14.40 अंक मजबूत होकर 24,891.35 अंक पर खुला। यह नीचे 24,873.95 अंक और ऊपर 25,012.65 अंक तक गया, हालांकि 25 हजार से ऊपर टिक नहभ सका। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 0.47 प्रतिशत की तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों का विश्वास बनने से निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.01 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.70 फीसदी की तेजी रही।

## सोना 455 गिरकर 99,168 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.14 लाख किलो बिकी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 19 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 455 रुपए गिरकर 99,168 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,623 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए वहीं चांदी की कीमत आज 425 रुपए कम होकर 1,13,625 रुपए प्रति किलो हो गई है।

इससे पहले चांदी 1,14,050 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत दिल्ली 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,400 सोना इस साल अब तक 23,006 महंगा हुआ।

# एयर इंडिया का हरित विमान ईंधन के लिए इंडियन ऑयल से करार

नई दिल्ली, वार्ता

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने हरित विमान ईंधन (एसएएफ) की आपूर्ति के लिए मंगलवार को देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

एयरलाइंस ने इसे ष्भारतीय विमानन के हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इस एमओयू के तहत एयर इंडिया और आईओसीएल ने विमानन क्षेत्र में कम कार्बन वाले ईंधन को बढ़ावा देने, वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों का समर्थन करने और अधिक टिकाऊ हवाई परिवहन संचालन की दिशा में योगदान देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। वर्ष 2050 तक नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की अपनी व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में एयर इंडिया परिचालन दक्षता, कम कार्बन उत्सर्जन और अब एसएएफ में सक्रिय रूप से पहल कर रही है। यह करार कंपनी के हरित विमानन पोर्टफोलियो के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक (विमानन) शैलेश धर और एयर इंडिया के समूह प्रमुख (जीआरसी एवं कॉर्पोरेट मामले) पी. बाला. जी ने इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एएस साहनी और एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। साहनी ने कहा कि एयर इंडिया के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हरित विमानन की ओर देश के संक्रमण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।

# हंगामे के बीच ही पारित कराया गया आईआईएम विधेयक

**■ लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई**

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया वापस लेने और वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने तीन बार के स्थगन के बाद चार बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी दलों के सदस्य पहले की तरह हंगामा करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) विधेयक पारित किए जाने संबंधी प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। पीठासीन अधिकारी सैकिया ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि वे शोरगुल करके कार्यवाही बाधित न करें, अपने-अपने स्थानों पर जायें। उनकी अपील का सदस्यों पर कोई असर नहीं पड़ा और वे नारे लगाते हुए शोरगुल करते रहे। इस पर पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सदस्य सदन की कार्यवाही चलने देना नहीं चाहते और उन्होंने कार्यवाही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए सदन के बीच. ोंबीच आ गए, लेकिन पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच ही सदन को चलाने का प्रयास किया।

उन्होंने 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले 'अंतरिक्ष यात्री- 2047' तक विकसित भारत के संकल्प लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर सोमवार को शुरू हुई विशेष चर्चा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के निशिकांत दुबे का नाम लिया। दुबे ने हंगामे के बीच चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि उसने कभी वैज्ञानिकों का सम्मान नहभ किया, इसलिए कांग्रेस चर्चा से भाग रही है और इस विषय पर चर्चा नहीं चाहती है। पीठासीन अधिकारी ने दुबे से चर्चा रोकने का आग्रह किया और हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी उनकी नहीं सुनी, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक स्थगित कर दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





### वीसी साहब एक नजर इधर भी

# जीडीए के सारे नियम कानून ताक पर रख कर आवासीय प्लॉट पर बन रहा है अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जोन तीन इलाके में पड़ने वाले पटेल नगर एच ब्लॉक में जीडीए के सारे नियमों को ताक पर रख कर या यू कहे कि वीसी के आदेशों को ठेंगे पर रख कर अवैध निर्माण हो रहे है। जी हां ऐसे ही कई मामले जोन तीन के पटेल नगर में देखे जा सकते है एच 16, एच 20, एच 26, जहां पर प्राधिकरण के सारे नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। वैसे तो वीसी साहब प्राधिकरण क्षेत्र में बड़े बड़े विकेट गिरा रहे है लेकिन पता नहीं मेन रोड के यह निर्माण अधिकारियों को कियू नहीं दिखाई देता है । अगर वीसी साहब ने इन





निर्माणों की जांच सही तरीके से करवा ली तो कई लोगों की कलई खुल जाएगी

### मधुबन बापूधाम के 762 काश्तकारों के आरक्षित/ आवंटित भूखंडों की सूची प्राधिकरण ने जारी की

# योजना के स्थल कार्यालय पर काश्तकार एक सितम्बर तक दर्ज करा सकेंगे आपत्ति/ सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने मधुबन बापूधाम योजना को सुनियोजित तरीके से धरातल पर साकार करने की कडी में एक कदम और आगे बढते हुए समझौते के आधार पर अधिग्रहित 800 एकड भूमि के 762 काश्तकारों को अर्जित भूमि के सापेक्ष 6 प्रतिशत और 4 प्रतिशत आवासीय भूखंड आरक्षित/ आवंटित किया जा चुका है। इसी क्रम में आरक्षण/ आवंटन की सूची मधुबन बापू धाम योजना के स्थल कार्यालय पर उपलब्ध करायी गई है। दिनांक 1 सितंबर 2025 तक सूची में अंकित विवरण पर आपत्ति/सुझाव सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कराए जा सकते है। स्थल कार्यालय पर कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। योजना 2002 में लगभग 1300 एकड़ भूमि में प्रस्तावित थीं, लेकिन भूमि अर्जन संबंधी समस्याओं के कारण योजना क्रियांवित नही हो सकी। किसानों को विकसित भूखंडों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण द्वारा 169वीं बोर्ड बैठक 20 मई 2025 में काश्तकारों को प्लाट देने का निर्णय माननीय उच्चत्तम न्यायालय के आदेशों के क्रम में लिया गया। हाल ही में योजना का उपडेटेड ले आउट मंजूर किया गया और अब इसी कदम को आगे बढाते हुए प्रक्रिया को तेज किया गया है। इससे परियोजना में तेजी आएगी और लगभग 4 हजार करोड़ की परिसंपत्तियां अनलॉक होगीं।

# 55 पुलिसकर्मियों का कटा चालान एडीसीपी बोले कानून सबके लिए

**गाजियाबाद।** क्या आपने कभी सुना हैं कि पुलिसवालों के चालान काट दिये गए हो। यह बात आपको काफी हैरान करने वाली लग रही होगी। लेकिन गाजियाबाद में ऐसा ही मामला सामने आया हैं, जहां पुलिस पर पुलिस के द्वारा ही कार्यवाही कर दी गई हैं। इसके बाद एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद राय ने इस कार्यवाही के बारे में मीडिया को पूरी जानकारी दी। गाजियाबाद में ट्रैफिक के नियमों की खिल्ली उड़ा रहे पुलिसकर्मियों पर अब गाज गिर गई हैं। गाजियाबाद ट्रैफिक डिपार्टमेंट के द्वारा शहर में 55 पुलिसकर्मियों का चालान किया गया हैं। यह खबर खुदमें बहुत बड़ी हैं क्योंकि शायद ही किसी ने ऐसा सोचा होगा कि पुलिस का भी चालान किया जा सकता हैं। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद राय ने कहा कि ट्रैफिक के नियम शहर के हर नागरिक के लिए एक समान हैं। किसी को किसी भी प्रकार का विशेषाधिकार नहीं दिया गया हैं और जब पुलिस ही नियमों का पालन नहीं करेगी तो आम नागरिकों को क्या सीख मिलेगी।

इस कार्यवाही से यह सबक मिल रहा हैं कि अब यदि पुलिस को ही नहीं बक्शा जा रहा तो आम नागरिकों को यह समझ जाना चाहिए कि यदि उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही की तो उनपर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। इस तरह की कार्यवाही से समझ आ रहा हैं अब ट्रैफिक डिपार्टमेंट पूरी तरह से मुस्तैद हैं और लोगों को जागरूक करने के लिए हरसंभव कदम उठा रहा हैं। पुलिस की सख्ती की इसलिए भी जरूरत हैं क्योंकि लोग न सिर्फ ट्रैफिक नियमों की खिल्ली उड़ा रहे है बल्कि अपनी जान को भी जोखिम में डाल रहे हैं। इस बात के बारे में विचार किया जा सकता हैं कि अब शायद लोगों को इससे सीख मिले और वह सही रास्ते पर आ जाए।

# रूप नगर इंडस्ट्रियल एरिया फैक्ट्री में लगी आग

**गाजियाबाद।** मंगलवार की सुबह ट्रोनिका सिटी (लोनी) फायर स्टेशन रूप नगर इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री में आग लगने की खबर सामने आई हैं। यह खबर मिलते ही फायर स्टेशन से तत्काल दो फायर टेंडर घटनास्थल के लिए मय फायर सर्विस यूनिट्स से रवाना किए गए। उनकी मदद के लिए स्थानीय पुलिस भी आगे आई। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग खसरा नंबर 225, प्लाट नंबर 2, रूप नगर इंडस्ट्रियल एरिया में भूतल तक निर्मित भवन में संचालित प्लास्टिक दाने के उत्पादन कार्य से संबंधित फैक्ट्री के ग्राउंड फ्लोर पर तार, वेस्ट मटेरियल, कतरन आदि में जल रही थी, जिसे दोनों मोटर फायर इंजन से एक डिलीवरी से होज पाईप फैलाकर पंपिंग कर आग को बुझाया गया। आग की में से उठ रहे अत्यधिक धुएं को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी को सूचित किया गया। जिसके बाद दिल्ली सहारनपुर मार्ग की स्थित अत्यंत खराब होने और भारी जाम के चलते फायर स्टेशन साहिबाबाद से एक फायर टेंडर की मांग की गई। अल्प समय में ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर एक अतिरिक्त फायर टेंडर घटनास्थल पर पहुंचा और आग बुझाने में मदद की। इसके बाद जल्द ही आग को चारों ओर से घेर कर तीन फायर टेंडर की मदद से पूरी तरह से बुझा दिया गया। घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस की टीम भी फायर सर्विस की मदद करने के लिए घटनास्थल पर मौजूद रही।

# विधायक ने किया नवनिर्मित कार्यों का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक निधि से निर्मित दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण विधिवत फीता काटकर किया गया। ग्राम तलहैटा में मुख्य मार्ग से श्मशान घाट तक इण्टरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस कार्य पर लगभग 5.26 लाख की लागत व्यय हुई है। ग्राम चुड़ियाला में मुख्य मार्ग से मेमपाल के खेत तक इण्टरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस कार्य पर लगभग 4.89 लाख की लागत व्यय हुई है।

इन दोनों विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी तथा गांवों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

लोकार्पण अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों से भेंटकर उनका हालचाल जाना तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह,अमित चौधरी, दीपक (मण्डल अध्यक्ष), नीटू चौधरी, संदीप, नरेंद्र प्रधान, हरेंद्र, महेंद्र आदि उपस्थित रहें।

# दर्जनों गांवों को फिर मिलेगी रोडवेज बस की सुविधा: नीरज त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** वर्षों से ग्राम मुकारी से मोदीनगर के लिए रोडवेज बस की सुविधा के लिए दर्जनों गावों के लोग गुहार लगा रहे थे। भाजपा किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष नीरज त्यागी ने बताया कि ग्रामवासियों ने इसी समस्या को लेकर उनसे सम्पर्क किया तो उन्होंने उत्तरप्रदेश परिवहन निगम के रीजनल मैनेजर से फोन पर संपर्क किया और अगले ही दिन कुछ ग्रामीणों के साथ आरख एमख के साथ बैठक कर इस समस्या के त्वरित समाधान को कहा।



नीरज त्यागी ने बताया कि आर एम ने उसी दिन शाम तक कौशाम्बी और हापुड़ डिपो के एखआरखएमख को पत्र जारी करते हुए त्वरित बस सेवा पुन: शुरू करने के लिए निर्देशित किया और आदेश की प्रतिलिपि उन्हें भी भेज दी, जिस पर नीरज त्यागी ने उनका आभार व्यक्त किया और ग्रामीणों को यह खुशखबरी दी। क्षेत्र के ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने नीरज त्यागी का फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से धन्यवाद किया।

जिलाध्यक्ष नीरज त्यागी ने बताया की दर्जनों गावों के नौकरी करने वाले युवा अब बस से मोदीनगर आकर ट्रैन से दिल्ली एनसीआर आ जा सकेंगे, पढ़ने वाले सैंकडों बच्चे मोदीनगर कॉलेज आ जा सकेंगे और आम ग्रामीण भी निर्बाध रूप से मोदीनगर आवागमन कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की कौशाम्बी डिपो एवं हापुड़ डिपो से चलने वाली इस बस सेवा से ग्राम मुकारी से मोदीनगर के बीच पड़ने वाले दर्जनों गाँव जैसे मवीकलां, सिखेड़ा, डी जे कॉलेज, नगर पंचायत निवाड़ी और पतला, खिंदौड़ा, मोहम्मदपुर आमद बागपत आदि जुड़ जायेंगे। नीरज त्यागी ने बताया कि योगी सरकार आमजन और मुख्यत: ग्रामीणों की सेवा में सदैव तत्पर है।

# खोड़ा क्षेत्र में हुआ दर्दनाक हादसा

**■ यह घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह से पैदल जा रहे तीन युवकों पर पिकअप गाड़ी चढ़ गई।**

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे ने इलाके में कोहराम मचा दिया। एक अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने पैदल जा रहे तीन युवकों को बुरी तरह से टक्कर मार दी,जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। अनियंत्रित पिकअप ने तीन लोगों को भीषण टक्कर मार दी जिससे 16 वर्षीय समीर की मौके पर मौत हो गई।

यह घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह से पैदल जा रहे तीन युवकों पर पिकअप गाड़ी चढ़ गई। यह भयावह घटना 17 अगस्त की है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि तीन लोग सड़क पर जा रहे थे, तभी अचानक सामने से तेज रफ्तार पिकअप आकर उन्हें जोरदार टक्कर मार देता है। इस हादसे में समीर जो सड़क पर सबसे आगे आराम से चल रहा है लेकिन कुछ ही सेकेंड में पिकअप गाड़ी ने इतनी रफ्तार में टक्कर मारी कि किशोर को खून से लतपत कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी साथ में जा रहे 2 युवक बाल-बाल बच गए।

समीर अपने पिता के साथ ही काम करता था। किशोर का परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। वह खोड़ा थाना क्षेत्र में अपने पिता और दो बहनों के साथ रह रहा था। बेटे की अचानक मौत से परिवार में को. हराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

खोड़ा थाना इंचार्ज ने बताया कि सुबह करीब 6:30 बजे समीर और उसके दो दोस्त सड़क पर जा रहे थे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने समीर को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें समीर की मौत हो गई, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी के आधार पर आरोपी चालक विकास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पुलिस एनकाउंटर में शिवानी मर्डर केस का आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** अर्थला इलाके में शिवानी नामक एक महिला की हत्या के मामले में ग्रेटर नोएडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शिवानी मर्डर केस का मुख्य आरोपी रेहान, जो मृतका के साथ प्रेम संबंध में था, पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। उसे जारचा थाने की पुलिस टीम ने दादरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घटना की शुरुआत 16 अगस्त को हुई, जब गाजियाबाद के समाना गांव के पास एक नहर में शिवानी का शव बरामद हुआ। शिवानी, जो तलाकशुदा थी, की पहचान गाजियाबाद निवासी के रूप में हुई। पुलिस जांच में पता चला कि रेहान ने शक के आधार पर शिवानी की हत्या की थी। उसने कथित तौर पर शिवानी को नहर के पास ले जाकर उसका गला दबाया और शव को झाड़ियों में फेंक दिया।

आरोपी रेहान ने बताया कि वह और शिवानी सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे के संपर्क में आए थे। उसने शिवानी पर किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध होने का शक जताया था, जिसके चलते उसने यह जघन्य अपराध किया। जारचा पुलिस को खटाना नहर के पास चेकिंग के दौरान रेहान संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल पर दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

# मोदीनगर में पति ने की पत्नी की गला रेतकर हत्या, बैड पर मिला गला कटा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गदाना गाँव में पति ने अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। दोनों की तीन साल पहले शादी हुई थी। पति उससे आए दिन झगड़ता था। कल रात में भी दोनों में झगड़ा हुआ। इसके बाद देर रात पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। मोदीनगर थाना क्षेत्र के गदाना गांव निवासी जितेंद्र टायर पंचर की दुकान चलाता है। उसकी 3 साल पहले स्वाति (26) के साथ शादी हुई थी। दोनों का एक 14 महीने का बच्चा है। पति शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था। पत्नी कई बार शराब पीने का विरोध करती थी तो भी उसे कमरे में बंद करके मारता था। कल रात भी कमरे में बंद करके पहले पत्नी पर थप्पड़ बरसाए, फिर हत्या कर दी।



जितेंद्र प्रजापति अपने परिवार में इकलौता बेटा है, जो टायर पंचर की दुकान चलाता है। जितेंद्र के पिता और मां आशा देवी रात में बरामदे में सोए हुए थे। पंखे में मां बाप को कुछ सुनाई नहीं दिया। रात करीब 12:00 बजे के बाद जितेंद्र का अपनी पत्नी स्वाति से झगड़ा हुआ था,उसी के बाद उसने पत्नी की हत्या कर दी। डीसीपी सहित समस्त मोदीनगर थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जॉच शुरू कर दी है।

# फायर सर्विस ने किया अग्नि सचेतकों की ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

**गाजियाबाद।** फायर सर्विस द्वारा जनपद के सभी फायर स्टेशनों पर अग्नि सचेतकों की विशेष ट्रेनिंग आयोजित की जा रही है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल आग लगने की स्थिति से निपटने की क्षमता विकसित करना है, बल्कि समाज में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना है। फायर विभाग का कहना है कि आग की घटनाएं कभी भी और कहीं भी हो सकती हैं। ऐसे में यदि प्रशिक्षित लोग मौजूद हों, तो नुकसान को कम किया जा सकता है। इस ट्रेनिंग के जरिए प्रतिभागियों को सिखाया जा रहा है।



आग लगने पर तुरंत और सही कदम उठाना, आपातक. ालीन स्थिति में शांत रहकर कार्य करना, आधुनिक उपकरणों का सही उपयोग करना, आसपास के लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना, एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम। बता दें, यह प्रशिक्षण एक सप्ताह तक चलेगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रतिभागियों को अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश अग्नि शमन एवं आपात सेवा नियमावली-2024 के अंतर्गत मान्य होगा।

नए नियमों के अनुसार कुछ विशिष्ट श्रेणी के भवनों में अग्नि सुरक्षा अधिकारी और कर्मियों की नियुक्ति अनिवार्य की गई है। इसके लिए प्रमाण पत्र होना जरूरी है। इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित होगा कि बड़े भवनों और संस्थानों में हमेशा प्रशिक्षित लोग मौजूद रहें और किसी भी अग्नि दुर्घटना से तुरंत निपटा जा सके। जागरूकता में वृद्धि: लोग आग की घटनाओं के प्रति अधिक सतर्क होंगे। आपातक. ालीन क्षमता में सुधार: प्रशिक्षित व्यक्ति किसी भी स्थिति में तुरंत और प्रभावी कदम उठा सकेंगे। दुर्घटनाओं की रोकथाम: शुरुआती स्तर पर ही आग को नियंत्रित किया जा सकेगा। समुदाय की सुरक्षा: प्रशिक्षण प्राप्त अग्नि सचेतक समाज को सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। गाजियाबाद फायर सर्विस की यह पहल न केवल आगजनी की घटनाओं में कमी लाने में मदद करेगी, बल्कि लोगों को भी सुरक्षित माहौल प्रदान करेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम हर जिले में नियमित रूप से होने चाहिए ताकि अग्नि सुरक्षा जन आंदोलन का हिस्सा बन सके।

# जाम से राहत दिलाने को लोनी पुलिस का कड़ा कदम

**गाजियाबाद।** अवैध पार्किंग हमारे शहर की बड़ी समस्या है जिसके कारण बहुत सारी दूसरी समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। इसके कारण न सिर्फ लोगों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने में देरी का सामना करना पड़ता है बल्कि कई बार तो इनके कारण लगने वाले जाम में एंबुलेंस भी फंस जाती हैं। लोनी पुलिस की ओर से अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया हैं। यह कार्यवाही लोनी भोपुरा मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ की गई। भोपुरा मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ लोनी पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्यवाही सामने आई है।

इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोगों को धारा 152(बीएनएस) के तहत नोटिस जारी किया गया और उन्हें जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी दी गई। इस कार्यवाही के दौरान सड़क पर अवैध पार्किंग कर खड़े किए गए वाहनों के चालान भी काटे गए, जिससे मार्ग पर बाधित हो रहे यातायात को सुचारू किया जा सके। इस पूरी कार्रवाई की निगरानी एसीपी टीलामोड अतुल कुमार एवं एसीपी ट्रैफिक सूर्यबली मौर्य ने मौके पर रहकर की। अधिकारियों ने सख्त लहजे में कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध पार्किंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण न हटाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दीक्षारंभ ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवीन छात्रों के लिए 'दीक्षारंभ 2025' ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, विभागों, शैक्षणिक अवसरों एवं भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि P.P. Rolling Mills Manufacturing Co. (P) Ltd. के प्रबंध निदेशक पंकज खन्ना रहे।

छात्रों के पंजीकरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात विभागाध्यक्षों एवं संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण एवं गति. विधियों की विस्तृत जानकारी दी। औपचारिक उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत विश्व. विद्यालय की उपलब्धियों एवं शैक्षणिक ढाँचे पर आधारित एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एसडीईएस के चांसलर एवं चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में शिक्षा में अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया। वाइस चेयरमैन अंकल अग्रवाल ने छात्रों को समर्पण और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल ने आत्मविश्वास और सकारात्मक



सोच को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने का संदेश दिया।

कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसांजीत कुमार ने अपने संबोधन में उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के बीच की खाई को पाटने की आवश्यकता पर बल दिया तथा विद्यार्थियों को अनुशासन, अवसरों के सदुपयोग और व्यावहारिक ज्ञान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव ने शिक्षा में हो रहे नए परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को समर्पण, दृढ़ निश्चय और सतत प्रेरणा के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का संदेश दिया। रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रंजन ने छात्रों से अनुशासन, सहभागिता, अवसरों का लाभ उठाने और कड़ी मेहनत को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि पंकज खन्ना ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तक तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्य और व्यावहारिक ज्ञान भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग जगत की चुनौतियों एवं अवसरों से अवगत कराते हुए सफलता के मंत्र साझा किए।

इसके अतिरिक्त, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक बृजेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट संबंधी प्रेजेंटेशन दिया। कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन अभिषेक पाल ने परीक्षा प्रणाली एवं मूल्यांकन की जानकारी दी। वहीं, डॉ. अंजु गौतम (भ्व्क एवं एसोसिएट प्रोफेसर) ने विभागीय ओरिएंटेशन सत्र प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के समापन पर वंदना शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इसके बाद राष्ट्रगान एवं अल्पाहार के साथ औपचारिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसके पश्चात छात्र-छात्राएँ अपने-अपने विभागों में ओरिएंटेशन सत्र हेतु प्रस्थान किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएँ एवं विशिष्ट अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्कूल शिक्षा अधिनियम को मिली मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, २०२५ को मंजूरी मिल गई है, उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसे अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसके बाद सरकार ने इसे अधिसूचित कर दिया है। यह कानून आज से दिल्ली में लागू हो गया है।

दिल्ली विधानसभा में आठ अगस्त को यह विधेयक पारित किया गया था। इस कानून ने स्कूलों में एक सुदृढ़, पारदर्शी और सहभागी शुल्क विनियमन प्रणाली स्थापित की है। यह विधेयक अभिभावक, शिक्षक, प्रबंधकों और सरकार के प्रति. निधित्व वाली स्कूल स्तरीय फीस नियंत्रित समितियों को अनिवार्य बनाता है। अब किसी भी प्रकार की फीस बढ़ोतरी के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक है। यह विधेयक बहु:स्तरीय शिकायत निवारण प्रदान करेगा और विवादित शुल्क के लिए छात्रों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाएगा। स्वीकृत की गई निर्धारित फीस तीन वर्षों तक यथावत रहेगी, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ का असर कम होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के उस दृष्टिकोण के अनुरूप व्यवस्था, जिसका उद्देश्य शिक्षा में मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाना है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार यह कानून अब शिक्षा के व्यवसायीकरण पर अंकुश लगाएगा और स्कूलों की फीस निर्धारण में पारदर्शिता, जवाबदेही व निष्पक्षता सुनिश्चित करेगा। पूर्व सरकारों ने इस मामले को कभी गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते अभिभावकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा। पूर्व सरकार ने अपने शिक्षा माडल का झूठ फैलाया लेकिन न तो फीस सिस्टम को दुरुस्त किया और न ही शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए प्रयत्न किए।

इसका परिणाम यह हुआ कि पूर्व सरकार के समय में फीस व अन्य मामलों में अभिभावकों और छात्रों को लगातार और गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा, स्कूलों ने बिना किसी कारण के फीस में भारी बढ़ोतरी की कुछ स्कूलों ने तो बेखौफ ३०-४५ प्रतिशत तक फीस बढ़ाई।

## पति ने बेवफाई के शक में की पत्नी की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के महरौली थाने की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने अपने साथियों की मदद से अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव को कब्रिस्तान में दफना दिया था।इसके बाद उसके दोनों साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त एक कार बरामद की है। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि १० अगस्त को इस्लाम कॉलोनी, महरौली निवासी एक तीस वर्षीय महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसकी महिला मित्र ने महरौली थाने में दर्ज कराई थी।

इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू की गई।जाँच के दौरान टीम को तकनीकी निगरानी और सीसीटीवी विश्लेषण से पता चला कि ३१.जुलाई को महिला का पति शबाब अली (४७) अपने साथियों के साथ उसे बेहोशी की हालत में एक कार में ले जाते हुए देखा गया था। कड़ी पूछताछ में, शबाब अली टूट गया और उसने कबूल किया कि ०२ अगस्त को बेवफाई के शक में उसने अपनी पत्नी को नींद की गोलियाँ और जहरीला खरपतवारनाशक देकर उसकी हत्या कर दी।उसने आगे बताया कि उसने अपने साथियों की मदद से ०२ अगस्त की रात को शव को ले जाकर एक कब्रिस्तान में दफना दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर शव को कब्र से बाहर निकाला गया।इसके बाद पुलिस ने आरोपी शबाब अली (पति) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पतंग उड़ाते समय छत से गिरा नाबालिग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जाकिर नगर इलाके में अपने घर की छत पर पतंग उड़ाते समय एक 12 वर्षीय बच्चे का पैर फिसल गया। जिसके बाद वह छत से नीचे आ गिरा। सड़क से गुजर रहे बाइक सवार युवकों ने शोर मचाकर घायल बच्चे के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले की सूचना के बाद पहुंची जामिया नगर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने बताया कि १२ वर्षीय मोहम्मद साद अपने परिवार के साथ जाकिर नगर इलाके में रहता था। उसके पिता शाब. द्दीन वेल्डिंग का काम करते हैं। जबकि बच्चा बाटला हाऊस स्थित सरकारी स्कूल की छठी कक्षा में पढ़ाई करता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि १७ अगस्त की शाम करीब ४ बजे मोहम्मद साद अपने चार मंजिला इमारत की छत पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाने के दौरान मोहम्मद साद का पैर फिसल गया और वह इमारत से नीचे आ गिरा। मोहम्मद साद गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि हादसे का परिजनों को पता नहीं चला। वहां से गुजर रहे बाइक सवार दो युवकों ने बच्चे को सड़क पर घायल अवस्था में पड़े देखकर घर के बाहर शोर मचाया, जिसके बाद परिजन और पड़ोसी घर से बाहर आए। परिजनों ने मोहम्मद साद को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। जामिया नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच के दौरान पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच में पुलिस ने मोहम्मद साद को पतंग उड़ाते और नीचे गिरते हुए पाया। मामले में किसी भी तरह की कोई साजिश नहीं पाई गई, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जाकिर नगर इलाके में हुए इस हादसे का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में बच्चा छत पर पतंग उड़ाते हुए दिखाई दे रहा है। पतंग उड़ाते हुए बच्चा पीछे हुआ और सीधा नीचे जा गिरा। बच्चे के गिरते समय नीचे से स्कूटी सवार जा रहा था वह बच्चे की चपेट में आने से बच गया।

# उद्योग मंत्री ने किया फैब लैब का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक आईओटी और फैब लैब का उद्घाटन किया। यह लैब दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की सीएसआर पहल के तहत स्थापित की गई है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लगातार दिल्ली को देश की स्टार्टअप कैपिटल बनाने पर जोर देती रही हैं, वहीं शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अकादमिक पढ़ाई को इंडस्ट्री की जरूरतों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है। श्री सिरसा ने कहा, "मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री की दूरदृष्टि तथा शिक्षकों और छात्रों के योगदान से ही ऐसी आधुनिक लैब्स बन रही हैं।" उद्घाटन के अवसर पर सिरसा ने कहा, "एनएसयूटी के हमारे होनहार छात्र तकनीक और इनोवेशन के क्षेत्र में कमाल कर रहे हैं। सस्ते एयर प्यूरीफायर बनाने से लेकर स्वदेशी एआई मॉडल और चिप्स तैयार करने तक, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने वाले ड्रोन से लेकर थ्रीडी और लेजर प्रिंटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों तक ख्र ये इनोवेशन दिल्ली को देश का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी हब बना देंगे।" मंत्री ने आगे कहा कि यह पहल भविष्य के उद्यमियों की नई पीढ़ी तैयार कर रही है। "ऐसी लैब्स क्लासरूम लर्निंग को रियल वर्ल्ड चौलेंजेस से जोड़ने का काम करती हैं। यह सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं है ख्र लक्ष्य है कि भारत वैश्विक स्तर पर तकनीक और इनोवेशन का लीडर बने।"उन्होंने कहा,कि "मंदिरों के फेंके फूलों को एयर प्यूरीफायर में बदलने से लेकर हमारे इनक्यूबेशन इकोसिस्टम से निकली ग्लोबल कंपनियों तक, स्टूडेंट्स यह साबित कर रहे हैं कि विचारों को कैसे असरदार समाधानों में बदला जा सकता है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत/२०४७ के विजन का ही हिस्सा है, जहाँ यूनिवर्सिटी, इंडस्ट्री, छात्र और सरकार मिलकर आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रहे हैं।" उद्घाटन समारोह में १६ छात्र और फैकल्टी-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स और प्रोजेक्ट्स ने अपने इनोवेशन पेश किए, जिन्हें मंत्री ने सराहा।



**उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में फैब लैब का उद्घाटन किया।**

## एक नजर

### स्कूलों की फीस को लेकर बना कानून मध्यम वर्ग के खिलाफ: सौरभ भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम 2025 लागू हो गया। इसको लेकर विपक्ष दिल्ली सरकार पर हमलावर हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, निजी स्कूलों की फीस को लेकर नया शिक्षा कानून बनाया गया है। यह पूरी तरह से निजी स्कूल मालिकों के लिए बनाया गया है और मध्यम वर्ग और बच्चों के अभिभावकों के खिलाफ है।

### युवक का शव मिला

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र में एक युवक का मिला शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। युवक नरेला में ही एक फैक्ट्री में काम करता था। सोमवार देर रात फैक्ट्री से वेतन लेकर भोरगढ़ स्थित अपने घर के लिए निकला था। वहीं, आज (मंगलवार) सुबह सड़क किनारे उसका शव मिला।

### क्रिप्टो निवेशकों के लिए सुरक्षा प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** भारत के क्रिप्टो निवेशकों के लिए सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता बनकर उभरी है। कॉइनस्विच द्वारा किए गए एक पैन-इंडिया सर्वे के अनुसार कॉइनस्विच देश का सबसे बड़ा क्रिप्टो प्लेटफॉर्म है, जिसके पास 2 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। कॉइनस्विच के सह-संस्थापक आशीष सिंघल ने कहा, "भारत में क्रिप्टो अपनाने की कहानी उतनी ही भरोसे पर आधारित होगी, जितनी नवाचार पर। यह सर्वे उस बात की पुष्टि करता है, जिस पर हम लंबे समय से विश्वास करते आए हैं, उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म से केवल मुनाफा ही नहीं, बल्कि सुरक्षा, जवाबदेही और स्पष्ट समाधान तंत्र की भी उम्मीद रखते हैं। यही आने वाले विकास चरण की नींव है।

### सोलो कला प्रदर्शनी का आयोजन



**नई दिल्ली।** कलाकार सीमा पटेल के दवारा "नारीत्व" नामक सोलो कला प्रदर्शनी का आयोजन 22 से 24 अगस्त 2025 तक लोकायत आर्ट गैलरी हौज खास नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस अवसर पर सीमा पटेल ने बताया की उन्होंने अहमदाबाद में औपचारिक कला की शिक्षा प्राप्त की। प्रदर्शनी में नारीत्व की भावना, शक्ति और आत्मीय यात्रा पर आधारित 40 से ज्यादा कलाकृतिया प्रदर्शित होगी।

ऑयल, ऐक्रेलिक, जलरंग, ग्रेफाइट और कॉफी सहित विभिन्न माध्यमों में 1000 से ज्यादा कलाकृतियाँ बनाई हैं, सिमा पटेल ने इंडिया आर्ट फेस्टिवल मुंबई और बैंगलोर, अहमदाबाद नी गुफा, वर्ल्ड आर्ट दुबई, सीकेपी बैंगलोर और नेहरू आर्ट सेंटर सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भाग लिया है। उनके काम को क्षितिज आर्ट फाउंडेशन से स्वर्ण पदक, कनेक्ट विमेंस क्लब से सर्वश्रेष्ठ कलाकार और प्रमुख सांस्कृतिक हस्तियों और संस्थानों से मान्यता सहित कई पुरस्कार मिले हैं। नारीत्व श्रृंखला की प्रत्येक पेंटिंग महिलाओं के विविध अनुभवों को दर्शाती है।

### धारदार हथियार की नोक पर की रॉबरी, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के सराय रोहिल्ला थाने की टीम ने धारदार ब्लेड की नोक पर हुई रॉबरी का मामला सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके दूसरे साथी की तलाश की जा रही है। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि १५.अगस्त को सराय रोहिल्ला थाने में धारदार हथियार से रॉबरी की एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची जहाँ शिकायतकर्ता ने बताया कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने धारदार ब्लेड की नोक पर उसका प्लास्टिक कैरी बैग लूट लिया जिसमें नगदी और कुछ दस्तावेज की प्रति आदि थे।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस जेजे सेल का महासचिव नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस जे जे सेल के चेयरमैन देवेन्द्र कुमार (काकु) के द्वारा यतेंद्र कुमार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस जे जे सेल का महासचिव नियुक्त किया गया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस जे जे सेल का महासचिव नियुक्त होने पर यतेंद्र कुमार ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस जे जे सेल के चेयरमैन देवेन्द्र कुमार (काकु) का आभार प्रकट किया और कहा कि जिस उम्मीद से मुझे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस जे जे सेल का महासचिव नियुक्त किया गया है मैं उस उम्मीद पर खरा उतरूंगा। यतेंद्र कुमार ने आगे कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है मैं उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा। यतेंद्र कुमार ने आगे कहा कि मैं पूरा प्रयास करूंगा कि अपने पद पर रहते हुए मैं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करूं। इस अवसर पर संजीव शर्मा (किसान) ने कहा कि यतेंद्र कुमार काफी सक्रिय कार्यकर्ता हैं और इस नई जिम्मेदारी के लिए यतेंद्र कुमार को बहुत बहुत बधाई और निश्चित ही अपने पद पर रहते हुए यतेंद्र कुमार कांग्रेस के जे जे सेल को नई मजबूती देंगे। इस मौके पर जगदीश मजरवाल, सुनील अग्रवाल, सुधीर बंसल आदि भी मौजूद रहे।



## खून से लथपथ मिली लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के दो अलग-अलग इलाकों में दो युवकों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अशोक विहार थाना क्षेत्र के वजीरपुर औद्योगिग क्षेत्र में सड़क पर खून से लथपथ एक युवक का शव मिला है। शरीर पर कई गहरे जख्मों के निशान भी मिले हैं, तेज धारदार हथियार से हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई। पुलिस हत्या और सड़क हादसा दोनों ही पहलू से जांच कर रही है।

# पानी की किल्लत को लेकर सीएम को लिखी चिट्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर दिल्ली में पानी की कमी की समस्या दूर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मानसून में भी दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं।

कालकाजी, बदरपुर और साउथ-सेंट्रल दिल्ली समेत दिल्ली के कई इलाकों में नलों में पानी सूख चुका है। दिल्ली की सड़कों पर पानी भरा है, लेकिन नलों में पानी नहीं है। यही भाजपा सरकार की बदइंतजामी का सच है। जब मानसून में यह हाल है तो गर्मियों में क्या होगा? चार इंजन की सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को लिखी चिट्ठी में कहा कि मैं आपका ध्यान दिल्ली के कई हिस्सों में निवा. सियों द्वारा झेली जा रही गंभीर जल संकट की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। दिल्ली के कई घनी आबादी वाले कालकाजी, बादरपुर, ओखला, दक्षिण और मध्य दिल्ली के कई हिस्से में अज्ञात कारणों से लोग भीषण जल संकट का सामना कर रहे हैं।



**जम जम फाउन्डेशन द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दूराव अस्पताल के सीनियर डॉक्टर्स को विकसित भारत सम्मान 2025 से सम्मानित करते अध्यक्ष शमीम अहमद खान व उपाध्यक्ष ममता आनन्द।**

# हिन्दूराव अस्पताल के सीनियर डॉक्टर्स विकसित भारत सम्मान से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम जम फाउन्डेशन के द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली नगर निगम के सबसे बड़े हिन्दूराव अस्पताल के सीनियर डॉक्टर्स को विकसित भारत सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान और उपाध्यक्ष ममता आनन्द ने आज हिन्दूराव अस्पताल जाकर सभी सीनियर डॉक्टर्स को यह सम्मान दिया

शमीम अहमद खान ने बताया कि हिन्दूराव अस्पताल के डॉक्टर्स बहुत ही सेवाभाव से मरीजों का उपचार करते है जबकि अस्पताल में संसाधनों की बहुत कमी भी है उसके बावजूद सभी डॉक्टर्स पूरी मेहनत से अपना कार्य करते है जम जम फाउन्डेशन की उपाध्यक्षा ममता आनन्द ने बताया की स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जम जम फाउन्डेशन ने 13 अगस्त 2025 को हिन्दूराव अस्पताल के डॉक्टर्स पासी ऑडिटोरियम में एक विकसित भारत सम्मान 2025 कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें डॉक्टर्स और पत्रकारों को सम्मानित किया गया था परन्तु हिन्दूराव अस्पताल के कुछ सीनियर डॉक्टर्स की ओटी होने की वजह से वह कार्यक्रम में शामिल नही हो सके थे जिसकी वजह से उन्हें आज यह सम्मान दिया गया

जम जम फाउन्डेशन के द्वारा आज हिन्दूराव अस्पताल से डॉ. रत्ना चौपड़ा डॉ. अमिताभ शर्मा डॉ. हेमन्त शर्मा डॉ. संजय कुमार गुप्ता डॉ. अनिल तंवर डॉ अल्का चन्द्रा डॉ. ओम प्रकाश डॉ. आर. के. रंजन डॉ दीपक कुमार दास डॉ. पंकज कुमार अग्रवाल डॉ. आर.एन. सहाय डॉ. धर्मेन्द्र सिंह डॉ. दीपक भसीन डॉ. धर्मवीर आदि को सम्मानित किया गया इस अवसर पर जम जम फाउन्डेशन से मानसी सिंह और मनोज कुमार भी उपस्थित थे

# 27 सितंबर से 'राम से राम तक' की कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वूमेन प्रेस क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में 27 सितंबर 2025 को विश्व सनातन सम्मेलन का भव्य आयोजन जगतगुरु स्वामी डॉ. वेद पुत्र जी महाराज (पीठाधीश्वर श्री सिद्ध भैरव विद्यापीठ) के पावन सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है।इस दिव्य आयोजन का केंद्र बिंदु "राम से राम तक की कथा" होगी। जिसका वाचन जगतगुरु स्वामी डॉ. वेद पुत्र जी महाराज अपने श्रीमुख से करेंगे।



यह कथा केवल अध्यात्म हीनहीं, बल्कि राम से राष्ट्र और राष्ट्र से राम तक की यात्रा का सजीव संदेश देगीख्र जो सनातन।संस्कृति, शांति और वैश्विक एकता का मार्ग प्रशस्त करेगी। विश्व सनातन सम्मेलन की प्रमुख विशेषताएं:"विश्व सनातन गौरव सम्मान" के अंतर्गत देश-विदेश से आए विशिष्ट जनों का सम्मान करना है। चयनित व्यक्तित्वों को विशेष गाउन, प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाणपत्र से अलंकृत किया जाएगा।

सवा लाख मित्रों से सिद्ध चांदी युक्त रुद्राक्ष माला, सवा लाख मंत्रों से युक्त स्वर्णमय भगवान की प्रतिमा, एवं दिव्य चांदी युक्त श्रीराम दरबार की प्रतिमा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर महामंडलेश्वर पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा, श्री श्री 1008 अनंत विभूषित स्वामी वेद मूर्ति गिरी जी महाराज ने कहा "यह सम्मेलन सनातन की सार्वभौमिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का अनूठा प्रयास है।" सम्मेलन का संदेश है: "एक हाथ में तिरंगा ख्र दूसरे हाथ में रामचरितमानस।"

यही भाव राम को जन-जन तक और राष्ट्र को राममय बनाने का संकल्प है।तथा वहीं इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रियांशु पांडे, वेद प्रकाश जी, सौरभ सचान, एवं घनश्याम जी मौजूद होंगे।

# मनुष्य को मनुष्य बनाने का काम करता है रस: प्रो. योगेश सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि रस मनुष्य को मनुष्य बनाने का काम करता है। जीवन से रस निकल जाए तो मनुष्य पर ऐसा प्रभाव होता है जैसे मिट्टी से पानी निकाल देने पर वह रेत हो जाती है।

प्रो. योगेश सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा डॉ. नगेन्द्र व्याख्यानमाला के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय व्याख्यान के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध साहित्यकार नंदकिशोर आचार्य बतौर मुख्य वक्ता एवं डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी व डीयू सांस्कृतिक परिषद के चेयरपर्सन अनूप लाठर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कला संकाय स्थित सत्यकाम भवन के संगोष्ठी कक्ष में किया गया।कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन भर नहीं है, बल्कि वह समाज को नई दिशा देने वाला साधन है। रस की अवधारणा इस प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाती है। यह व्यक्ति के भीतर संवेदनाओं का ऐसा संसार निर्मित करती है, जो धीरे-धीरे पूरे समाज के लिए प्रेरक बन सकता है। उन्होंने कहा कि साहित्य तभी सार्थक है जब वह समाज को संतुलित और सामंजस्यपूर्ण बनाने की दिशा में योगदान दे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# रामलखन हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

## ज़मीनी विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को उतारा था मौत के घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने 12 अगस्त को गांव देहरा रामपुर में हुई रामलखन की हत्या का खुलासा करते हुए उनके भाई यशपाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई लोहे की फावड़ी भी बरामद की है।

एएसपी विनीत भटनागर ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव देहरा रामपुर में 12 अगस्त को रामलखन का शव उनके घर में मिला था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस मामले की जांच के लिए विशेष टीमें बनाई गई थी। जांच के दौरान पुलिस को मृतक के भाई यशपाल पर शक हुआ। गहन पूछताछ में यशपाल ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि यशपाल ने बताया कि उसका छोटा भाई रामलखन शराब पीने का आदी था और अक्सर परिवार के लोगों से झगड़ा करता था। रामलखन गांव में अकेले रहता था और अपनी संपत्ति को बर्बाद कर रहा था, जिससे परिवार में काफी तनाव था। घटना के दिन यशपाल गाजियाबाद से अपने गांव आया था। दोनों भाइयों ने साथ बैठकर शराब पी। इसी दौरान यशपाल ने रामलखन से शादी करने और संपत्ति बर्बाद न करने की बात कही, जिस पर रामलखन गुस्से में आ गया और उसने यशपाल पर कुर्सी से हमला कर दिया। गुस्से में आकर यशपाल ने पास रखी लोहे की फावड़ी उठाई और रामलखन के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद यशपाल मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने यशपाल को ठंडी सड़क से गिरफ्तार किया है।



# हाइवे पर स्टंटबाज़ी करना पड़ा भारी, यातायात पुलिस ने किया 26,500 का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र में जान जोखिम में डालकर बाइक पर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। वायरल वीडियो में चार युवक एक बाइक पर सवार होकर नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्टंट करते नजर आ रहे थे, जिसमें से एक युवक बाइक पर खड़ा होकर करतब दिखा रहा था।

यातायात पुलिस ने वायरल वीडियो का तुरंत संज्ञान लेते हुए बाइक का 26,500 का चालान किया है। यह चालान बिना हेलमेट, ओवरलोडिंग, और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने जैसे नियमों के उल्लंघन के लिए काटा गया है। पुलिस ने अभी तक स्टंट करने वाले युवकों की पहचान नहीं की है और उनकी तलाश जारी है। यातायात प्रभारी छवि राम ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से ऐसी खतरनाक हरकतों से बचने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की है। यह घटना दिखाती है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ में युवा अपनी और दूसरों की जान को खतरे में डाल रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों के सख्त पालन और लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।



# अवैध कब्ज़े व मीट की दुकानों को लेकर डीएम से मिली रामलीला समिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रामलीला समिति ने रामलीला मैदान और उसके आसपास हो रहे अवैध कब्जों, गेटों और मांस की दुकानों के खिलाफ प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। समिति ने आरोप लगाया है कि भूमाफिया और कुछ दबंगों ने रामलीला मैदान की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है, जिससे धार्मिक स्थल की पवित्रता और सुरक्षा खतरे में है।



समिति का कहना है कि खसरा संख्या 414 की बंजर भूमि और रामलीला मैदान के रास्ते पर भूमाफिया ने कब्जा करके अवैध गेट लगा दिए हैं। मैदान के पास मांस और चिकन की दुकानें खोली गई हैं, जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। समिति का आरोप है कि जब भी वे मैदान की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल बनाने की कोशिश करते हैं, तो ये लोग लड़ाई-झगड़ा करके काम रुकवा देते हैं। इस वजह से धार्मिक स्थल की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। समिति के अध्यक्ष विनोद वर्मा और महामंत्री उमेश अग्रवाल ने डीएम अभिषेक पांडे से मुलाकात की। डीएम ने उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को रामलीला मैदान से डंपिंग ग्राउंड हटाने और सफाई व्यवस्था बनाए रखने का आदेश दिया है। उन्होंने अवैध मांस की दुकानों की जांच करके उन पर कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है। डीएम ने साफ कर दिया है कि शहर में किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। समिति ने प्रशासन से एक संयुक्त टीम बनाकर दिल्ली रोड धर्मकांटे से लेकर रामलीला मैदान के गेट नंबर-2 तक फैले सभी अवैध निर्माण, गेट, दुकानें और खोखे हटाने की मांग की है।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में एनीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए लगा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस ने किशोरावस्था में होने वाले एनीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया। यह कैंप पिलखुवा के सर्वेध्य विद्यालय में आयोजित किया गया, जहाँ छात्रों को एनीमिया के लक्षणों, पहचान और बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कैंप में डा. भावना कोहली, जो बाल रोग विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक हैं उन्होंने छात्रों को बताया कि एनीमिया, खासकर किशोरावस्था में एक गंभीर समस्या है। उन्होंने इसके कुछ सामान्य लक्षण भी बताए, जैसे भूख न लगना या जल्दी थक जाना, सांस फूलना, आंखों की पलकें, नाखून और जीभ का सफेद या पीला दिखना, पैरों में सूजन आना, डा. कोहली ने छात्रों को एनीमिया से बचाव के तीन आसान उपाय भी सुझाए। हर 6 महीने में पेट के कीड़ों की दवा लें ताकि शरीर भोजन से पोषक तत्वों को ठीक से सोख सके। डा. पल्लवी ने सरस्वती अस्पताल में उपलब्ध अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया। संस्थान के निदेशक, महाप्रबंधक और अस्पताल प्रशासक ने इस बात पर जोर दिया कि सरस्वती अस्पताल का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प के तहत संस्थान लगातार इस तरह के स्वास्थ्य कैंप आयोजित करता रहेगा। संस्थान के चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। यह कैंप सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस की समाज को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



# प्रॉपर्टी व ट्रेडिंग के नाम पर व्यक्ति से 33.50 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति से दुबई की प्रॉपर्टी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 33.50 लाख की धोखाधड़ी की गई है। इस मामले में थाना हापुड़ देहात के मोहल्ला साकेत एंक्लेव के निवासी ललित प्रकाश ने शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार ललित प्रकाश ने अपनी शिकायत में बताया कि तेलंगाना स्थित कंपनी जीटीआर प्रॉपर्टीज एंड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक मोहम्मद नवाज और उनके साथियों ने उन्हें धोखा दिया। इस धोखाधड़ी में मुख्य भूमिका महेश चंद्रा ने निभाई जो गाजियाबाद में रहता है और कंपनी का इंटरनेशनल प्लान प्रमोटर है। इस नेटवर्क में रिहाल खान और संदीप तोमर भी शामिल थे। आरोप है कि नवंबर 2024 में गाजियाबाद में एक सेमिनार के दौरान महेश चंद्रा ने ललित प्रकाश को कंपनी में निवेश करने के लिए लुभाया। उसने दावा किया कि निवेश पर 10 से 15 प्रतिशत मासिक रिटर्न मिलेगा। महेश चंद्रा के वादों पर विश्वास करके ललित प्रकाश ने आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से 33.50 लाख कंपनी के खातों में ट्रांसफर कर दिए। चार महीने बाद भी जब ललित प्रकाश को न तो कोई लाभ मिला और न ही उनका पैसा वापस किया गया, तो उन्होंने आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन आरोपियों ने अपने फोन बंद कर दिए, जिसके बाद ललित प्रकाश को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित की शिकायत के आधार पर, थाना साइबर क्राइम में अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सीओ सिटी जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और जल्द ही इस धोखाधड़ी के नेटवर्क का खुलासा करने का दावा किया है। हापुड़ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी निवेश योजना में पैसा लगाने से पहले उसकी विश्वसनीयता और वैधता की पूरी जांच कर लें। सीओ ने सलाह दी कि अगर कोई ऐसी ठगी का शिकार होता है, तो उसे तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर में एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में न्यायलय ने दोषी अरशद को 20 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 15,000 का जुर्माना भी लगाया है।




जानकारी के अनुसार यह घटना 13 अगस्त 2019 को गढ़मुक्तेश्वर में हुई थी। विशेष लोक अभियोजक हरेंद्र त्यागी ने बताया कि आरोपी अरशद ने पीड़िता की भाभी हारून के साथ मिलकर नाबालिग को बहला-फुसलाकर जंगल में ले गया। उस समय पीड़िता घर पर अकेली थी। इसके बाद अरशद पीड़िता को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अरशद को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने इस मामले पर फैसला सुनाया। अदालत ने अरशद को दोषी मानते हुए 20 साल का सश्रम कारावास और 10,000 का जुर्माना 4 साल का सश्रम कारावास और 5,000 का जुर्माना भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत 1 साल का सश्रम कारावास भारतीय दंड संहिता की धारा 323 के तहत न्यायाधीश ने आदेश दिया है कि आरोपी द्वारा चुकाया गया कुल 15,000 का जुर्माना पीड़िता को दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पीड़िता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ की तरफ से मुआवजे के तौर पर 1,00,000 की सहायता राशि भी मिलेगी।

## एक नजर

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि नाबालिग लड़की के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी गुलजार आलम पुत्र असलम निवासी सफियाबाद लौटी बस स्टैण्ड के पास थाना मुण्डाली जनपद मेरठ को मेरठ रोड़ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अवैध चाकू के साथ संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड देहात पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध चाकू के साथ संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के कब्ज़े से एक अवैध चाकू बरामद किया है। थाना देहात प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के मोहल्ला इन्द्रगढी समर गार्डन के पास से चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिए और थाने ले आई। उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ में संदिग्ध युवक की पहचान अनस पुत्र सलीम निवासी मोरपुरा थाना हापुड देहात जनपद हापुड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने युवक के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। युवक को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### फर्जी पॉलिसी बांड बनाकर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर फर्जी पॉलिसी बांड बनाकर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में नामजद आरोपी राहुल दीक्षित पुत्र जयपाल शर्मा निवासी डबल स्टोरी गोविन्दपुरी थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद को उसके मसकन से गिरफ्तार कर लिया है।

गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के ब्रजघाट में स्थित कृष्णा आश्रम में बने गुरुकुल में आचार्य के पद पर तैनात पंडित चंद्रशेखर तिवारी द्वारा 4 में 2025 को गढ़मुक्तेश्वर थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि पंडित चंद्रशेखर तिवारी के शिष्य ब्रजकांत मिश्रा ने अपने साथी राहुल दीक्षित, शिवानी त्यागी, तान्या चौधरी, संजीव शर्मा विकास गर्चा और कनिका चौधरी के साथ मिलकर एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर फर्जी पॉलिसी बांड बनाकर 25, 25,297 लाख रूपये यूपीआई द्वारा तथा 4,50,000 रूपये नगद कुल 29,75, 297 लाख रूपये की ठगी कर डाली। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि संबंधित मामले में पंडित चंद्रशेखर तिवारी की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने ठगी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी नामजद आरोपी राहुल दीक्षित पुत्र जयपाल शर्मा निवासी डबल स्टोरी गोविन्दपुरी थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद को उसके मसकन से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करने का पुलिस दावा कर रही है।

### पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को दिखाया सलाखों का रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश बादल पुत्र जयप्रकाश को सबली गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है। बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंया मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। उन्होंने बताया कि हिस्ट्रीशीटर बदमाश की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला रमपुरा में करीब दो महीने पूर्व हुए झगड़े की घटना में फरार चल रहे आरोपों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक 15 जून 2025 को थाना क्षेत्र के मोहल्ला रमपुरा में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों में हुई मारपीट के दौरान घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया था और मामले में कार्रवाई करते हुए 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को पुलिस ने दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी सचिन कुमार उर्फ चिन्नौरी पुत्र ईश्वर चन्द निवासी मोहल्ला रमपुरा थाना पिलखुवा जनपद हापुड को उसके मसकन से गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस इस मामले में आठ लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उन्होंने बताया कि फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**हापुड़।** नगर क्षेत्र के कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और भरण-पोषण के लिए जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़ की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिले में चल रहे सभी 36 गो आश्रय स्थलों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि गो आश्रय स्थलों पर 24 घंटे केयरटेकर मौजूद रहें और चारा-पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही मृत गोवंशों का शव निस्तारण वैज्ञानिक विधि से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सभी अभिलेखों को पूरा रखने और बारिश के कारण होने वाले कीचड़ की समस्या को दूर करने के लिए मिट्टी भरवाकर खड़ंजा लगवाने का निर्देश दिया। बैठक में गढ़मुक्तेश्वर में बाढ़ की समस्या को देखते हुए गो आश्रय स्थलों में जल-भराव की स्थिति पर चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि वहां बाढ़ की कोई समस्या नहीं है। बैठक में सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपनी-अपनी तहसील में चारागाह की भूमि की पहचान कर चारा बोएं। पशु चिकित्साधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओपी मिश्रा ने बताया कि शेखपुर खिचरा प्रथम में नए वृहद गौ संरक्षण केंद्र का निर्माण पूरा हो गया है और जल्द ही इसका संचालन शुरू किया जाएगा। गांव पारपा, हिण्डालपुर और हिम्मतपुर में निर्माणाधीन केंद्रों का 40प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने नगरपालिका अधिकारियों को नई कान्हा गोशाला के निर्माण के लिए भूमि की पहचान करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि शहरी क्षेत्रों में पाले जाने वाले पशुओं का पंजीकरण किया जाए और यदि कोई पशुपालक गोवंशों को खुले में छोड़ता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश पर हमलावरों ने की फायरिंग, बाल-बाल बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** देहात थाना क्षेत्र के स्वर्गाश्रम रोड पर सोमवार की देर शाम एक चौंकाने वाली घटना हुई, जिसमें एक हिस्ट्रीशीटर पर गोली चलाई गई। यह घटना उस समय हुई जब हापुड़ कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर अतुल त्यागी अपने जिम से लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम को जब अतुल त्यागी अपनी स्कूटी पर सवार होकर लौट रहे थे, तो बाइक पर आए हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। इस हमले में एक गोली उनकी स्कूटी पर लगी, जबकि दूसरी उनके कूल्हे के पास लगी। जिससे वह घायल हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और हमलावर मौके से फरार हो गए। अतुल को तुरंत देवनंदिनी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अब वह खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। हापुड़ के एएसपी विनीत भटनागर, सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा सहित कई पुलिस अधिकारी और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हमलावरों को पकड़ने के लिए रात भर जगह-जगह दबिश दी। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि अतुल त्यागी हापुड़ नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ 17 मामले दर्ज हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस को तीन हमलावरों के खिलाफ शिकायत मिली है और मामले की जांच के लिए फील्ड यूनिट जुट गई है।

# चैकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक बदमाश साहिल पुत्र साजिद निवासी पिपलैडा थाना धौलाना जनपद हापुड को हिंदुवान कट के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंया मय दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बदमाश कि गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# युवक के साथ मारपीट का वीडियो वायरल पुलिस ने दो आरोपियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने युवक के साथ मारपीट के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्ज़े से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव बदरखा निवासी अनस पुत्र उम्मेद द्वारा थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि पीड़ित 6 जुलाई की रात्री को करीब 9 बजे सद्दाम की दुकान ग्राम बदरखा के पास दुकान पर सामान लेने गया था तभी गांव के ही अरबाज पुत्र जहांगीर व सहवाज पुत्र आलम ने आकर मुझे बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे डाली। युवक के साथ मारपीट की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज किया और युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी शहवाज पुत्र आलम और अरबाज पुत्र जहागीर निवासी गांव बदरखा थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड को बदरखा कट के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है।

# बाढ़ का खतरा दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। इसके चलते हरियाणा के यमुनानगर में स्थित हथिनीकुंड बैराज के सभी १८ गेट खोल दिए गए हैं। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और लाल किले से सटे यमुना बाजार में पानी भर गया है। हालाँकि खतरे इलाका आधी रात को ही खाली करा लिया गया था। दिल्ली-एनसीआर पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

वहीं, मौसम विभाग ने हरियाणा और पंजाब के कई इलाकों में इस हफ्ते भारी बारिश की चेतावनी दी है। इससे संकट गहराने के आसार हैं। यमुना नदी सोमवार को दोपहार बाद खतरे का निशान पार कर गई है। नदी के बाढ़ क्षेत्र में अब किसी को रुकने की इजाजत नहीं है। पानी क्षमता से ज्यादा होने के बाद अब हरियाणा में हथिनीकुंड बैराज के सारे गेट खोल दिए गए हैं। यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली पुलिस और डीडीएमए की राहत बचाव टीमों ने यमुना के किनारे की झुग्गियों में सर्च ऑपरेशन चलाया। प्रशासन ने यमुना के बाढ़ क्षेत्र से सभी को बाहर निकाला।

पूर्वी दिल्ली में गीता कॉलोनी के पास बंध रोड पर बने केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से २४ घंटे यमुना के जलस्तर की निगरानी हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि वे बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। दिल्ली बोट क्लब में करीब २४ नौकाएं, गोताखोर, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली स्वास्थ्य विभाग की टीमें आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। हथिनीकुंड बैराज से रविवार को करीब १.७९ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, वहीं सोमवार को फिर दोपहर में करीब १.८० लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रविवार को छोड़ा गया पानी आधी रात में दिल्ली पहुंचेगा, जबकि सोमवार को छोड़ा गया पानी मंगलवार को शाम तक दिल्ली पहुंचेगा। इसके बाद आशंका है कि दिल्ली का जलस्तर २०६० मीटर के पार चला जाएगा।

दिल्ली में इतने जलस्तर को बाढ़ माना जाता है, तब लोगों को यमुना बाढ़ क्षेत्र से हर हाल में बाहर निकाल दिया जाता है। सोमवार की आधी रात में पानी अचानक बढ़ने की आशंका को देखते हुए लोगों को पहले ही बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की गई है। मौजूदा समय हथिनीकुंड बैराज से करीब एक लाख क्यूसेक पानी हर घंटे छोड़ा जा रहा है। पानी बढ़ने के बाद यमुना बाजार इलाके में कई सीवेज का पानी ओवर फ्लो कर रहा है।

## भतीजे ने किया चाचा का कत्ल

**नई दिल्ली।** सुंदर नगरी में चाकू से हमला कर भतीजे ने चाचा को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची अपराध और एफएसएल टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी घटनास्थल की जाँच की। मामले को लेकर नंद नगरी थाने में धारा १०३(१) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक शाम लगभग ०७:५१ बजे, जी-ब्लॉक, सुंदर नगरी में चाकू मारने की घटना की सूचना नंद नगरी थाने में दी गई। मौके पर पहुँचने पर पुलिस टीम ने पाया कि लगभग ४८ वर्षीय शख्स को उसके परिवार के सदस्य पहले ही जीटीबी अस्पताल ले जा चुके थे, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आगे की पूछताछ में पता चला कि शख्स ने अपनी नाबालिग भतीजी को किसी बात पर डाँटा था, इससे क्षुब्ध होकर, भतीजी ने अपने भाई को इसकी सूचना दी।

# 50 करोड़ लोन के चक्कर में गंवाए 11 लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**नई दिल्ली : जालसाजों ने एक कारोबारी का भरोसा जीतने के लिये उसे एक पांच सितारा होटल ले जाकर मीटिंग की। उसको पचास करोड़ रुपये का लोन दिलवाने का भरोसा दिया। इसी भरोसे पर कारोबारी ने जालसाजों को ११ लाख रुपये भी दे दिये। लेकिन बाद में न तो लोन मिला और न ही दिये ११ लाख रुपये। द्वारका साइबर थाना पुलिस ने पीडिघ्त के बयान पर जालसाजों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पीड़ित से जालसाजों के फोन नंबर व बैंक डिटेल लेने के साथ साथ होटल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाल रही है।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता मोहम्मद सलीम परिवार के साथ आनन्द विहार, उत्तम नगर वेस्ट, द्वारका इलाके में रहता है। उसकी उत्तम नगर इलाके में कोट- पेंट बनाने की फैक्ट्री है। वह कारोबार को बढ़ाना चाहता था,इसलिए बैंक से लोन लेना चाहता था। पड़ासी शैफाली नाम की महिला ने समीर मिश्रा नामक एक व्यक्ति से संपर्क करवाया था। समीर ने उसको पूरा विश्वास दिला दिया था कि वही उसे पचास करोड़ रुपये का लोन दिलवा सकता है।

समीर ने उसका विश्वास जीतने के लिये उसे एक पांच सितारा होटल में बुलाया,वहीं पर लोन के बारे में मीटिंग की थी। कई अंजान लोगों से मिलवाया। जिनको बैंक अधिकारी बताया गया। समीर ने ११ लाख रुपये भी ले लिया। बताया गया कि दस्तावेज तैयार करवाने में खर्चा आएगा। ये रुपये समीर ने एक बैंक खाते में जमा करवाए थे। जब लोन नहीं मिला तो समीर को कई बार फोन किया। पहले तो टालमटोल व बहानेबाजी होती रही। फिर समीर ने उसका फोन ही उठाना बंद कर दिया। अब उसको पैसे मांगने पर वह जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देता है।

# मुख्यमंत्री ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने और बाढ़ को देखते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बाढ़ग्रस्त इलाके का दौरा किया और बाढ़ प्रबंधन व कंट्रोल सिस्टम का जायजा लिया। यमुना बाजार स्थित बाढ़ग्रस्त बस्ती में मुख्यमंत्री नंगे पांव बाढ़ के पानी में उतर गईं।

मुख्यमंत्री आज सुबह यमुना बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के सामने बनी बस्ती में पहुंची। उनके साथ बाढ़ से जुड़े विभागों के आला अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री वहां पहले सीढ़ियों से दीवार की ओर पहुंची। उन्हें अंदर बस्ती के लोग छतों व आसपास बाढ़ के पानी के बीच नजर आए। उनके पीछे बाढ़ का तेज पानी लहलहा रहा था। पीड़ित लोगों को देखकर मुख्यमंत्री रुक नहीं पाई। उन्होंने जूतियां उतारी और नंगे पैर बाढ़ के पानी में उतर गईं। उन्हें बाढ़ के पानी में चलता देख पीड़ित लोग भी उनके पास आने को आतुर नजर आए। मुख्यमंत्री ने उनका हालचाल पूछा और बताया कि सरकार बाढ़ पर निगरानी रखे हुए है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकार की ओर से पूरी तैयारियां हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि दिल्ली सरकार उनके साथ खड़ी है। सरकार बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री बाढ़ग्रस्त इलाकों ओर पानी के बीच करीब आधे घंटे तक रहीं। मुख्यमंत्री गुप्ता ने जानकारी दी कि यमुना नदी का जलस्तर आज सुबह कुछ समय के लिए २०६ मीटर को छूने के आसपास था। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र यमुना के फ्लड प्लेन का लो-लाइन इलाका है, इसलिए पानी यहां तक पहुंच गया, लेकिन इससे आगे नहीं बढ़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली में बाढ़ जैसी कोई भी स्थिति नहीं है। यह जलस्तर का अधिकतम चढ़ाव था और अब पानी उतरने की दिशा में है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रशासन लगातार कंट्रोल रूम से बाढ़ के हालात की निगरानी कर रहा है।



**सीएम रेखा गुप्ता यमुना बाजार इलाके के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा का हालात का जायजा लेती हुई।**

# सिवेट बिल्लियों के घर में घुसने से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ग्रेटर कैलाश-2 में एक घर में अचानक दो एशियाई पाम सिवेट बिल्लियों के दिखाई देने से परिवार दहशत में आ गया। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत वाइल्डलाइफ एसओएस दिल्ली हेल्पलाइन नंबर पर दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने दोनों को पकड़कर वापस जंगल में छोड़ दिया। वाइल्डलाइफ एसओएस ने बताया कि ये सिवेट मां और बच्चा था। टीम ने दोनों की चिकित्सकीय जांच करवाई। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दोनों पूरी तरह स्वस्थ पाए गए। वाइल्ड लाइफ एसओएस के सह-संस्थापक एवं सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने कहा कि आवासीय क्षेत्रों के विस्तार और वनों की कटाई के कारण जंगली जीव मानव बस्तियों में आ रहे हैं। हमारा प्रयास है कि इन जीवों को सुरक्षित बचाकर उनके प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा जाए।

उन्होंने बताया कि एशियाई पाम सिवेट निशाचर स्तनधारी हैं जो कीटों की आबादी को नियंत्रित करके और बीजों के फैलाव में सहायता करके एक महत्वपूर्ण पारिस्थितिक भूमिका निभाते हैं। ये हानिरहित और बेहद शर्मीले होते हैं, मगर भोजन की कमी उन्हें शहरों की ओर ले आती है।

## खून की कमी से भी डायबिटीज का जोखिम: शोध

**नई दिल्ली।** शरीर में खून की कमी से भी डायबिटीज हो सकती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस और गुरु तेग बहादुर अस्पताल में शरीर में खून की कमी से एचबीए१सी पर पड़ने वाले प्रभाव को जानने के लिए यह शोध किया गया था। शोध में १८ से ६५ वर्ष तक के एनीमिया पीड़ित १०० लोगों को शामिल किया गया था। सितंबर २०२२ से लेकर फरवरी २०२४ की अवधि के बीच में यह शोध हुआ था। अस्पताल के मेडिसिन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि तीन विभागों ने मिलकर यह शोध किया। इसमें मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिसिन और पैथोलॉजी विभाग शामिल हुए।

# राजा गार्डन अग्निकांड : परिवार का सहारा बनने को बच्चे लाक्षागृह में नौकरी कर रहे थे: परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुबह करीब नौ बजे राजा गार्डन स्थित महाजन इलैक्ट्रॉनिक शोरूम के बाहर दिल्ली पुलिस की एक लंबी सी सिक्योरिटी पट्टी बंधी हुई थी। जमीन शटर और ऊपरी मंजिल पर धुआं की कालिख लगी थी। बाहर दो दर्जन से ज्यादा लोग,जिनके आंखों में आसूं थे। महाजन शोरूम को देखकर बोल रहे थे कि इस लाक्षागृह में ही हमारी परी सी बेटियों का दम घुट गया था। एक बुढ़ी महिला का कहना था कि मेरी बेटी जिसको खाना बनाते हुए धुएं से ही दिक्कत होती थी। उसपर कैसे उस समय बीती होगी। कैसे उसकी सांस निकली होगी। बोलते ही महिला फूट फूटकर रोने लगी। ज्ञात हो कि बीते सोमवार की शाम करीब तीन बजे ८९/९० राजा गार्डन, महाजन इलैक्ट्रॉनिकस शोरूम में आग लगी थी। जिसमें तीन महिला समेत चार कर्मचारी अमनदीप कौर,आयुषी गुप्ता, पायल और रवि कुमार की मौत हो गई थी। जबकि संदीप शर्मा की हादसे के २४ घंटे बाद भी हालत स्थिर पर गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने धारा २८७ और १०६ (१) के तहत मामला दर्ज किया है। शुरूआती जांच में जांच अधिकारियों का भी कहना है कि शोरूम में एक ही गेट था,पूरा शोरूम इलैक्ट्रॉनिक सामान से भरा हुआ था। जिसमें सांस भी लेना मुश्किल होता होगा। शोरूम मालिक के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है,उसके परिजनों से भी पूछताछ हो रही है। शोरूम को हादसे के बाद सील कर दिया गया है। पति जीवन राम को मरे एक साल भी नहीं हुआ था कि

**■ जिसको कर्मचारी कमा कर दे रहे थे लाखों रुपये उनकी मालिक ने नहीं ली सुध**

मेरी बेटी भी मुझको छोडकर चली गई। मेरी बेटी भले ही लडकी थी,पर वो घर के मुखिया की तरह घर को चला रही थी और चिंता करती थी।

पायल की मां बिमार प्रेमा का कहना है कि हम तो जे ब्लॉक मंगोलपुरी इलाके में रहते हैं। अब तो छोटा बेटा ही बचा है। कैसे हम दोनों की आगे की जिंदगी चलेगी,पता नहीं। हर रोज पायल घर का काम करके नौकरी पर जाती थी,उसको करीब एक साल ही हुआ होगा,जब जाती थी मुझे बाय जरूर करती थी। कल (सोमवार) तबीयत खराब होने के कारण मैं तो सो रही थी। मुझे सोता देखकर वह बिना बाय करके चली गई थी। जब उठी तो देखा वो जा चुकी थी। पता नहीं था कि बेटी अब कभी वापिस नहीं आएगी। पिछले डेढ साल से आयुषी गुप्ता बेटी इस शोरूम में काम कर रही थी। सुबह वो ही मुझे नाश्ता करवाने के बाद नौकरी पर निकल जाती थी। वह मेरा बेटी नहीं बेटा थी,जो कंधे से कंधा मिलाकर मेरा घर चलाने में हाथ बटा रही थी।

प्राइवेट नौकरी करने वाले संजय गुप्ता अपनी पत्नी बेटा-बेटी के साथ अध्यापक नगर,नांगलोई में रहते हैं। उनका कहना है कि पता नहीं था कि बेटी अभी जो हंसकर मुझे नाश्ता करवा रही है और जल्दी जल्दी अपना लंच बॉक्स पैक कर रही है,वो चंद मिनटों की मेहमान है। अब कभी वो वापिस नहीं आएगी। बेटी का वो हंसमुख चेहरा सामने आ रहा है। शाम सात बजे चार लडके घर आए थे। जिन्होंने बताया कि आयुषी को चोट लगी है,वो डीडीयू अस्पताल में भर्ती है। जब पहुंचे तो हकीकत का सामना किया था।

मेरी बेटी अमनदीप कौर ने बोला था मेरे से कि मां शोरूम में घुटन सी होती है,नौकरी छोडकर ओर कहीं ट्राई करुंगी। उसको बोला था कि बेटी दीवाली निकल जाए तो फिर दूसरी नौकरी तलाश लेना। घर की माली हालत देखकर और मेरी बातों को अनसुना नहीं करके नौकरी पर जाने लगी थी। शायद वो मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी भूल थी। मेरी बेटी अगर मेरी बातों को नाकार देती तो शायद मेरी बेटी मेरे पास होती। अमनदीप की मां परमिंदर कौर बताती हैं कि वो घर में लडके की तरह से काम करती थी।

## डूसू कार्यालय में फिर से तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू छात्रसंघ कार्यालय में बीती रात फिर से तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। इस दौरान जहां डूसू के पदाधिकारी रौनक खत्री के कार्यालय को नुकसान पहुंचाया गया, वहीं दूसरी ओर छात्र नेता ऋषभ चौधरी की थार गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दी गई।वहीं, लगातार हो रही इन घटनाओं ने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल मामले की जानकारी संबंधित प्राधिकारियों को दी गई है और जांच की मांग की जा रही है। डीयू के सुरक्षा इंचार्ज ने बताया कि २०-२५ लड़के रात में १:३० बजे डूसू कार्यालय में आए थे और दो गार्डों से मारपीट की।




**सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसायटीज कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए।**

# सहकारिता मंत्री ने बायोमीट्रिक सिस्टम का किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने आरसीएस (रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसायटीज, दिल्ली) कार्यालय में जनसुनवाई की। कैबिनेट मंत्री के निर्देश पर पहली बार कार्यालय परिसर में कम्प्लेन बॉक्स, बायोमीट्रिक सिस्टम और सीसीटीवी लगाए गए हैं। इनका शुभारम्भ करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इससे शिकायतों के त्वरित समाधान में मदद मिलेगी साथ ही सुझावों के माध्यम से विभाग की कार्यशैली और बेहतर बनेगी। इस पहल का स्वागत करते हुए जनसुनवाई में आवेदकों और शिकायतकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त किया। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि वर्ष २०२५ अंतरराष्ट्रीय सहका. रिता वर्ष है इसे जनहित में लगातार नई पहल शुरू कर महत्वपूर्ण बनाया जाए, आदरणीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के संकल्प 'सहका. रिता से समृद्धि' की दिशा में विभाग के लक्ष्य तैयार हों। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश हैं कि विभागीय योजनाओं को तैयार करते समय 'सहकारिता से आत्मनिर्भरता' की मूल भावना को केंद्र में रखें।

# एम्स सुरक्षाकर्मियों को दिल्ली पुलिस अकादमी में दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एम्स दिल्ली के सुरक्षाकर्मियों को झड़ोदा कलां स्थित दिल्ली पुलिस अकादमी में एम्स सुरक्षाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

पहले बैच में ३० स्थायी सुरक्षा जवानों को यह प्रशिक्षण मिला है। एम्स के सुरक्षाकर्मियों को सुरक्षा कौशल, निगरानी तकनीक, आगंतुक प्रबंधन, संघर्ष निवारण तकनीक, भीड़ नियंत्रण, कतार प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और निकासी प्रक्रिया, आपदा प्रबंधन, चिकित्सा आपातकालीन सहायता, आतंकवादी खतरे के बारे में जागरूकता, अस्पताल-विशिष्ट प्रोटोकॉल, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा, वीवीआईपी गति. विधियों को संभालने और मरीजों की रक्षा के कर्तव्य का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

इस प्रशिक्षण में सुरक्षा कर्मियों को नैतिक आचरण और सत्यनिष्ठा, लैंगिक संवेदनशीलता और उत्पीड़न विरोधी, मरीज सेवा शिष्टाचार, टीमवर्क और अनुशासन, घटना रिपोर्ट लेखन के बारे में भी सिखाया गया है। सुरक्षकर्मियों को सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने, स्थानीय अधिकारियों और अस्पताल निकाय के महत्वपूर्ण आपातक. ालीन फोन नंबर, विभिन्न समूहों के प्रति सुरक्षा गार्ड का व्यवहार, कानूनी एवं नैतिक प्रशिक्षण और अधिनियम जैसे विविध विषयों पर गहन सैद्धांतिक एवं व्यावहा. रिक प्रशिक्षण भी दिया गया है।

एम्स का मानना है कि इस प्रशिक्षण से एम्स सुरक्षा जवानों की कार्यक्षमता, अनुशासन, आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और कानून व्यवस्था में समझ को और भी बेहतर बनाने में मदद मिली है।

इसके अलावा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को विशेष महत्व दिया गया ताकि एम्स के सुरक्षा जवान हर परिस्थिति में सक्षम बने रहें। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था को और भी सुदृढ़ बनाना है।

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम पल-पल करवट ले रहा है। कभी धूप निकल रही है, तो कभी काले बादलों के साथ झमाझम बारिश होने लगती है। शहर में झमाझम बारिश हो रही है।

बारिश से गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली है।दोपहर के समय कनाट प्लेस , आई टीओ , इंडिया गेट , मध्य दिल्ली , लक्ष्मी नगर , शाहदरा , माल. ववीय नगर , महरौली , चाणक्यपुरी सहित दिल्ली के अधकांश हिस्सों में हुई झमाझम बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया । मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक २० और २१ अगस्त को भी दिल्ली एनसीआर में आंधी और बारिश की संभावना है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान ३३ और २४ डिग्री दर्ज किया जा सकता है। २२ अगस्त को आसमान में बादल छाए रह सकते हैं जिसके बाद झमाझम बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान ३३ और २३ डिग्री रह सकता है। इसके बाद २३ और २४ अगस्त को बारिश और तूफान के आसार है।

# 'दिल्ली मित्रा' ऐप के माध्यम से होगा सभी शिकायतों का निपटारा, सरकार की रहेगी कड़ी निगरानी: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोगों की समस्याओं को प्रभावी रूप से सुलझाने के लिए दिल्ली सरकार की केबिनेट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब एक ही ऐप 'दिल्ली मित्र ऐप- जन शिकायत समाधान' प्रणाली के जरिए उनकी सभी शिकायतों का निवारण किया जाएगा। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता रेखा गुप्ता ने की।

बैठक मे सरकार के सभी केबिनेट मंत्री उपस्थित थे। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता नागरिकों की समस्याओं को सरल, सहज और त्वरित हल करना है। हमारी सरकार अब कागजी कार्रवाई के बजाय समस्या का असल मायनों में समाधान करना चाहती है। शिकायतों के समाधान को डिजिटल करने का लाभ यह होगा कि उसकी हर स्तर पर निगरानी होगी और जब तक उसका समाधान नहीं हो जाएगा, तब तक वरिष्ठ अधिकारी उस पर निगाह रखेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि इसी उद्देश्य से 'दिल्ली मित्र' नामक एकीकृत मंच तैयार किया गया है, जो न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन और गुड गवर्नेंस की भावना को मूर्त रूप देगा।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली के लोग अब इस ऑनलाइन सिंगल विंडो के जरिए चार आसान माध्यमों से अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे, इनमें वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन (पै एवं एंड्रॉइड दोनों पर उपलब्ध), व्हाट्सएप और कॉल सेंटर शामिल हैं। लोग दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस, डीडीए, दिल्ली नगर निगम, एनडीएमसी, दिल्ली कैंट से जुड़ी शिकायतें यहां दर्ज करा सकेंगे। उन्होंने बताया जो लोग कागज पर लिखी शिकायतें देंगे, उन्हें डिजिटलाइज कर इस ऐप में डाल दिया जाएगा। इन शिकायतों को मुख्यमंत्री कार्यालय, सभी केबिनेट मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचिव व सभी विभागों के कार्यालयों में जमा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का यह भी कहना है कि दिल्ली के लोग अपने मोबाइल ओटीपी के माध्यम से पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप पर लॉगिन कर सकेंगे। प्रत्येक शिकायत के लिए १०० प्रतिशत फीडबैक का प्रावधान होगा। यदि कोई नागरिक निवारण से संतुष्ट नहीं होता, तो उसकी नकारात्मक प्रतिक्रिया के आधार पर शिकायत स्वत: उच्च अधिकारियों तक पहुंच जाएगी, ताकि बेहतर निवारण हो सके।

# नर्सिंग इंटर्न्स के स्टाईपेंड में ऐतिहासिक बढ़ोतरी: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि हमारी सरकार ने एमबीबीएस नर्सिंग इंटर्न्स के स्टाईपेंड में ऐतिहासिक बढ़ोतरी को मंजूरी प्रदान कर दी है। उनका स्टाईपेंड करीब २७ गुणा बढ़ा दिया गया है। इस निर्णय से स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत युवाओं और प्रशिक्षुओं के बीच नया उत्साह और आत्मविश्वास पैदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार हमेशा से चिकित्सा एवं नर्सिंग क्षेत्र को प्राथमिकता देती आई है और यह निर्णय उसी दिशा में एक ठोस कदम है। यह निर्णय दिल्ली सरकार के सभी तीनों नर्सिंग कॉलेजों पर लागू होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह निर्णय आज दिल्ली सचिवालय में हुई केबिनेट की बैठक में लिया गया। बैठक में सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित थे। अब नर्सिंग इंटर्न्स मासिक स्टाईपेंड ५०० रुपये से बढ़ाकर १३,१५० रुपये कर दिया गया है। यह वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू होगी और सभी पात्र नर्सिंग इंटर्न्स पर उनकी इंटर्नशिप अवधि के दौरान लागू होगी। इस प्रकार नर्सिंग पेशेवरों के परिश्रम और सेवा को केंद्र सरकार द्वारा तय मानकों के अनुरूप मान्यता दी जाएगी।

# ग्रेनाइट की आड़ में गांजा सप्लाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस और सीआरटी टीम ने मार्बल और ग्रेनाइट पत्थर की आड़ में गांजा आपूर्ति करने वाले गिरोह का सोमवार को पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक कुंतल 64 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 40 लाख रुपये आंकी गई है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सोमवार को पुलिस और सीआरटी टीम को खेड़ा चौगानपुर गोल चक्कर के पास वाहनों की चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि एक ट्रक में ग्रेनाइट पत्थर के बीच गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा है। पुलिस ने ट्रक को रोककर उससे गांजा की खेप बरामद की।

ट्रक में मार्बल और ग्रेनाइट पत्थर भरा था। उनके बीच में गांजा छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक एटा निवासी अलीहसन और ट्रक मालिक हाथरस निवासी योगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर में गांजे की सप्लाई करते थे।

आंध्र प्रदेश से ग्रेनाइट और उड़ीसा से भरा जाता था गांजा डीसीपी ने बताया कि ओडिशा से अरविंद किशोर उन्हें सप्लाई करने के लिए गांजा खरीदकर देता था। आंध्र प्रदेश से ट्रक में ग्रेनाइट पत्थर लोड करते थे। इसके बाद ओडिशा से ग्रेनाइट पत्थर के बीच गांजा रखा जाता था। पत्थर जयपुर पहुंचाया जाता था, जबकि गांजे को दिल्ली-एनसीआर समेत अन्य क्षेत्रों में आर्थिक लाभ कमाने के लिए सप्लाई करते थे। साल 2019 में योगेंद्र और अलीहसन गांजा सप्लाई के मामले में ओडिशा से जेल जा चुके हैं। पूर्व में पकड़े गए गिरोह से जुड़े तार सेक्टर ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस ने एक महीने पहले दिल्ली-एनसीआर में पढ़ने वाले छात्रों और कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों को गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से करीब बीस लाख रुपये कीमत का 41 किलो गांजा बरामद किया गया था। इस गिरोह के जरिए पुलिस ने फिर से गांजे की बड़ी खेप पकड़ी है।



# नामी दो सोसायटियों पर प्राधिकरण ने लगाया 40 हजार का जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कूड़ा प्रबंधन न करने पर ग्रेनो वेस्ट स्थित दो सोसायटियों पर आज 40,400 रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा शहर में इधर-उधर कूड़ा फेंककर गंदगी फैलाने वालों की पहचान कर उनपर भी आर्थिक दण्ड लगा रहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां कूड़ा प्रबंधन कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम की तरफ से 19 अगस्त को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16 स्थित रतन पर्ल, केवी नोज, सेक्टर- 16बी स्थित गुलशन बेलिना व निराला एस्पायर और सेक्टर-4 स्थित आस्था ग्रीन सोसायटियों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नीति-2016 के अंतर्गत बल्क वेस्ट जनरेटरों का निरीक्षण किया गया।

गुलशन बेलिना व निराला एस्पायर सोसायटी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2016 का पालन किया जा रहा है, लेकिन केवी नोज और आस्था ग्रीन सोसाइटी में कूड़े का उचित प्रबंधन नहीं पाया गया, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम ने केवी नोज पर 20400 व आस्था ग्रीन पर 20,200 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही दोनों सोसाइटियों के संचालकों को चेतावनी दी गई कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल के अंतर्गत कूड़े का उचित ढंग से निस्तारण न करने पर, सूखे एवं गीले कूड़े कचरे को अलग अलग रखकर उसको निस्तारित न करने पर, गार्बेज इधर-उधर फेंकने पर भविष्य में भारी जुर्माना लगाया जाएगा। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों से कूड़े का उचित प्रबंध करने की अपील की है। इधर-उधर कूड़ा फेंकने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि ग्रेटर नोएडा बहुत सुंदर शहर है। इसे स्वच्छ व हरा-भरा रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सभी ग्रेटर नोएडावासियों से अपील है कि कूड़े को कूड़ा गाड़ी में ही डालें। गीले व सूखे कूड़े के लिए दो डस्टबिन रखें। कूड़े को उसमें एकत्रित कर लें और कूड़ा गाड़ी आने पर डस्टबिन का कूड़ा उसमें डालें।

## पुलिस और वाहन चोरों की मुठभेड़



**एक बदमाश के पैर में मारी गोली, दूसरा भागा; 200 मीटर तक पीछा करने के बाद पकड़ा**

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा में पुलिस और वाहन चोरों के बीच सोमवार देर रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। दोनों बदमाशों के खिलाफ बुलंदशहर, अलीगढ़ और नोएडा में कुल 16 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों मिलकर वाहनों को चुराते थे।

सेक्टर-49 पुलिस सोमवार देररात मेघदूतम पार्क तिराहा सेक्टर-50 के पास चेकिंग कर रही थी। सामने से एक कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने कार को रुकने का इशारा किया। कार चालक ने करीब 50 मीटर पहले ही अपनी कार रोक दी। उसमें से दो लोग उतर कर भागने का प्रयास करने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा 200 मीटर तक पीछा किया गया। बदमाशों ने अपने आपको घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

**जवाबी एक्शन में बदमाश को लगी गोली:** पुलिस ने जवाबी एक्शन लिया और फायर किया। एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। इसकी पहचान जोगेन्द्र तोमर पुत्र चन्द्रपाल तोमर निवासी ग्राम हामिदपुर अलीगढ़ हुई। इसकी उम्र करीब 35 साल के आसपास है। इसके कब्जे से 01 तमंचा 2000 रुपए नकद बरामद किए गए है।

इसके अन्य साथी को पुलिस टीम ने कॉबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। इसकी पहचान दानिश पुत्र अबरार निवासी गोविंदनगर, अलीगढ़ हुई। इसकी उम्र 32 साल है। इसके कब्जे से 2200 रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

**बिना नंबर सेंट्रो से करती थे चोरी:** इनके कब्जे से सेंट्रो कार बिना नंबर प्लेट बरामद की गई। ये सेंट्रो कार का प्रयोग वाहन चोरी में करते है। इनकी निशानदेही पर बोलेरो पिकअप गाड़ी व अन्य गाड़ियों के कुछ स्पेयर पार्ट्स भी बरामद किए गए है। थाना सेक्टर-49 पर बरामद रुपए के संबंध में व बोलेरो पिकअप के संबंध में मुकदमा दर्ज है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## जांच में लापरवाही बरतने पर विवेचक पर कार्रवाई का आदेश

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने छात्रा को मकान की छत से धक्का देकर नीचे गिराने के आरोपी शोएब की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। साथ ही, अदालत ने कहा कि प्रतीत होता है कि विवेचक ने मामले की जांच में घोर लापरवाही बरती। विवेचक को दंड प्रक्रिया संहिता और बीएनएस के नियमों की कोई जानकारी नहीं है। अदालत ने पुलिस आयुक्त को आदेश दिया कि संबंधित विवेचक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। सेक्टर ईकोटेक तीन कोतवाली में छात्रा के पिता ने आरोपी शोएब के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। दरअसल, फिजियोथैरेपी का कोर्स कर रही छात्रा 29 जुलाई की शाम करीब आठ बजे अपने सहपाठी शोएब से मिलने गई थी।

आरोप है कि मोबाइल पर आए एक संदेश को लेकर दोनों में विवाद हुआ। झगड़े के दौरान शोएब ने छात्रा के साथ मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर उसे पहली मंजिल से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। छात्रा को गंभीर चोट आई। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि घटना 29 जुलाई की है। इसमें 30 जुलाई को मुकदमा हुआ। मेडिकल रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि छात्रा को गिरने से चोट आई, लेकिन विवेचक ने 29 जुलाई के बाद कोई साक्ष्य संकलन नहीं किया। केवल वादी के बयान दर्ज किए। अदालत ने केस डायरी और मेडिकल रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए पाया कि विवेचना अधूरी है। यह स्पष्ट रूप से लापरवाही का मामला है। अदालत ने पुलिस आयुक्त को आदेश दिया है कि संबंधित विवेचक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# डूब क्षेत्र की 2023 जैसी न हो स्थिति

**डीएम से लेकर प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट, दिल्ली में बढ़ रहा यमुना का जल स्तर**



शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। दिल्ली में यमुना का जल स्तर बढ़ रहा है। मथुरा के नौहझील के आसपास के गांवों में जल भराव भी है। नोएडा यमुना पुश्ता में भी जल भराव हो सकता है। ये एरिया करीब 5 हजार हेक्टेयर का है। 2023 में यहां बाढ़ आई थी। जिसमें करीब 1200 लोगों का रेस्क्यू किया गया। इसके कही ज्यादा मवेशियों को बचाया गया। साथ ही 2000 हजार से ज्यादा लोगों के खाने पीने की व्यवस्था के लिए साम. दायिक किचन और आश्रय स्थल बनाए गए थे।

**डीएम ने दिए बाढ़ से बचने के निर्देश:** जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से नदियों के जल स्तर की निगरानी करें। समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराएं। बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव के लोगों को सतर्क रहने और पानी बढ़ने की संभावना के बारे में लगातार जानक. री दी जाए। प्राधिकरणों के अधिकारियों से कहा कि डूब क्षेत्रों में जो गोशालाएं है, उनको लेकर भी ऑप्शनल व्यवस्था रखी जाए। डूब क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए गोवंशों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा जा सके। बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए समन्वय बनाते हुए अपनी सभी तैयारियों को पूरा करें।

**बागान को बजाए बने स्टेडियम:** सेक्टर-94 से हिंडन बैराज तक पुश्ता रोड और यमुना के 5 हजार हेक्टेयर एरिया को देखा। सेक्टर-94 से तीन से चार किमी चलने पर ही हमें वही नजारा दिखा तो 2023 में बाढ़ आने से पहले का था। थोड़ा बहुत बदलाव भी नजर आया। पुश्ता रोड पूरी तरह से खस्ता है। डूब क्षेत्र में जहां नर्सरी और बागान होने चाहिए थे, वहां आल. शान क्रिकेट ग्राउंड थे। उनमें फ्लड लाइट लगी थी। एक मैदान नहीं ऐसे दर्जनों मैदान वहां बना दिए गए। जिनकी बुकिंग के लिए बोर्ड पर नंबर तक दिए गए थे।

**2023 में रातोरात आया था पानी:** दरअसल अगस्त 2023 में हरियाणा के हथनी कुंड बांध के दरवाजे खोले गए। रातों रात डूब क्षेत्र में पानी भरा। सुबह तक सारे फॉर्म हाउस से लेकर हजारों लोग गौ वंश इस बाढ़ की चपेट में आ गए। आनन-फानन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लोगों को स्टीमर, ट्रैक्टर ट्राली के जरिए बाहर निकाला गया। कई गोवंश मर गए। कितने बह गए, इनकी संख्या का कोई आकलन नहीं था।

**इन सेक्टर और गांव होते प्रभावित:** नोएडा में यमुना सेक्टर-94, 124, 125, 127, 128, 131, 133, 134, 135, 168 के अलावा 150 से होकर निकलती है। इसी तरह हिंडन नदी छिजारसी से प्रवेश करते हुए सेक्टर-63ए, बहलोलपुर, शहदरा, सुथियाना, गढ़ी चौखंडी, सेक्टर-123, 118, 115, 143, 143ए, 148, 150, मोमनाथल के पास यमुना में मिलती है। यह दोनों ही नदिया नोएडा को चारों तरफ से घेरे हुए हैं और नदियों के किनारे की जमीन को ही डूब क्षेत्र कहते हैं, जहां पर खरीद-फरोख्त प्रतिबंध है।

**पुश्ता रोड पर लगा प्राधिकरण का चेतावनी बोर्ड:** पुश्ता रोड पर चेतावनी बोर्ड भी लगे है। जिसमें साफ लिखा है कि एनजीटी के आदेशानुसार यहां किसी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं किया जा सकता है। लेकिन यहां फार्म हाउ. सों का निर्माण किया गया है। ये फार्म हाउस रात में गुलजार रहते है।

## एक नजर

### निर्माणाधीन भवन की पांचवीं मंजिल से गिरकर कामगार की मौत



नोएडा ( शाह टाइम्स )। निर्माणाधीन भवन की पांचवीं मंजिल से सोमवार को एक मजदूर गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने मामले में अब तक पुलिस से शिकायत नहीं की है। पुलिस ने बताया कि बिहार के आरा का रहने वाला दिलीप आगाहपुर गांव में किराये पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहता था। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। सेक्टर-113 थानाक्षेत्र के सेक्टर-116 में वह निर्माणाधीन भवन में काम करने गया था। दोपहर करीब दो बजे संतुलन बिगड़ने से वह पांचवीं मंजिल से गिर गया। उसके सिर से खून बहने लगा।

अन्य कामगार गिरने की आवाज सुनकर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उस समय दिलीप की सांसें चल रही थीं। उसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस और मृतक के परिजनों को दी गई। मृतक का शव ले जाने के लिए परिजन बिहार से निकल चुके हैं। घटना की पूरी जानकारी के लिए निर्माणाधीन इमारत के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने इस संबंध में ठेकेदार से भी पूछताछ करने की बात कही है।

### बदमाशों ने मारपीट कर बैग लूटा

ग्रेटर नोएडा( शाह टाइम्स )। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-1 निवासी आशीष कुमार सुल्तानिया छह अगस्त की सुबह दोस्त के घर जाने के लिए निकले थे। कावेरी सिटी सेंटर के पास बाइक सवार दो अज्ञात लोग मिले। दोनों ने आशीष को रोककर बैग छीनना शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर दोनों ने आशीष से मारपीट कर धक्का दे दिया। इससे आशीष के हाथ में चोट आई। दोनों आशीष के हाथ से बैग झपटकर ले गए। बैग में लैपटॉप, माउस, चश्मा, पानी की बोतल, मोबाइल चार्जर, पर्स, दस्तावेज और 1200 रुपये रखे थे। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले को जीरो एफआइआर में दर्ज कर ग्रेटर नोएडा के स्थानीय थाने में ट्रांसफर किया जाएगा।

### अन्नदा एकादशी पर विशेष पूजा की

नोएडा ( शाह टाइम्स )। सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में मंगलवार को अन्नदा एकादशी पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। भगवान श्रीकृष्ण का मंगल आरती के साथ शृंगार किया गया। 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। सुबह 10 बजे से भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। इस्कॉन मंदिर के मीडिया प्रभारी अरुन सैनी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को राधा अष्टमी मनाई जाएगी। इसमें इस्कॉन मंदिर में उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी का पंच तत्वों से अभिषेक किया जाएगा।

### बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे

नोएडा ( शाह टाइम्स )। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत जिले के अपर प्राइमरी की हर बालिका को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य है कि बच्चियां स्वयं की रक्षा कर सकें। तीन महीने का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। इसमें बालिकाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाया जाएगा। जूडो, ताइक्वांडो, नानचाकू, मुष्टी युद्ध, कराटे, कुंगफू जैसी शैलियां सिखाई जाएंगी। प्रतिद्वंद्वी को जमीन पर पटकना या गिराना, किक-मुक्के के बल पर नियंत्रित करने के तरीकों में पारंगत किया जाएगा। निर्देश के अनुसार चयनित प्रशिक्षक प्रतिदिन एक घंटे तक प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे। स्कूल महानिदेशक कंचन वर्मा ने आत्मरक्षा कार्यक्रम शुरू करने के लिए सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं।

# नोएडा प्राधिकरण की रिपोर्ट का निरीक्षण करेगी समिति

**सुप्रीम कोर्ट ने यूपीपीसीबी और सीपीसीबी की बनाई एक समिति, ड्रेन को गंदा करने पर लगा था 100 करोड़ जुर्माना**

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। यमुना नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। कोंडली ड्रेन यमुना को प्रदूषित करने में अपनी अहम भूमिका अदा कर रहा है। एनजीटी ने नोएडा प्राधिकरण पर 100 करोड़ का जुर्माना लगाया था। साथ ही ड्रेन में ट्रीटेड और अनट्रीटेड दोनों तरह के पानी नहीं डालने का निर्देश दिया था। इस पर प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया है। इस मामले में 13 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने यूपीपीसीबी और सीपीसीबी की एक समिति बनाने का निर्देश दिया।

**समिति देगी अपनी रिपोर्ट:** समिति प्राधिकरण द्वारा कोर्ट में कोंडली ड्रेन को लेकर जमा की गई रिपोर्ट का जमीनी स्तर पर वेरीफिकेशन करेंगे और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में सब्मिट करेंगे। पर्यावरणविद् अभिष्ट कुसुम गुप्ता ने बताया कि प्राधिकरण ने जो स्टेटस रिपोर्ट जमा की उसमें 30 छोटे बड़े नालों का जिक्र किया गया है। इसमें से 6 नाले सूखे दिखाए गए और 5 नालों को बंद कर दिया गया है। बाकी 19 पर काम किया जा रहा है। इसी रिपोर्ट की जमीनी निरीक्षण किया जाएगा।



**अक्टूबर में होगी अगली सुनवाई:** अभिष्ट गुप्ता ने बताया कि एनजीटी के आदेश के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें प्राधिकरण ने दावा किया है कि शहर में 8 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी कार्यरत हैं, जिनकी कुल क्षमता प्रतिदिन 411 मिलियन लीटर डेली (एमएलडी) है।

नोएडा प्राधिकरण ने ये भी कहा है कि 120 एमएलडी ट्रीटेड सीवेज पानी को नोएडा के अलग-अलग सेक्टरों में ग्रीन एरिया में सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। बाकी सीवरेज पानी को ट्रीट करने के बाद एनटीपीसी का लेना था। लेकिन ये कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। इस मामले में अगली सुनवाई 28 अक्टूबर 2025 होगी। तब तक एजेंसी अपनी रिपोर्ट कोर्ट में सब्मिट करेगी।

# जिला अस्पताल में नर्सिंग अधिकारी से छेड़छानी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जिला अस्पताल में सोमवार रात को युवक ने नर्सिंग अधिकारी से छेड़छानी कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी तो महिला ने शोर मचा दिया। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड ने आरोपी को दबा. चकर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी शराब के नशे में था। सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में महिला ने बताया कि वर्तमान में वह जिला अस्पताल के महिला वार्ड में नर्सिंग ऑफिसर हैं। उनकी ड्यूटी रात में चल रही है। महिला का आरो. प है कि सोमवार देर रात मनोज शर्मा नाम का व्यक्ति मेडिसिन के महिला वार्ड में आया।

वह शराब के नशे में धुत था। मनोज बार-बार महिला को वार्ड के पीछे चलने को बोल रहा था। महिला ने जब मना किया तो उसने उसका हाथ पकड़ लिया और जबरदस्ती वार्ड के पीछे ले जाने लगा। किसी तरह महिला ने खुद को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। इसके बावजूद वह लगातार छेड़खानी और बदसलूकी करता था।

शोर शराब सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर एकत्र होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी दौरान वार्ड प्रभारी और सिक्योरिटी गार्ड आ गए और आरोपी को दबोच लिया। नशे में उसने सिक्योरिटी गार्ड के साथ भी अभद्रता की। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने साथ ले गई।

# डिपो को 22 नई बसों में ऑनलाइन टिकट बुक होंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। मोरना स्थित नोएडा डिपो को मिली 30 नई बसों में से 22 में यात्री ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे। इसमें फर्रुखाबाद, बेबर, शमसाबाद, पटियाली मोहनपुर, आगरा, एटा, कासगंज और हल्द्वानी समेत अन्य शहरों की बस सेवा शामिल है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो को कुछ समय पहले 45 नई बसें मिली हैं। इसमें 30 बसें नोएडा डिपो को मिली हैं। 15 बसें ग्रेटर नोएडा डिपो को दी गई हैं। इनमें से 22 बसों का रूट निर्धारित कर उन्हें सड़कों पर उतार दिया गया है।

बाकी आठ बसों के रूट अभी तक निर्धारित नहीं हुए हैं। इसका कारण इन रूटों के लिए किराया सूची तैयार नहीं होना बताया जा रहा है। नोएडा डिपो के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक डिपो में 188 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी चालित बसें हैं। इनमें से करीब 130 बसें ऑनलाइन हो गई हैं। वहीं, बाकी बसों में मौके पर टिकट लेने की व्यवस्था है। अधिकारियों के अनुसार डिपो को मिली नई बसों में से 22 को ऑनलाइन किया जाएगा। बसों के टिकट ऑनलाइन करने वाला कर्मी छुट्टी पर है।

उसके लौटने के बाद यह सुविधा शुरू की जाएगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वेबसाइट upsrtconline.co.in पर यात्री टिकट बुक कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

# सोसाइटी के मुख्य गेट को पूरे दिन बंद रखा

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सुपरटेक इको विलेज वन सोसाइटी के सफाई और सुरक्षा कर्मियों ने मंगलवार को वेतन न मिलने के कारण हड़ताल की। उन्होंने सोसाइटी के सभी गेटों को सुबह एक घंटे और मुख्य गेट को पूरे दिन बंद रखा। उनका आरोप है कि पिछली मेंटेनेंस एजेंसी ने उनको दो महीने का वेतन रोक रखा है। इको विलेज वन सोसाइटी में 10 अगस्त की देर रात पुरानी मेंटेनेंस एजेंसी को हटा दिया गया था। दरअसल, समय पर सुविधाएं न मिलने पर निवासी किल्लत से परेशान होकर रोड जाम किया था। देर रात को ही बिल्डर ने एक मेल जारी कर पुरानी मेंटेनेंस एजेंसी ग्रेविटी को हटा दिया।

नई एजेंसी वाईजी स्टेट को बहाल किया। पुरानी एजेंसी ने सुरक्षाकर्मी और सफाई कर्मियों को वेतन नहीं दिया है। सफाई और सुरक्षाकर्मी का करीब दो महीने का वेतन रुका हुआ है। इसे लेकर मंगलवार सुबह आज बड़ परिसर में कर्मी एकत्रित हुए। सोसाइटी के तीनों गेट को बंद कर हड़ताल पर बैठ गए। लोगों के काफी समझाने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने दो गेटों को खोला। मुख्य गेट नंबर-1 को बंद कर हड़ताल जारी रखा। पुलिसकर्मियों के समझाने और बिल्डर से आश्वासन मिलने के बाद दोपहर करीब 2 बजे हड़ताल को समाप्त किया।

# विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। लगातार हो रही वर्षा और हथनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी की वजह से जेवर के खादर क्षेत्र में कई हजार बीघा फसल जलमग्न हो गई है तथा बाढ़ आने की संभावना बनी हुई है जिसको देखते हुए आज दिनांक 19 अगस्त 2025 को जेवर विधायकधीरेन्द्र सिंह ने जेवर के बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने मौके पर जाकर प्रशासनिक अधिकारियों और वहां उपस्थित क्षेत्र के लोगों से जानकारी ली।

इस मौके पर जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि शाम तक और अधिक पानी बढ़ने की संभावना है। इसलिए, सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रशासन मुस्तैद है और में स्वयं भी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हूं।



इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों के किसानों से मिलकर उनका हाल जाना। प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम झुप्पा ,कानी गढ़ी गोविंदगढ़ सम सम नगर पूर्ण नगर और करौलआदि ग्रामों का दौरा किया गया।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# अंकित गुर्जर के दो हत्यारोपियों ने किया सरेंडर

## थाना मवाना में किया आत्मसमर्पण, गंगानगर क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर था मृतक

**चार दिन पूर्व मवाना थाना क्षेत्र में हत्या करके डाला गया था शव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** चार दिन पूर्व थाना गंगानगर के हिस्ट्रीशीटर की मवाना क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में दो आरोपियों ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बेस बॉल के दो डंडे बरामद किए हैं।

पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गौरतलब है कि 15 अगस्त की दोपहर थाना गंगानगर क्षेत्र के मीनाक्षीपुरम निवासी आदि उर्फ अंकित गुर्जर का शव मवाना खुर्द बाईपास पर निलोहा कट के पास खेतों में पड़ा मिला था। वह 14 अगस्त की शाम को गंगानगर क्षेत्र के रजपुरा में साथियों संग जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए गया था। जेल में रहने के दौरान दुश्मन बने कुछ लोगों ने मिलकर उसकी हत्या कर शव मवाना क्षेत्र में फेंक दिया था।

17 अगस्त को मवाना पुलिस ने दो आरोपियों शिवम पंडित व सूरज गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को घटना में शामिल दो आरोपियों ने थाना मवाना में पहुंचकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बेस बॉल के दो डंडे भी बरामद कर लिए हैं। इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश मिश्र ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले आरोपियों का नाम वंश पंडित पुत्र योगेश शर्मा निवासी ग्राम श्यामपुर जट थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ व विवेक उर्फ बंटी पुत्र विनोद चौधरी ग्राम सलारपुर थाना गंगानगर हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## विवादो में घिरी थाना मवाना की कार्यशैली!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना मवाना की पुलिस को लेकर लोग दबी जुबान से एसएचओ अखिलेश मिश्र की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। बीते दिनों अदालत के आदेश पर एक मुकदमा दर्ज हुआ लेकिन मुक. दमें की मुख्य धारा 338 ही हटा दी गई। पहले मुकदमा दर्ज नहीं किया अदालत ने हस्तक्षेप किया तो आधा अधुरा मुकदमा दर्ज कर लिया। अब अंकित गुर्जर हत्याकांड में आरोपियों का चुपचाप कोर्ट की बजाय थाने में सरेंडर करना लोगों के गले से नीचे नहीं उतर रहा है। कुछ लोग तो दबी जुबान से कह रहे हैं कि अगर ब्राहम्णवाद का खेल न खिलता तो आरोपी मुठभेड़ के बाद ही गिरफ्तार होते।

## मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए 21 व 22 को लखनऊ में लगेगा आयुष्मान कार्ड शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने राज्य के पत्रकारों के लिए विशेष सुविधा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग के अनुसार स्टेट हेल्थ एजेंसी (साची) द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड जारी करने एवं संशोधन कराने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 21 व 22 अगस्त 2025 गुरुवार एवं शुक्रवार को आयोजित होगा। अपर निदेशक सूचना अरविंद कुमार मिश्र ने सभी जिलों के उप निदेशक, सहायक निदेशक एवं जिला सूचना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को इस शिविर की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि वे निर्धारित तिथियों में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा या उसमें आवश्यक संशोधन करवा सकें। उपरोक्त के क्रम में जिला सूचना अधिकारी मेरठ सुमित कुमार ने जिले के मान्यता प्राप्त पत्रकारों से कहा है कि यदि उनके आयुष्मान कार्ड में किसी प्रकार की कोई त्रुटि या संशोधन होना है या नया बनाया जाना है तो संबंधित मान्यता प्राप्त पत्रकार इस शिविर में प्रतिभाग कर लाभ उठा सकते हैं।

# संघर्ष के प्रतीक थे सत्यप्रकाश भराला: रामगोपाल यादव


## श्रद्धांजलि सभा में दौराला पहुंचे सपा महासचिव ने साधा भाजपा पर निशाना

**वोट चोरी से सरकार बना रही है भाजपा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** समाजवादी पार्टी के नेता रहे स्व: चौ. सत्यप्रकाश भराला की 17 वीं पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि सभा में दौराला पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा वोटों की चोरी करके सरकार चला रही है।

उन्होंने आने वाले चुनावों के लिए भी सभा में मौजूद लोगों को मतदाता सूची के लिए चेताते हुए लो. कतंत्र बचाने के लिए भाजपा सरकार उखाड़ने का आह्वान किया। मंगलवार दोपहर दौराला स्थित एमबी फार्म में आयोजित स्व. चौ. सत्यप्रकाश भराला की 17 वीं पुण्यतिथि में पहुंचे सपा राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान रामगोपाल यादव ने सत्यप्रकाश भराला के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। मंच पर पहुंचकर उन्होंने सभा में मौजूद लोगों को अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए स्व. सत्यप्रकाश भराला के जीवन के बारे में बताया कि सत्यप्रकाश भराला नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव के साथ से पार्टी के लिए संघर्ष करते हुए आए है। उन्होंने हमेशा जनता के हितों के लिए लड़ाई लड़ी है। हमेशा से सत्यप्रकाश भराला जनता के बीच रहें, इसी का परिणाम स्वरूप आप सभी इतनी बढ़ी संख्या में उपस्थित हुए। रामगोपाल यादव ने उनके पुत्र और कार्यक्रम संयोजक चौ. विनीत भराला को आर्शीवाद देते हुए क्षेत्र की जनता के बीच रहने और उनके पिताजी की तरह लोगों संग जुड़ने का संकल्प दिलाया। इसके बाद उन्होंने भाजपा केन्द्र व प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा वोट चोरी करके सत्ता चला रही है। उन्होंने कहा कि स्व: पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के ऊपर उनके द्वारा की गई शिकायत के ही खिलाफ फर्जी मुकदमे कायम कराएं गये। यह सरकार किसान व आमजन विरोधी है, जिसका परिवर्तन जनता आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव मे करेंगी। सभा में मौजूद लोगों से उन्होंने कहा कि अगर लोकतंत्र बचाना है तो भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना होगा, साथ ही आने वाले चुनाव के दौरान मतदाता सूची के लिए भी सचेत किया। इस दौरान सांसद हरेन्द्र मलिक, विधायक शाहिद मंजूर, विधायक पंकज मलिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, रिहानुदीन, पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी सरधना, शाहवेज अंसारी समेत मंच पर मौजूद रहें। अध्यक्षता श्यामलाल सिंह अध्यक्ष खाप गठवाला व संचालन अजित कुमार भराला ने किया।





## पुलिस ने दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक अधेड़ ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के परिजनों ने थाने में घटना की तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी बीते 14 अगस्त को किसी काम से घर से बाहर जा रही थी। इसी बीच रास्ते में मिले एक अधेड़ ने उसको पकड़ा लिया। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और फरार हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी अशोक पुत्र महेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना को लेकर सामाजिक संगठनों में उबाल था महिला सामाजिक कार्यकर्ता खुलकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# आगामी चुनाव की नई उम्मीदों को हवा दे गए रामगोपाल यादव

## सभा में भीड़ को देखकर थपथपाई विनीत भराला की पीठ

**आगामी चुनाव के लिए कर गए इशारा**

**शाहीन मिर्जा/शाह टाइम्स**

**सरधना।** दौराला गांव में आयोजित समाजवादी पार्टी के नेता रहे स्व: चौ. सत्यप्रकाश भराला की 17वीं पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव आगामी विधानसभा चुनाव को नई हवा देकर चले गये, सभा में मौजूद भीड़ को देखकर उन्होंने विनीत भराला की पीठ थपथपाई।

भराला गांव निवासी स्व. चौ. सत्यप्रकाश भराला समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेताओं में शुमार रहें है, उन्होंने सरधना विधानसभा सीट से दो बार चुनाव लड़ा लेकिन जीत हासिल नही कर सकें, लेकिन दो चुनाव हारने के बाद भी सत्यप्रकाश भराला जनता के बीच हमेशा संघर्ष करते रहें। 2008 में उनकी भराला गांव में हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद उनकी विरासत उनके पुत्र चौ. विनीत भराला संभाल रहें है। दौराला में उनकी 17वीं पुण्यतिथि के लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी भीड़ विनीत भराला की मेहनत साफ नजर आई। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में आए सपा राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादय ने भीड़ को देखकर चौ. विनीत भराला की मंच से ही पीठ थपथपाई, साथ ही मंच से आगामी चुनाव के लिए नई उम्मीदों को भी हवा दी। जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। अब आगामी चुनाव में क्या होता है यह भविष्य में है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बच्चे को सरधना पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार सुबह दौराला रोड बस्ती से संदिग्ध परिस्थितयों में लापता हुए एक बच्चे को सरधना पुलिस ने एक घंटे के अंदर बरामद कर लिया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर पुलिस बच्चे तक पहुंची। बच्चे के मिल जाने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और सरधना पुलिस के कार्य की जमकर सराहना की। मिली जानकारी के अनुसार दौराला रोड बस्ती में अजीम का चार वर्षीय पुत्र अली घर से बाहर परचून की दुकान तक गया था। बीच रास्ते में से वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने बालक की तलाश शुरू कर दी। साथ ही पुलिस को भी मामले से अवगत कराया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए, जिसके बाद बच्चा अपने पिता के साथ मिल गया। पिता ने बताया कि वो रास्ते में से उसे अपने साथ ले गया था। परिजनों को इसकी जानकारी नहीं थी। बच्चे के मिल जाने पर पुलिस व परिजनों ने राहत की सांस ली। साथ ही बालक परि. जनों के सुपुर्द कर दिया।



# किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को सरधना पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबौचा। पुलिस ने उसकी जमकर क्लास लगाई और फिर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी बीते सोमवार की शाम अपने घर से निकलकर किसी काम से जा रही थी। आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने बीच रास्ते में उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। किशोरी ने विरोध जताते हुए शोर मचा दिया। ग्रामीण उस ओर आए तो आरोपी वहां से फरार हो गया। घर पहुंचकर किशोरी ने परिजनों को मामले से अवगत कराया। बाद में पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंच कर पुलिस को मामले से अवगत कराया और नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी लवकुश पुत्र राजबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और मंगलवार को उसके गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## गर्मी ने किया बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भादो माह का महीना पूरा सितम ढहा रहा है। वैसे तो पुरानी कहावत है कि भादो माह में हिरण का रंग भी काला पड़ जाता है पुराने लोग भादो माह में प्रतिदिन नीबू का सेवन करने की सलाह दिया करते थे लेकिन वो सब चीज अब पीछे छुट गई है। पर सच्चाई यह है कि भादो माह में आग बरस रही है बौखलाकर सांप बिलों से निकल रहे हैं और लोग घबराकर उन्हे मार रहे हैं। अभी गर्मी का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

# इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप छात्रों को तैयार कर रहा है शोभित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर क्लब द्वारा 19 अगस्त 2025 को मर्न स्टैक (फुल स्टैक) कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला पीयर-टू-पीयर लर्निंग पहल के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य छात्रों को आधुनिक विकास तकनीकों में दक्ष बनाना और सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देना था। मर्न स्टैक फुल स्टैक आज के समय में आईटी उद्योग और स्टार्ट अप्स की पहली पसंद बना हुआ है, क्योंकि यह एक ही भाषा जावास्क्रिप्ट पर आधारित होने के कारण फुल स्टैक विकास को सरल, तेज और किफायती बना रहा है। वर्तमान रोजगार बाजार में नियोक्ता अपेक्षा कर रहे हैं कि छात्र केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर कार्य करते हुए व्यावहारिक दक्षता भी विकसित करें। यह कार्यशाला छात्रों को न केवल तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान कर रही है, बल्कि यह भी समझा रही है कि भविष्य के करियर में इनका उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन राजेश पांडेय, सहायक प्रोफेसर एवं कंप्यूटर क्लब के संकाय सलाहकार द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मर्न स्टैक जैसी तकनीकें आज के समय में आईटी और सॉफ्टवेयर उद्योग की प्रमुख आवश्यकता बन चुकी हैं। ऐसे कौशल न केवल छात्रों की तकनीकी दक्षता को मजबूत करते हैं, बल्कि उन्हें बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। इस प्रकार की कार्यशालाए छात्रों की प्लेसमेंट की तैयारी को मजबूत करती हैं और उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें 'एम्प्लॉयबल' बनाती हैं। उन्होंने इस आयोजन की सफलता का श्रेय आयोजकों और प्रतिभागियों की मेहनत तथा समर्पण को दिया। कुलपति, प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार त्यागी ने कहा कि डिजिटल युग में वेब विकास कौशल प्रत्येक छात्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। मर्न स्टैक फुल स्टैक जैसी तकनीकों का ज्ञान छात्रों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करता है। प्रोफेसर डॉ. तरुण कुमार शर्मा, डीन शैक्षणिक, शोभित विश्व विद्यालय गंगोह ने कहा कि ऐसी एक माह की कार्यशालाएं छात्रों को गहन ज्ञान, व्यावहारिक अनुभव और उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रदान कर रही हैं। यह पहल छात्रों को प्रतिस्पर्धी तकनीकी वातावरण में सफल होने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है।

प्रोफेसर डॉ. निधि त्यागी, निदेशिका, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों की तकनीकी दक्षता, रचनात्मकता और समस्या समाधान क्षमता को विकसित करती हैं। इस कार्यशाला का तकनीकी प्रशिक्षण क्षितिज राज, बी.टेक. सी.एस.ई. तृतीय वर्ष के छात्र द्वारा कराया जा रहा है, जो छात्रों को सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से मर्न स्टैक की विभिन्न तकनीकों को समझा रहे हैं। इस कार्यशाला को सफल बनाने में कंप्यूटर क्लब के छात्र समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनमें आदर्श मिश्रा, शुभम चौधरी, अतीकुर रहमान, वंशिका जैन, अद्रिका आदित्य, सौरव भदाना और सक्षम पाठक शामिल थे।



# तक्षशिला के बच्चों का शूटिंग चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्टार शूटिंग एकेडमी बिटावदा मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में आयोजित पांचवीं हरिया सहरावत शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 मैडल जीते। जिसमें दस मीटर एयर पिस्टल बालिका वर्ग में नैना राज ने गोल्ड मेडल, खुशबू चहल ने एवं परिधि वशिष्ठ ने सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा किया। इसके साथ ऐंजल ने ब्रॉन्ज मैडल जीता। दस मीटर एयर पिस्टल बालक वर्ग में देवांश ने गोल्ड मेडल, ग्रन्थ ने सिल्वर और अभिनव बालियान ने ब्रॉन्ज मेडल पर अपना कब्जा किया।

स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने बच्चों को बधाई दी तथा आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने विजयी बच्चों व कोच आदिल खान व विनीत चौधरी को बधाई दी। बच्चों ने अपनी जीत का श्रेय तक्षशिला शूटिंग एकेडमी व अपने कोच आदिल खान तथा विनीत चौधरी को दिया।

## जानी ब्लॉक विकास खंड स्तरीय में pai 2.0 कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी ब्लॉक में उपनिदेशक ग्राम पंचायत मेरठ मंडल की निर्देश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत वर्ष 2025 और 26 में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स pai संस्करण 1.0 प्रसार एवं संस्करण 2.0 क्रिया नवयन एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय कार्यशाली का आयोजन जनपद मेरठ के विकास खंड जानी खुर्द में किया गया। जिसका उद्घाटन सहायक विकास पंचायत अधिकारी ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर सुमन उपाध्याय व निशा द्वारा प्रदान किया गया और सभी ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों को विस्तार से समझाया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी ग्राम सचिव सनी तालियान, रिनित कुमार, चांदनी जयसवाल, पारस और क्षेत्र के ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में 50 राउंड फायरिंग

## क्षेत्र में मचा हड़कंप, एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की बाइकों को किया आग के हवाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव रहावती से कौल गांव में जाने वाले रास्ते पर पुरानी रंजिश के चलते व अपना वर्चस्व दिखाने को लेकर दो पक्षों में जमकर फायरिंग हो गई। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण घटना की ओर दौड़े तो वहां पर बदमाश मौके से फरार हो गए। हालांकि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की दो बाईकों में आग लगा दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली, और जली हुई बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आये। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है गांव में सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। बताते चले कि मंगलवार की शाम करीब चार-पांच बजे रहाव. ती से कौल जाने वाले रास्ते पर दो पक्षों में दो दर्जन से अधिक बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते और अपना वर्चस्व दिखाते हुए दोनों की ओर से जमकर फायरिंग हो गई फायरिंग लगभग 50 राउंड चली। फायरिंग की सूचना पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए मौके से खोखे बरामद करने का दावा किया है, और जली दो बाईकों को कब्जे में लेकर थाने ले आई। थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि मामला पुरानी रंजिश का लग रहा है। मौके से चार खोखे बरामद किए गए हैं। आसपास के गांव में जाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। फायरिंग किस कारण हुई है यह छानबीन भी की जा रहा है। जल्दी बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



# घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी दबोचे

## क्षेत्र के कई घरों को बना चुके हैं अपना निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अभी कुछ दिन पूर्व जानी थाना क्षेत्र के एक घर का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अजाम दिया था। जहां चोरों ने अलमारी में से करीब 70हजार रुपए एक चांदी की चेन पायल और अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। पीड़ित ने जानी थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने और उप निरीक्षक शिव कुमार ने चोरी का घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को दबोच लिया आरोपियों की पहचान अखिल पुत्र पिंटू, आकाश पुत्र मुकेश, स्माइल पुत्र नूर मोहम्मद निवासी जानी खुर्द के रूप में हुई। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**केर्न्स, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका 19 अगस्त से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही वनडे सीरीज में तेज गें. दबाज कैगिसो रबाडा के बिना खेलेगा। यह तेज गेंदबाज अपने दाहिने टखने में सूजन के कारण बाहर है। बताया जा रहा है कि 30 वर्षीय रबाडा का सोमवार (18 अगस्त) को स्कैन हुआ था, जिसमें चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि वह अब ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे और राष्ट्रीय टीम के मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे। केर्न्स में होने वाले पहले मैच के लिए, दक्षिण अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी, नांद्रे बर्गर और वियान मुल्डर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को चुना है। अगले दो मैच 22 और 24 अगस्त को मैके में खेले जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया पर भारी पड़ा केशव का पंजा

**केर्न्स, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महराज (33 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में मंगलवार को 98 रन से रौंदकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 40-5 ओवर में 198 रन पर सिमट गयी। करियर में पहली बार वनडे में पांच विकेट लेने वाले केशव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले महराज का करियर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 33 रन पर चार विकेट था। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान ने 96 गेंदों में 10 चौकों की मदद से सर्वाधिक 88 रन बनाये। बेन ड्वारशिवस ने 33 और हेड ने 27 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम 60

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## सूर्यकुमार यादव कप्तान, शुभमन गिल उपकप्तान, जायसवाल-सुंदर रिजर्व प्लेयर, टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू



**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए भारत के 15 सदस्यीय दल में शुभमन गिल को मौका दिया गया है। साथ ही वह टीम के उपकप्तान भी बनाए गए हैं। मुंबई के बीसीसीआई हेडक्वार्टर में चयन समिति की बैठक के बाद एशिया कप के लिए मंगलवार को टीम का ऐलान कर दिया गया। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को भी मौका दिया गया है लेकिन गिल को उपकप्तान बनाए जाने के बाद, इस बात की उम्मीद की जा सकती है, वह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। इस बात की उम्मीद थी कि भारत यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर को मौका दे सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जितेश शर्मा को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आरसीबी के लिए हालिया आईपीएल में काफी कमाल की बल्लेबाजी की थी। इसके अलावा तेज गें. दबाजी विभाग में हर्षित राणा को मौका दिया गया है। अगर मध्य और निचले क्रम में बल्लेबाजी के विकल्प के बारे में बात की जाए तो दल में सूर्यकुमार, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा हैं। अगर भारत गिल और अभिषेक से पारी की शुरुआत करता है तो जितेश को पहली पसंद विकेटकीपर के तौर पर उतारा जा सकता है। टीम में तीन ऑलराउंडर है, जिसमें अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे का नाम शामिल हैं। गेंदबाजी के विशेषज्ञ विकल्प के रूप में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा हैं। गिल की वापसी के संदर्भ में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने (शुभमन गिल) टीम की अगुवाई की थी। जब हम श्रीलंका गए तब वह उपकप्तान थे। इसके बाद हम टेस्ट क्रिकेट में व्यस्त हो गए लेकिन उनकी वापसी हमारे लिए अच्छी है। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद यह बड़ी सीरीज है और यह खुद को जांचने का अच्छा मौका है। शुभमन गिल भारत की टी-20 टीम में वापस आ गए हैं और सीधे नेतृत्व की भूमिका में आ गए हैं। 25 वर्षीय इस सलामी बल्लेबाज को एशिया कप 2025 के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ एशिया कप में पिछला मैच न खेलने के बाद यह उनकी वापसी है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में वह अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के साथ तीन प्रमुख सलामी बल्लेबाजों के रूप में शामिल हो गए हैं। यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन जितेश शर्मा दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल हो गए हैं। सैमसन और अभिषेक द्वारा बांग्लादेश, दक्षिण अप्रफीका और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखलाओं में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद गिल की जगह इस प्रारूप में संदिग्ध थी। लेकिन गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने आईपीएल 2025 में 155-87 के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए।



कार्लोस अल्काराज



इगा स्वियाटेक

# पाक हॉकी एशिया कप से हटा

- **ओमान ने भी नाम वापसी लिया, बांग्लादेश व कजाकिस्तान को मौका**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से अधिकृत रूप से हट गया है। इतना ही नहीं, ओमान ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया है।

हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने बताया कि मंगलवार सुबह पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने भारत आने से अधिकृत तौर पर इनकार कर दिया है। ओमान की टीम भी हट गई है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को ड्रा में शामिल कर दिया। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट से हटने की बातें कही जा रही थीं। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था।

हालांकि भारत सरकार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा दिया था। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी, जो कि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

### पीसीबी ने बाबर आजम-रिजवान को कैटेगरी-ए से बी में डाला

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी सितारों अबरार अहमद, हारिस रऊफ, सैम अयूब, सलमान अली आगा और शादाब खान को पिछले 12 महीनों में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है और उन्हें 2025/26 के लिए टीम की केंद्रीय अनुबंध सूची में पदोन्नति मिली है। इन सभी खिलाड़ियों ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान द्वारा आज जारी की गई नवीनतम अनुबंध सूची में श्रेणी बी में पदोन्नति हासिल की। 1 जुलाई 2025 से शुरू होने वाले वर्ष के लिए कुल 30 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कुल 10 खिलाड़ी श्रेणी बी में सूचीबद्ध हैं।

# अल्काराज-इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन

- **कार्लोस अल्काराज ने जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से खिताब जीता**
- **इगा स्वियाटेक ने महिला एकल के फाइनल में इटली की जैस्मीन को 7-5, 6-4 से हराया**

**सिनसिनाटी, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज को 2025 सिनसिनाटी ओपन चैंपियन का ताज पहनाया गया, जब जैनिक सिनर को फाइनल में रिटायर होना पड़ा, क्योंकि वे सिर्फ पांच गेम के बाद 5-0 से पिछड़ रहे थे।

कार्लोस अल्काराज ने सोमवार (18 अगस्त) को जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से 2025 सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीत लिया। अंतिम स्कोर 5-0 रहा। सीजन का उनका चौथा फाइनल मुकाबला, यह मैच जल्द ही पलट गया। 2025 सीजन के चौथे फाइनल मुक. ाबले की शुरुआत अच्छी रही क्योंकि आमतौर पर स्थिर रहने वाले सिनर ने अपना पहला सर्विस गेम लव पर गंवा दिया। अल्काराज ने लगातार चार और गेम जीते, इससे पहले कि इताल. वी खिलाड़ी ने चेंजओवर के दौरान ट्रेनर को बुलाया। कुछ ही मिनटों बाद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैच से रिटायर हो गए। दोनों खिलाड़ी - जो अपनी प्रतिद्वंद्विता का आनंद ले रहे थे - आपस में लिपट गए, अल्काराज ने अपने प्रतिद्वंद्वी के गले में हाथ डाला और सिनर के स्वास्थ्य को लेकर लचतित दिखे। सिनर ने ट्रॉफी समारोह के दौरान दर्शकों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि आपको निराश करने के लिए मुझे बहुत, बहुत दुख है। कल से, मैं अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। मुझे लगा था कि रात में मैं बेहतर हो जाऊंगा, लेकिन हालत और बिगड़ गई। मैंने वापसी की कोशिश की, इसे कम से कम एक छोटा मैच बनाने की को. शिश की, लेकिन मैं इससे ज्यादा नहीं झेल सका। अल्काराज और सिनर दोनों को यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स चैंपियनशिप में खेलना है।

**विश्व की** दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने महिला एकल फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। इगा स्वियाटेक ने सोमवार (18 अगस्त) को जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। एक घंटे 49 मिनट के कठिन टेनिस में, स्वियाटेक - टूर्नामेंट में एकल में जीत हासिल करने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी - ने पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली पाओलिनी के खिलाफ छठी बार जीत हासिल की। उन्होंने इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ केवल एक सेट गंवाया है। यह जीत उनके पहले से ही शानदार करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुई। यह स्वियाटेक का इस टूर पर 24वां और 1000 लेवल के स्तर पर 11वां खिताब था। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने चैंपियनशिप तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। लवबलडन में जीत के बाद सिनसिनाटी स्वियाटेक का इस सीजन का दूसरा खिताब था। वह यूएस ओपन में नंबर 2 सीड एकल के रूप में भाग ले रही हैं और नए रूप से तैयार किए गए मिश्रित युगल में उनकी जोड़ी कैस्पर रूड के साथ है।

# विश्व कप टीम में शेफाली को जगह नहीं





- **प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई है, रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की**

**मुंबई, वार्ता।** महिला वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शेफाली वर्मा को मौका नहीं दिया गया है। प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई हैं, जिन्होंने हालिया समय में भारत के लिए वनडे मैचों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है।

मध्य प्रदेश की युवा तेज गें. दबाज क्रांति गौड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। साथ ही रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की है। 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच 30 सितंबर को होगा। कुल आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट में नॉकआउट स्टेज से पहले हर टीम हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलते हुए कुल सात मैच खेलेगी। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 2 नवंबर को खेला जाएगा।

### विश्व कप के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमाह रॉड्रिग्स , ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, रेणुका सिंह,अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**वर्ल्ड कप में भारत के मुक़ाबले**

बनाम श्रीलंका - 30 सितंबर 2025

बनाम पाकिस्तान - 5 अक्टूबर

बनाम दक्षिण अफ्रीका- 9 अक्टूबर

बनाम ऑस्ट्रेलिया - 12 अक्टूबर

बनाम इंग्लैंड - 19 अक्टूबर 2025

बनाम न्यूजीलैंड - 23 अक्टूबर

बनाम बांग्लादेश - 26 अक्टूबर

# फाइनल में जगह बनाने के लिए ईस्ट बंगाल का मुकाबला डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से

**कोलकाता, वार्ता।** 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप का सेमीफाइनल चरण कोलकाता में रोमांचक मोड़ पर है, जहां एक बदली हुई और आत्मविश्वास से भरी ईस्ट बंगाल टीम बुधवार को सेमीफाइनल में टूर्नामेंट डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से भिड़ेगी। यह मुकाबला शाम 7 बजे कोलकाता के प्रसिद्ध विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (सॉल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

ईस्ट बंगाल ने क्वार्टरफाइनल में चिरप्रतिद्वंद्वी मोहन बागान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि डायमंड हार्बर एफसी ने आईएसएल क्लब जमश. ेदपुर एफसी को 2-0 से हराकर सबको चौंका दिया। हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन की अगुआई में ईस्ट बंगाल ने हालिया वर्षों की कमजोरियों को पीछे छोड़ दिया है। कोच बनने के बाद पहली बार उन्होंने मोहन बागान के खिलाफ डर्बी जीत दर्ज की, जिससे टीम का आत्मविश्वास चरम पर है। ब्रुजोन ने मैच से पहले कहा कि डायमंड हार्बर एक बेखौफ टीम है। वे डेब्यूटेंट हैं लेकिन उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जुझारूपन दिखाया है। इस तरह की टीमों को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। हमने डर्बी में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अब वो इतिहास हो चुका है। हमें उसी ऊर्जा और फोकस के साथ इस सेमीफाइनल में उतरना होगा। ईस्ट बंगाल ने ग्रुप स्टेज में साउथ यूनाइटेड एफसी को 5-0, नमधारी एफसी को 1-0 और इंडियन एयर फोर्स को 6-1 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। मोहन बागान के खिलाफ डर्बी में दिमित्रियोस डाइमंटाकोस दो गोल दागकर हीरो बन गए।

# जूनियर विश्व नंबर-1 तन्वी शर्मा, भार्गव राम विश्व तेज भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे

- **सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विश्व की नंबर 1 जूनियर बालिका एकल खिलाड़ी तन्वी शर्मा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी, एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और अनुभवी उन्नति हुड्डा, 6-19 अक्टूबर, 2025 तक गुवाहाटी के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में 25 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएँ 13-19 अक्टूबर तक होंगी। भारतीय बैडलमटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि हम बेहद उत्साहित हैं कि भारत अपने घरेलू मैदान पर विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए अपनी सबसे मजबूत टीमों में से एक उतारेगा। हमारी टीम में दो विश्व जूनियर नंबर 1 खिलाड़ी और कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने सीनियर सर्किट में अपनी छाप छोड़ी है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हम भारतीय खिलाड़ियों को पोडियम पर देखेंगे। भारत ने पिछली बार 2008 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब साइना नेहवाल स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थीं, जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं, और 2025 संस्करण के लिए चुनी गई टीम में इस संख्या को बढ़ाने के लिए पर्याप्त गहराई है। चैंपियनशिप के लिए अंतिम टीम का चयन एक गहन ट्रायल के बाद किया गया, जिसमें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप टीम के सभी सदस्य, विश्व जूनियर शीर्ष 20 में स्थान पाने वाले खिलाड़ी, बाई एकल शीर्ष 8, बाई युगल शीर्ष 4 जोड़ियां और बीडब्ल्यूएफ सीनियर शीर्ष 50 में स्थान पाने वाले जूनियर खिलाड़ी शामिल थे। दो- चरणीय राउंड-रॉबिन प्रारूप ने सुनिश्चित किया कि सबसे प्रतिस्पर्धी लाइन-अप का चयन किया जाए। एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की बालिका एकल कांस्य पदक विजेता तन्वी और वेन्नाला को सीधे टीम में चुना गया। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, टीम से 10 लड़के और 10 लड़कियों का चयन मिश्रित टीम चैंपियनशिप में खेलने के लिए किया जाएगा। गुवाहाटी में चैंपियनशिप की मेजबानी के साथ, भारतीय खिलाड़ियों को उत्साही घरेलू दर्शकों का भी लाभ मिलेगा।

# ओम पवार और संदीप जैन ने पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट में मारी बाजी

**नोएडा, वार्ता।** यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन (यूपीए) द्वारा आयोजित पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन नोएडा के सेक्टर 121 स्थित हाल ही में लॉन्च हुए स्पोर्ट्स वेन्यू 'पिकलब्ले' पर किया गया।

टूर्नामेंट में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंडर-14 से 60+ आयु वर्ग तक कुल 11 अलग-अलग श्रेणियों में 150 मुकाबले खेले गए। हर श्रेणी के विजेताओं को 6,000 रुपये प्रति वर्ग की नकद राशि सहित कुल 66,000 रुपये के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की नोएडा इकाई के अध्यक्ष महेश चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पिकलबॉल को पहली बार खेलने का अनुभव साझा किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहायता करेगी, ताकि यह फिटनेस गतिविधि के रूप में आम जन तक पहुंचे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विक. सित भारत के विजन से जुड़ा हुआ है। महेश चौहान ने कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन के आमंत्रण पर यहां आया। पहले मुझे इस खेल के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, लेकिन जब हमारे एक कार्यकर्ता ने इसके बारे में बताया, तो मुझे रुचि हुई। मुझे देखकर खुशी हुई कि बीते 3-4 वर्षों में यह खेल उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हुआ है।

# मनु के कांस्य के बाद रश्मिका को स्वर्ण पदक

- **मनु ने महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान पाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कज़ाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/ शॉटगन के दूसरे दिन, दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने अपने करियर की अद्भुत निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, एक और व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय पदक हासिल किया।

रश्मिका सहगल ने स्वर्ण पदक जीता, जो प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक था। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद, रश्मिका ने आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के साथ जूनियर महिला एयर पिस्टल का खिताब जीता - उनका स्कोर 241.9 रहा, जो रजत पदक विजेता कोरियाई हान सेउंगह्यून से 4.3 अंक अधिक था। वास्तव में, रश्मिका (क्वालीफिकेशन स्कोर 582) के लिए यह दोहरी खुशी की बात थी, क्योंकि उन्होंने वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। मनु (583) ने मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक (573) और सुरुचि फोगाट (574) के साथ महिला एयर पिस्टल में टीम कांस्य पदक भी जीता, दोनों क्रमशः तीन और दो अंकों से व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। फाइनल में, मनु पहली पांच-शॉट सीरीज के बाद पांचवें और दूसरी के बाद चौथे स्थान पर थीं, लेकिन 11वें सिंगल शॉट में 10-5 का स्कोर बनाकर वह चीन की अंतिम विजेता मा कियानके के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। इसके बाद, जब मा मैदान पर नहीं थीं, तो कोरियाई 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चैंपियन यांग जिन, अनुभवी ईरानी हनीयेह रोस्तमियान और मनु के बीच छोटे स्थानों के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली।

हालांकि, भारतीय खिलाड़ी ने जरूरी समय पर बड़े शॉट लगाए और उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा,जहां हनीयेह चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर महिला फाइनल में, रश्मिका कोरिया की हान के साथ शुरू से ही वर्चस्व की लड़ाई में शामिल थीं। हालांकि, 13वें सिंगल शॉट के बाद वह पहली बार उससे आगे निकल गई और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 15वें शॉट में 10-9 का स्कोर सोने पर सुहागा था। सोमवार से भारत ने सीनियर पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में एक व्यक्तिगत कांस्य, एक टीम रजत और एक टीम कांस्य पदक जीता है। उन्होंने इस स्पर्धा में व्यक्तिगत जूनियर स्वर्ण पदक भी जीते हैं, जिसमें सोमवार को कपिल बैंसला ने पहला स्थान हासिल किया, और मंगलवार को रश्मिका सहगल ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, जहां कपिल ने इस स्पर्धा में टीम रजत पदक जीता, वहीं रश्मिका ने महिला जूनियर टीम प्रतियोगिता में अपनी साथी वंशिका और मोहिनी की मदद से स्वर्णिम डबल पूरा करने में सफलता प्राप्त की। जोनाथन गेविन एंटनी ने भी जूनियर पुरुष एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता, जबकि गिरीश गुप्ता ने युवा पुरुष एयर पिस्टल में स्वर्ण और देव प्रताप ने युवा पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता।



# कांग्रेस का ग्राफ बढ़ेगा

वोटों की चोरी जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वोटर अधिकार तेजी से जारी है, हाल के वर्षों में राहुल की ये तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने भारत जोड़ो और न्याय यात्रा निकाली थी। इस यात्रा से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा था। उसकी सीटें बढ़ीं और अब एक बार फिर कांग्रेस इस उम्मीद में है कि वोट अधिकार यात्रा से बिहार में उसकी स्थिति बदलेगी। भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा और अब वोट अधिकार यात्रा, ये वो यात्राएं हैं जिसमें दो कांग्रेस सांसद राहुल गांधी निकाल चुके हैं और एक निकाल रहे हैं। भारत जोड़ो और न्याय यात्रा को राहुल ने लोकसभा चुनाव से पहले निकाला था, तो वोट अधिकार यात्रा को बिहार चुनाव से पहले निकाल रहे हैं। कांग्रेस ने यात्रा के प्रयोग को लोकसभा चुनाव में हिट माना था, जिसके बाद इसे बिहार विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल करने का फैसला किया गया। लोकसभा चुनाव को देखें, तो राहुल गांधी ने जिन सीटों से अपनी यात्रा के दौरान गुजरे उनमें से 41 सीटों पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल जीतने में कामयाब रहे। भारत जोड़ो यात्रा ने 71 सीटों को कवर किया था, जबकि न्याय यात्रा 82 सीटों से होकर गुजरी थी। यानी कुल 153 सीटों से ये दोनों यात्रा होकर निकली थी, जिसमें से इंडिया गठबंधन को 41 सीटों पर जीत मिली थी। राहुल गांधी की ये यात्रा बिहार में भी थी। सात सीटों पर ये पहुंची थी, इनमें से कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी पर जीत हासिल की।वहीं, उसके विपक्षी सहयोगियों ने दो सीटें जीतीं। कुल मिलाकर ये यात्रा बिहार में सफल रही थी। वहीं देशभर में भी इस यात्रा से कांग्रेस की सीटें बढ़ीं। जो पार्टी पिछले दो चुनावों से 50 का आंकड़ा भी नहीं पार कर पा रही थी वो 2024 के चुनाव में इससे काफी आगे निकलने में सफल हुई और यहां तक कि उससे लोकसभा में विपक्ष का नेता चुनने का अधिकार भी मिला। कांग्रेस- आरजेडी के साथ मिलकर इस बार बिहार में सत्ता परिवर्तन का सपना देख रही है। इसको हकीकत में बदलने का मोर्चा खुद राहुल गांधी ने संभाल लिया है। जन-जन को साधने के लिए वह वोट अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। राहुल की इस यात्रा का मकसद जनता को उसके वोट के अधिकार के बारे में बताना है। दरअसल कांग्रेस और राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र चुनाव में वोटों की चोरी हुई है। एसआईआर को लेकर भी चुनाव आयोग को वह निशाने पर लिए हुए हैं। वोट चोरी पर सरकार और चुनाव आयोग को घेरने के लिए वोट अधिकार यात्रा 23 जिलों से होकर गुजरेगी। इसकी शुरुआत राहुल ने सासाराम से की, जो दलितों का गढ़ है। बाबू जगजीवन राम और फिर उनकी बेटी मीरा कुमार यहीं से सांसद चुनी जाती रहीं। मुस्लिमों की तरह दलित भी बिहार में कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक रहा है। बिहार में दुसाध-पासी वोट के साथ अन्य दलित जातियों का 55 से 65 फीसदी वोट एनडीए के पाले में जाता रहा है, लेकिन 2024 के चुनाव में इसमें गिरावट देखी गई है। राहुल जिन 23 जिलों की 50 विधानसभा सीटों पर जा रहे हैं, 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने इनमें से 23 सीटें जीती थीं। कांग्रेस 50 में से 20 सीटों पर लड़ी थी जिसमें से 8 सीटों पर जीत मिली थी। यह दशकों में बिहार में कांग्रेस का पहला बड़ा जमीनी स्तर का आंदोलन है जहां लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार जैसे क्षेत्रीय नेताओं के उभरने के साथ इसका राजनीतिक प्रभाव लगातार कम होता गया। 2020 में बिहार में 3 चरणों में वोटिंग हुई थी। 243 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी को 74, जेडीयू को 43, आरजेडी को 75, कांग्रेस को 19, सीपीआइ एमएल को 12, एआइएमएम को 5, सीपीआई को 2, सीपीएम को 2, बसपा को 1, हम को 4, लोकजनशक्ति पार्टी को 1, विकासशील इंसान पार्टी को 4 सीटों पर मिली थी। राहुल की कोशिश 2020 के आंकड़े को बदलने की है। यही नहीं वह इस बार कांग्रेस के लिए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का भी प्रयास करेंगे।

## राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे



आने वाले लोकसभा के चुनाव में महागठबंधन की मजबूत सरकार और राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे, भाजपा के लोग चुनाव आयोग के साथ मिलकर गरीबों का वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं, लोकसभा में जीवित सदस्यों को अब मृत घोषित कर दिया गया है, यह सब एक साजिश का हिस्सा लगता है, उन्हें लगता है कि बिहार को आसानी से चूना लगा देंगे, लेकिन मोदी जी यह नहीं जानते कि हम बिहारी हैं, हमारा बिहार सब पर भारी है, हम लोग चूना में खैनी में मिलाकर रगड़ दिया करते हैं, चाहे कोई भी जाति, वर्ग या धर्म से हो, हम नया बिहार बनाएंगे, सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।

**-तेजस्वी यादव, वरिष्ठ राजद नेता**

# मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण





**श्वेता गोयल**

मच्छर पूरी दुनिया में बीमारियों के सबसे बड़े वाहक होते हैं, जिनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, जीका वायरस इत्यादि जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया इन सभी में सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, जो कई मामलों में जानलेवा साबित होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में मच्छरों के काटने के कारण अफ्रीका में सर्वाधिक मौतें हुई थी। दुनिया के कई हिस्सों में मच्छरों के काटने से होने वाली मौतें आज भी गंभीर चिंता का कारण हैं, इसीलिए मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और बचाव के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को एक खास विषय के साथ 'विश्व मच्छर दिवस' मनाया जाता है।

20 अगस्त को ही यह दिवस मनाने का कारण यही है कि 1897 में लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के ब्रिटिश डॉक्टर सर रोनाल्ड रॉस ने इसी दिन मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी, जिसके काटने से मलेरिया होता है। यह पहली बार था, जब किसी डॉक्टर ने मच्छर और मलेरिया के बीच संबंध स्थापित किया था और उनकी उस खोज ने मलेरिया की रोकथाम और उपचार खोजने में मदद की। मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मच्छरों के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 20 अगस्त 1897 से ही इस दिन की शुरुआत हुई। मलेरिया से जुड़ी महत्वपूर्ण खोज के कारण ही डा। रोनाल्ड रॉस को 1902 में चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस वर्ष 'विश्व मच्छर दिवस' का विषय है 'अधिक समतापूर्ण विश्व के लिए मलेरिया के विरुद्ध लड़ाई में तेजी लाना' जो विशेष रूप से कमजोर आबादी के लिए मलेरिया की रोकथाम, निदान और उपचार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देता है। यह मलेरिया नियंत्रण में प्रभावी हस्तक्षेपों को बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। मलेरिया सबसे आम लेकिन जानलेवा वेक्टर जनित बीमारी है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से होती है, जिसके माध्यम से परजीवी रक्त प्रवाह में प्रवेश करता है। यह ऐसी परजीवी बीमारी है, जो अफीका और दक्षिण एशिया जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक आम है। हालांकि समय पर निदान और उपचार जटिलताओं को रोक सकता है तथा कई लोगों की जान बचा सकता है। जब कोई मच्छर मलेरिया से संक्रमित किसी व्यक्ति को काटता है तो वह मच्छर भी संक्रमित हो जाता है, फिर यह संक्रमित मच्छर अपने काटने से परजीवी को स्वस्थ व्यक्ति में फैला सकता है, जिससे बीमारी फैलती है। बता दें कि सभी मच्छर मलेरिया नहीं फैलाते बल्कि केवल संक्रमित मादा एनाफिलीज ही इसे मनुष्यों में फैलाने में सक्षम होते हैं। मलेरिया एनाफिलीज मच्छर से नहीं होता बल्कि यह मच्छर परजीवी का काम करते हैं। यदि कोई मच्छर आपको काटता है और उसमें मलेरिया है तो परजीवी आपके रक्त प्रवाह में चला जाएगा, जो आपके पूरे शरीर को संक्रमित कर सकता है।

वैसे तो दुनिया में मलेरिया का उपचार मच्छर की खोज से पहले भी था। वैज्ञानिकों ने उससे पहले 'कुनैन' दवा की खोज कर ली थी लेकिन उसकी कमी के कारण हर साल हजारों लोगों की जान जा रही थी। 1897 में मलेरिया के वाहक एनाफिलीज मच्छर की खोज होने के बाद ही मलेरिया से निपटने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा कई और महत्वपूर्ण रिसर्च की गई। हालांकि समय के साथ मलेरिया परजीवियों ने आर्टेमिसिनिन और क्लोरोक्वीन सहित आमतौर पर मलेरिया के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली कई दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लिया है, इसीलिए अब दुनियाभर के कई स्वास्थ्य विशेषज्ञ मलेरिया से लड़ने वाली बेहतर दवाओं की खोज जारी रखे हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण दुनियाभर में हर साल सात लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

मच्छरों के काटने से डेंगू, मलेरिया, जीका वायरस, वेस्ट नाइल, पीला बुखार, लिम्फैटिक फाइलेरिया जैसी बीमारियां होती हैं। मच्छर के काटने पर बहुत ज्यादा खुजली और जलन की समस्या होती है। दुनियाभर में हर साल मलेरिया के करीब 29 करोड़ मामले सामने आते हैं और मलेरिया से प्रतिवर्ष चार लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। हर साल भारत में ही करीब 4 करोड़ लोग मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित होते हैं, जिनमें मलेरिया सबसे आम है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में मलेरिया के ही प्रतिवर्ष करीब डेढ़ करोड़ मामले सामने आते हैं। दुनिया के 100 से भी ज्यादा देशों में मलेरिया के मामले रिपोर्ट होते हैं। हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक दुनियाभर में मलेरिया के करीब 70 प्रतिशत मामले 11 देशों में ही केंद्रित हैं, जिनमें से एक भारत तथा बाकी अफीकी महाद्वीप के हैं। मलेरिया ऐसी बीमारी है, जो आमतौर पर दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों को प्रभावित करती है। मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी ऐसी घातक बीमारी है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, ठंड लगना, पसीना, सिरदर्द और शरीर में दर्द शामिल होते हैं।

दुनियाभर में मच्छरों की करीब 3700 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 393 प्रजातियां भारत में हैं। ब्राजील, इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड के बाद भारत पांचवां सर्वाधिक मच्छर विविधता वाला देश है। इनमें से मच्छरों की कुछ प्रजातियां ही रोगवाहक होती हैं। मच्छरों की ऐसी ही कुछ विशेष प्रजातियां विभिन्न बीमारियों के प्रसार का कारण बनती हैं, जिनमें मलेरिया के अलावा डेंगू, चिकनगुनिया, जीका, वेस्ट नाइल वायरस रोग, लिम्फैटिक फाइलेरिया इत्यादि प्रमुख हैं। दुनियाभर में 4 अरब से भी ज्यादा लोग एडीज मच्छर द्वारा फैलने वाले डेंगू के जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं। डेंगू बुखार आमतौर पर उष्णकटिबंधीय और उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ो में दर्द तथा त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं। डेंगू बुखार कभी-कभी डेंगू हेमरेजिक फीवर या डेंगू शॉक सिंड्रोम में बदल सकता है, जो जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है। चिकनगुनिया के मामले और प्रकोप अमेरिका, अफ्रीका, एशिया, यूरोप तथा हिंद और प्रशांत महासागरों में 100 से भी ज्यादा देशों में सामने आए हैं। चिकनगुनिया भी एडीज मच्छर द्वारा ही फैलता है, जिसके लक्षणों में बुखार, जोड़ो में गंभीर दर्द, और त्वचा पर रैशेज शामिल हैं। चिकनगुनिया का दर्द कई महीनों तक बना रह सकता है, जिससे व्यक्ति की जीवन गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

जीका वायरस भी संक्रमित एडीज प्रजाति के मच्छर के काटने से फैलता है। यह वायरस जीका वायरस से संक्रमित व्यक्ति से उसके यौन साथी में शारीरिक संबंधों के जरिए भी फैल सकता है। गर्भवती महिला से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे में भी यह वायरस फैल सकता है। गर्भावस्था के दौरान संक्रमण से कुछ जन्म दोष हो सकते हैं। जीका वायरस रोग के मामले और प्रकोप अफ्रीका, अमेरिका, दक्षिणी प्रशांत और पश्चिमी प्रशांत के क्षेत्रों में सामने आते रहे हैं। वेस्ट नाइल वायरस रोग अमेरिका सहित दुनिया के कई स्थानों में पाया जाता है, जो मच्छर जनित बीमारी का प्रमुख कारण है। यह क्यूलेक्स मच्छर के माध्यम से फैलता है, जो कभी-कभी एन्सेफलाइटिस और मेनिंजाइटिस जैसी गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। मच्छरजनित बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि अपने घर के अंदर और आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल में लंबे समय तक रहा कोइराला परिवार का वर्चस्व

**शेखर कोइराला के हाल ही ओली सरकार पर जमीन कब्जाने संबंधी बयान से ओली सरकार असहज हुई है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर भी कोइराला परिवार का कब्जा रहता था। इस परिवार के सुशील कोइराला नेपाली कांग्रेस के आखिरी अध्यक्ष रहें हैं। इस समय इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा हैं। नेपाल की राजनीति में चर्चा है कि शेखर कोइराला पार्टी के अध्यक्ष पद को हासिल करने की चाह रखते हैं ताकि नेपाली कांग्रेस पर एक बार फिर कोइराला परिवार का वर्चस्व कायम हो सके।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल की राजनीति में कभी कोइराला परिवार का दबदबा था। राजा शासन से लेकर लोकतंत्र बहाली तक इस परिवार के चार प्रधानमंत्री हुए। कहना न होगा कि एक ही वंश के चारों प्रधानमंत्रियों का मिजाज भिन्न था और सभी की कार्यशैली भी अलहदा थी।

कोइराला जाति से कान्यकुब्ज ब्राह्मण होते हैं। चूंकि यह परिवार पहाड़ का निवासी है इसलिए इन्हें पहाड़ी ब्राह्मण भी कहा जाता है। राजशाही के जमाने में इस परिवार के पहले प्रधानमंत्री मातृका प्रसाद कोइराला हुए। मातृका प्रसाद 16 नवम्बर 1951 से 14 अगस्त 1952 और फिर 15 जून 1953 से 11 अप्रेल 1955 तक ऐसे समय प्रधानमंत्री रहे जब राजशाही अपने निरंकुशता के चरम पर था। कोइराला परिवार के यह पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो बस नाम के प्रधानमंत्री थे लेकिन उसके बाद जब इनके छोटे भाई वीपी कोइराला प्रधानमंत्री बने तो कहना न होगा, उन्होंने तत्कालीन नरेश महेंद्र के नाक में दम कर दिया। वे मात्र 18 माह ही प्रधानमंत्री रहे लेकिन इनके इस कार्यकाल को लोकतंत्र की स्थापना काल के रूप में याद किया जाता है। प्रधानमंत्री वीपी कोइराला अपेक्षाकृत लोकतांत्रिक थे। इसीलिए उनकी राजा महेन्द्र से लंबे समय तक टकराव चला। बहुत दलीय लोकतंत्र की लड़ाई में उन्हें 18 महीने जेल में रहना पड़ा। वे कई महीनों तक भूमिगत भी रहे। उन्हें निर्वाशित जीवन भी व्यतीत करना पड़ा। वीपी कोइरालला नेपाल के ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने 1960 में ही राजशाही की चूले हिलाकर रख दी थी। उनका जीवन अधिकांशत: जेल,निर्वासन और बीमारियों से जूझते हुए बीता। वीपी कोइराला के बाद इनके छोटे भाई गिरिजा प्रसाद कोइराला प्रधानमंत्री हुए। वे नेपाल के चार बार प्रधानमंत्री थे। उन्होंने राजशाही के वक्त का नेपाल और लोकतान्त्रिक नेपाल दोनों को करीब से देखा।

वे 1991 से लेकर 2008 यानि लोकतंत्र बहाली तक नेपाल के प्रधानमंत्री रहे। वे लंबे समय तक पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल का महात्मा गांधी भी कहा गया है। वे स्वर्गीय नरेश वीरेंद्र विक्रम शाह के काफी करीब रहे। वे सदैव ही भारत नेपाल के बीच प्रगाढ़ संबंध के हिमायती रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला का भारत से भी नजदीक का संबंध रहा है। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का मिजाज अपने बड़े भाई वीपी कोइराला से भिन्न रहा। लोकतांत्रिक नेपाल का समर्थक होते हुए भी इनका तेवर राजा के प्रति कभी आक्रामक नहीं रहा। नेपाल की राजनीति में गिरिजा प्रसाद कोइराला के शांति स्वभाव के नाते इन्हें लोग प्यार से गिरिजा बाबू भी कहते थे। गिरिजा प्रसाद कोइराला के बाद 2014 में सुशील कोइराला नेपाल के 37 वें और लोकतान्त्रिक नेपाल के छठवें प्रधानमंत्री हुए। सुशील कोइराला गिरिजा प्रसाद कोइराला के बूआ के लड़के थे। इस तरह इन्हें भी कोइराला परिवार के सदस्य के रूप में जाना जाता है। उनकी पहचान वरिष्ठ राजनितिज्ञ और लोकतान्त्रिक योद्धा के रूप में है। वे पार्टी के अध्यक्ष भी थे।प्रधानमंत्री रहते हुए उनके सादगी चर्चा खूब रही। वे सरकारी खजाने का एक भी पैसा अपनी सुविधाओं पर कभी नहीं खर्च किए। नेपाल के लोगों को उस समय घोर आश्चर्य हुआ जब 2015 में नया संविधान लागू होने के बाद हुए आम चुनाव में उन्हें मौजूदा प्रधानमंत्री व एमाले नेता केपी शर्मा ओली से हार जाना पड़ा। चुनाव हारने के कुछ दिन बाद ही फेफड़े के संक्रमण की वजह से उनका निधन हो गया। सुशील कोइराला का मानना था कि नेपाल जैसे गरीब देश में केवल व्यक्तिगत आजादी और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी ही पर्याप्त नहीं है। वे कहते थे कि लोकतांत्रिक समाजवाद ही नेपाल के पिछड़े पन का समाधान है। कोइराला परिवार के अंतिम शख्सियत सुशील कोइराला के बाद इस परिवार मे राजनीतिक शून्यता जा गई है। आज इस परिवार के एक मात्र सदस्य शेखर कोइराला नेपाल की राजनीति में सक्रिय हैं और नेपाली कांग्रेस में अपनी हैसियत बढ़ाने को संघर्षरत भी हैं। शेखर कोइराला पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के चचेरे भाई हैं। शेखर कोइराला वर्तमान में प्रतिनिधि सभा के सदस्य हैं। नेपाल में मौजूदा ओली सरकार नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# किसान और व्यापारी का साझा भविष्य: राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा





**रोहित अग्रवाल**

राष्ट्रीय लोकदल को अक्सर केवल किसानों की पार्टी कहा जाता रहा है। अतीत में यह धारणा गहरी रही कि किसानों की राजनीति और व्यापारियों के हित अलग-अलग हैं। लेकिन बदलते समय ने यह साबित किया है कि जब तक व्यापार श्रंखला मजबूत नहीं होगी, तब तक किसानों की उपज को उचित मूल्य नहीं मिल सकता और जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक व्यापार भी स्थाई और संतुलित नहीं हो सकता। यही कारण है कि राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी विचारधारा में किसान और व्यापारी दोनों वर्गों को जोड़कर देखने का संकल्प लिया है।

कृषक और व्यापारी, दोनों देश की आर्थिक धुरी हैं। किसान अनाज, सब्जियां, फल और तमाम कृषि उत्पाद पैदा करता है, लेकिन उनका सही मूल्य तभी संभव है जब मजबूत व्यापारिक श्रंखला उपलब्ध हो। भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन जैसी व्यवस्थाएं यदि व्यवस्थित ढंग से होंगी, तभी किसान की उपज अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचेगी और उसे उसका हक मिलेगा। इसी सोच से राष्ट्रीय लोकदल ने व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया है, जिसका उद्देश्य यही है कि व्यापारी वर्ग की मजबूती से किसानों का भी भविष्य सुरक्षित हो।

यह भी सच है कि पिछले वर्षों में चले चौदह महीने लंबे किसान आंदोलन ने किसानों और भारतीय जनता पार्टी के बीच दूरी का एक वातावरण बनाया था। उस दौर में यह संदेश गया कि भाजपा व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है और यह भी कि व्यापारी और किसान के हित आपस में मेल नहीं खाते, लेकिन आज परिस्थितियां बदली हैं। राष्ट्रीय लोकदल इस खाई को भरने का काम कर रहा है। हम किसान और व्यापारी दोनों को साथ लेकर समावेशी नीति तैयार कर रहे हैं। भाजपा भी अब किसानों की जरूरतों को समझते हुए अपनी नीतियों में सुधार कर रही है।

संवाद और सहयोग के इस माहौल ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसान और व्यापारी, दोनों वर्गों का तालमेल ही देश की प्रगति का आधार है। इस समावेशी दृष्टिकोण के सफल परिणाम आने वाले वर्षों में दिखाई देंगे और किसान की स्थिति निश्चित रूप से बेहतर होगी। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार देशभर में औद्योगिक कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे और हाईवे का जाल बिछा रही है। इन परियोजनाओं का लाभ केवल उद्योग जगत को ही नहीं मिलेगा, बल्कि किसान की फसल भी अब सीधे बड़े बाजारों और प्रसंस्करण केंद्रों तक पहुंच सकेगी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के जरिए किसानों के उत्पाद का मूल्य कई गुना बढ़कर उन्हें मिलेगा। राष्ट्रीय लोकदल मानता है कि यह विकास की दिशा दोनों वर्गों के लिए समान रूप से हितकारी है और इसलिए व्यापार व किसान को एक सेतु से जोड़ने का काम हमारा व्यापार प्रकोष्ठ कर रहा है। राष्ट्रीय लोकदल, भारतीय जनता पार्टी की उन नीतियों का समर्थन करता है जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के जरिए भंडारण, बीज, खाद, दवा और कृषि उपकरण गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना इसका उदाहरण है। अब किसान को इनपुट सामग्री भी उसके दरवाजे पर उचित दाम पर मिलेगी और उपज का भंडारण भी गांव में ही संभव होगा। इससे किसान को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और व्यापारी वर्ग को भी पारदर्शी व्यापार व्यवस्था का अवसर मिलेगा। पुरानी धारणा यह थी कि व्यापारी और किसान एक-दूसरे के हितों के विपरीत खड़े होते हैं, लेकिन राष्ट्रीय लोकदल इस सोच को तोड़ रहा है। हमारी विचारधारा कहती है कि जब व्यापारी को अनुकूल माहौल मिलेगा, व्यापारिक संरचना मजबूत होगी, तो वही संरचना किसान के हितों की भी रक्षा करेगी। किसान और व्यापारी एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं।

इसी विचार के साथ राष्ट्रीय लोकदल ने किसान और व्यापारी के साझा भविष्य का खाका तैयार किया है। यह तालमेल केवल राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक समरसता की नई राह है। भाजपा की समावेशी नीतियों और राष्ट्रीय लोकदल की किसान-केन्द्रित विचारधारा के बीच यह सामंजस्य देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। आज जरूरत है कि किसान और व्यापारी एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें। राष्ट्रीय लोकदल इस साझा दृष्टि को लेकर ही काम कर रहा है, जहां किसान की समृद्धि और व्यापारी की प्रगति साथ-साथ चले। यही रास्ता देश की वास्तविक उन्नति की ओर ले जाएगा और यही भारत को विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा।

(लेखक राष्ट्रीय लोक दल व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत-चीन में बातचीत से संबंध मजबूत हुए: डोभाल

## एनएसए ने कहा: दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा है कि भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच पिछले वर्ष हुई बातचीत के बाद से आपसी संबंध मजबूत हुए हैं और इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। डोभाल ने भारत यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ मंगलवार को यहां विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की 24वें दौर की बैठक से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में वांग और उनके साथ आये शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले नौ महीनों में सीमाओं पर शांति और सौहार्द के कारण संबंध और भी मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ महीनों में एक सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। सीमाएं शांत रही हैं।

शांति और सौहार्द कायम रहा है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने गत अक्टूबर में कज़ान में एक नई दिशा स्थापित की, और तब से हमें बहुत लाभ हुआ है। जो नया माहौल बना है, उसने हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद की है जिन पर हम काम कर रहे हैं। विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की इस वार्ता के सफल रहने की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही चीन की यात्रा पर जाएंगे और ऐसे में यह वार्ता और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है।



■ चीन ने माना पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था

उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछली वार्ता की तरह, यह 24वीं विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी उतनी ही सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री जल्द ही एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन जायेंगे और इसलिए, मुझे लगता है कि ये विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। डोभाल ने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का भी उल्लेख किया और कहा कि इस पड़ाव पर भारत और चीन के संबंधों में घनिष्ठता आएगी। विदित हो कि भारत यात्रा पर आए वांग ने सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी। वहीं गलवान में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के पांच वर्ष बाद चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को माना कि पिछले कुछ वर्षो का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था और अब दोनों को आम सहमति बनाकर सीमाओं पर विशिष्ट मुद्दों को सुलझाकर परस्पर विश्वास बढाना चाहिए। भारत ने भी सीमा पर शांति और सौहार्द के कारण संबंधों के मजबूत होने का उल्लेख करते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। सीमा विवाद से संबंधित मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की 24 वीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और चीन के बीच मजबूत और स्थिर संबंध दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करते हैं।

### भारत से कल सीधे पाक जाएंगे चीनी विदेश मंत्री वांग ई

**नई दिल्ली।** भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई तीन दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद बुधवार को यहां से सीधे पाकिस्तान की यात्रा पर जाएंगे जहां वह अपने पाकिस्तानी समकक्ष और उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ वार्ता करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वांग ई 20 से 22 अगस्त तक पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ चीन-पाकिस्तान विदेश मंत्रियों की रणनीतिक वार्ता के छठे दौर की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने चीन और पाकिस्तान को अटूट और सदाबहार मित्र बताते हुए कहा है कि दोनों पक्ष 'व्यावहारिक सहयोग' बढ़ाने के लिए 'गहन संवाद' करेंगे। चीन के विदेश मंत्री की तीन वर्षों में यह दूसरी पाकिस्तान यात्रा होगी।



मुंबई। बारिश के बीच पानी से भरी सड़क से गुजरते लोगों के बीच कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति।

### जॉर्डन सम्राट ने गाजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता की आपूर्ति का किया आह्वान

**अम्मान।** जॉर्डन के सम्राट अब्दुल्ला द्वितीय ने सोमवार को गाजा में तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति का आह्वान किया। रॉयल हाशमाइट कोर्ट ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान सम्राट अब्दुल्ला ने गाजा पर अपने कब्जे को मजबूत करने और वहाँ सैन्य नियंत्रण का विस्तार करने की इजरायल की योजनाओं को जॉर्डन द्वारा अस्वीकार किए जाने की बात दोहराई और चेतावनी दी कि इस तरह के 'एकतरफा कदम' क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने तथाकथित ग्रेटर इजरायल दृष्टिकोण पर इजरायल के बयानों को भी खारिज कर दिया और पश्चिमी तट पर बस्तियों के विस्तार की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करता है और फलस्तीनियों के एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना के अधिकार को कमजोर करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के यूटा में गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारियों की मौत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के यूटा में रविवार रात हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया के अनुसार पड़ोसी ब्रिघम सिटी पुलिस विभाग ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ट्रेमोंटन शहर में घरेलू हिसा के एक मामले में किसी व्यक्ति के कई बार 911 पर कॉल करने के बाद ट्रेमोंटन गारलैंड पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की। रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति बंदूक लेकर बाहर आया और पहले अधिकारी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पहले अधिकारी की मदद करने आए दूसरे अधिकारी को भी उस व्यक्ति ने गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

### तीन दिन की यात्रा पर आज रूस रवाना होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे जहां वह रूस के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डॉ. जयशंकर कि यह यात्रा रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान वह बुधवार को निर्धारित भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे।

### कोलंबिया और पेरू की यात्रा पर जाएंगे पी. कुमारन

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन दक्षिण अमेरिकी देशों कोलंबिया व पेरू की छह दिन की यात्रा पर जाएंगे जहां वह इन देशों के साथ निरंतर बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान कुमारन कोलंबिया व पेरू की सरकारों के मंत्रियों व अधिकारियों से मिलेंगे और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय संदर्भ में पारस्परिक हित के विषयों के अलावा, व्यापार और वाणिज्य, खनन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा, बुनियादी ढांचा, आईटी और डिजिटल क्षेत्रों में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

# रूस-यूक्रेन के बीच फिलहाल सीजफायर नहीं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने की जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग, सीजफायर पर सहमति नहीं बनी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग की। इसमें रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। हालांकि, मीटिंग में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। वहीं, रूसी राष्ट्रपति आफिस (क्रेमलिन) ने बताया कि ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से फोन पर 40 मिनट बात की।

इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने बताया कि ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत के दौरान पुतिन 15 दिन के भीतर जेलेंस्की से मुलाकात को राजी हो गए। मीटिंग के बाद जेलेंस्की ने प्रेस कान्फ्रेंस करके बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डालर (करीब 8 लाख करोड़ रुपये) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा। ट्रम्प ने यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी लेने का संकेत देते हुए कहा है कि अमेरिका यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा। बातचीत से उत्साहित अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन के बीच द्विपक्षीय वार्ता की व्यवस्था करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन को इस बातचीत के दौरान ही फोन किया और आशा व्यक्त कि अब अगली बैठक यूक्रेन, रूस और अमेरिका की त्रिपक्षीय बैठक के रूप में हो सकती है। अमेरिकी सुरक्षा गारंटी को लेकर भले ही संकेत मिले हों लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ये वार्ता किस रूप में होंगी और इनमें विदेशी सैनिकों की तैनाती, संयुक्त हवाई और समुद्री गश्त, खुफिया जानकारी साझा करना या सैन्य सहायता शामिल हो सकती है। अमेरिका, यूरोपीय देशों और यूक्रेन के बीच चल रही बातचीत से उत्साहित यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में हुई यह वार्ता अब तक की सबसे अच्छी वार्ता रही है और वह पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने युद्ध समाप्त करने के लिए आगे की बातचीत से पहले किसी तरह के युद्धविराम की आवश्यकता को खारिज कर दिया, जिसका यूरोपीय नेताओं ने विरोध किया। बैठक में आए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा कि मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि अगली बैठक युद्धविराम के बिना होगी। उन्होंने कहा कि हमें रूस पर दबाव बनाने की कोशिश करनी होगी। व्हाइट हाउस में मौजूद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि वह आज की बैठक के परिणाम से बहुत प्रसन्न हैं, जिसने नेताओं के बीच एकता की सच्ची भावना को प्रदर्शित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उसके बिना नहीं लिया जाना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी युद्धविराम के लिए मर्ज़ की टिप्पणियों को दोहराया लेकिन यह भी कहा कि यूरोपीय सैन्य बलों को ज़मीनी स्तर पर यूक्रेन की मदद करनी चाहिए। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने हालांकि जरा तल्खी से कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी में अमेरिका की भागीदारी के बारे में 'कुछ भी ठोस' नहीं है। जेलेंस्की और पुतिन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि रूसी नेता पर भरोसा नहीं किया जा सकता।



■ ट्रम्प ने पुतिन को फोन किया यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले आठ लाख करोड़ के अमेरिकी हथियार खरीदेगा

### यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगाति हो रही: जेलेंस्की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एवं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सोमवार को व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की के साथ पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उनका मानना है कि पुतिन रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करना चाहते हैं और वह शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन और सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगति हो रही है और उसके द्वारा मांगी गई सुरक्षा गारंटी प्रदान की जाएगी। ज़ेलेंस्की ने कहा कि वह युद्ध को कूटनीतिक तरीके से समाप्त करने के विचार का समर्थन करते हैं और वह त्रिपक्षीय बैठक के लिए तैयार हैं। ट्रम्प ने मीडिया से कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी स्वीकार करने पर सहमत हुए हैं, जो उन प्रमुख बिंदुओं में से एक है जिन पर 'हमें विचार करने की आवश्यकता है,' और कहा कि पुतिन इसका समाधान खोजना चाहते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने मोदी, आरएसएस पर कार्टून बनाने वाले हेमंत मालवीय की अंतरिम राहत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कथित आपत्तिजनक कार्टून बनाने और उसे सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले में इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि मंगलवार को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने अगली सुनवाई तक अंतरिम संरक्षण अवधि बढ़ाते कहा कि उन्हें 10 दिनों के भीतर माफीनामा प्रकाशित करना चाहिए।

पीठ के समक्ष आरोपी मालवीय के अधिवक्ता ने कहा कि वह अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करेंगे। इंदौर के स्थानीय अधिवक्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विनय जोशी ने इस मामले में लसूड़िया थाने में मालवीय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शीर्ष अदालत के समक्ष इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि जांच जारी रहने के कारण पोस्ट को हटाया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मालवीय को सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करने दें और साथ ही वह यह भी वचन दें कि वह दोबारा ऐसा नहीं करेंगे और जांच में सहयोग कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 15 जुलाई को कार्टूनिस्ट को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करते हुए शो और सोशल मीडिया पर आपत्ति. जनक भाषा के प्रयोग की निंदा की थी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 3 जुलाई, 2025 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। न्यायालय ने कहा था कि आवेदक द्वारा इस कार्टून में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ आरएसएस को चित्रित करने का आचरण के साथ ही एक अपमानजनक टिप्पणी का समर्थन, संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सरासर दुरुपयोग है।

■ हेमंत को दस दिन के भीतर माफीनामा प्रकाशित कराना चाहिए: पीठ

## पुतिन ने दी रामफोसा को ट्रम्प से मुलाकात के बारे में जानकारी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को सोमवार को रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पुतिन और ट्रम्प ने अलास्का के एंकोरेज में एक महत्वपूर्ण बैठक की थी।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत के तरीके और शांति प्रक्रिया पर उभरते तालमेल पर संतोष व्यक्त किया। बयान के अनुसार रामफोसा ने पुतिन की ब्रीफिंग की सराहना की और साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच स्थाई शांति स्थापित करने के लिए प्रमुख मुद्दों पर और अधिक समझौते की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने एक बार फिर खुले संवाद बनाए रखने और द्विपक्षीय हितों के मुद्दों पर अपना सहयोग जारी रखने का संकल्प लिया। रामफोसा अन्य अफ्रीकी नेताओं के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता भी कर रहे हैं। ट्रम्प सोमवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और कुछ यूरोपीय नेताओं से मिलने वाले हैं।

### बंडारू विल्सनबाबू तुर्कमेनिस्तान और किशन देवल डोमिनिकल गणराज्य के राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बंडारू विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान और किशन दान देवल को डोमिनिकल गणराज्य का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि मेडागास्कर में भारत के राजदूत विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है और उनके उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इसके अलावा विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव किशन दान देवल को डोमिनिकन गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

## 25% एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर छाया संकट

### 25 लाख लोग गरीब हो सकते हैं प्रभावित, भारतीय रत्नों का 30% ग्लोबल ट्रेड भी खतरे में

**मुंबई।** भारत पर ट्रम्प का टैरिफ 27 अगस्त से दोगुना यानी 50 प्रतिशत होने वाला है। इसको लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान करने वाले सेक्टर्स में डर का माहौल है, क्योंकि आर्डर में भारी कमी के चलते व्यापार का एक बड़ा हिस्सा जल्द ही बंद हो सकता है।

उत्तर प्रदेश के भदोही में कालीन बनाने वाले इश्तियाक अहमद खान ने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ से हम हैरान थे और सोच रहे थे कि इस समस्या का सामना कैसे होगा, लेकिन अब ये 50 प्रतिशत हो गया है, इसे झेलना असंभव है। हमें डर है कि इससे करीब 25 लाख कामगार-मजदूर अपनी जरूरतें पूरी करने में भी सक्षम नहीं रह जाएंगे। भारत में काफी बड़े स्तर पर कालीन का उत्पादन होता है। इसमें से 98 प्रतिशत माल विदेश भेजा जाता है। हाथ से बने टफ्टेड कालीन इस व्यापार का बड़ा हिस्सा है, जबकि पर्शियन स्टाइल के हाथ से बने रग्स या गलीचे (कारपेट) सबसे कीमती हैं। बीते कुछ साल में कालीन और रग्स का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को बेचा गया है। ट्रम्प के टैरिफ के चलते अमेरिका को माल बेचने पर अब 500 डालर के कारपेट पर 125 डालर का टैरिफ लग रहा है, आगे ये 250 डालर तक पहुंच सकता है। इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं। वे सरकार के मुफ्त पांच किलो अनाज पर निर्भर रहते हैं। धागा कातना और रंगना, डिजाइन करना, बुनाई और कालीन की फिनिशिंग करने के काम से उन्हें करीब 15 हजार रुपये महीना अतिरिक्त मिलता है। इश्तियाक कहते हैं सबसे बुरा हाल हमारे हमारे मजदूरों और बुनकरों का होगा। कालीन उद्योग के अलावा भी कई सेक्टर्स पर खतरा है। 7 अगस्त को ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की, तो जेम्स इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष किरीट भंसाली ने लिखा कि भारतीय रत्नों के ग्लोबल ट्रेड का 30 प्रतिशत खतरे में है। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा सप्लायर भारत है।

■ इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं

## इजरायल ने की लेबनान में नई सैन्य चौकी स्थापित

**बेरूत।** इज़रायल की सेना ने सोमवार को दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्र में एक नई सैन्य चौकी स्थापित की। लेबनानी सुरक्षा और स्वास्थ्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने बताया कि यह नई चौकी कफ़र किला गाँव के उत्तरी प्रवेश द्वार पर स्थापित की गई है जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित ब्लू लाइन से लगभग 15 मीटर दूर है। सूत्र ने कहा कि यह एक मिट्टी के अवरोध से घिरा हुआ है, निगरानी उपकरणों और भारी मशीनगनों से लैस है और इसमें एक मर्कवा टैंक भी है। लेबनानी सूत्र ने दावा किया कि यह कदम इज़रायल द्वारा मिस्गाव आम की इज़रायली बस्ती के पास एक चौकी स्थापित करने के एक सप्ताह बाद उठाया गया है। यह लेबनानी क्षेत्र में लगभग 800 मीटर अंदर है। इस बीच लेबनान के जन स्वास्थ्य मंत्रालय के जन स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने एक बयान में कहा कि इजरायली दुश्मन के ड्रोन द्वारा गिराए गए बम से चार लोग घायल हो गए, ये सभी सीरियाई नागरिक थे।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

RŌOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108